अंतर्राष्ट्रीय मासिक शोध पत्रिका

नवीन सामाजिक शोध

वर्ष-10 अंक-3 (कुल अंक 110) मई 2018

R.N.I. M.P.HIN/2009/29572 ISSN-0975-4431

संपादकीय कार्यालय: 25, रूपनगर कालोनी, जे.के. रोड,
भोपाल-462041 (म.प्र.) दूरभाष: 09300279796, 09425704990
Email : naveensamajikshodh@yahoo.com
Website : www.naveensamajikshodh.com

संस्थापक प्रधान सम्पादक
स्व.डॉ.जी.सी. सक्सेना

❖

प्रधान सम्पादक
राजेन्द्र सक्सेना

❖

प्रबंध संपादक
अभिजीत सक्सेना

❖

संपादक
श्रीमती सविता सक्सेना

❖

उपसंपादक
डॉ.संजय अग्रवाल (चिकित्सक)
डॉ. संतोष धुर्वे (समाजशास्त्री)
डॉ. विजय दुबे (वाणिज्य) ग्वा.

❖

वरिष्ठ शोध अधिकारी
डॉ. अनुपमा सुरेश

❖

शोध अधिकारी
डॉ. ममता दुबे ग्वालियर

❖

सलाहकार संपादक
राजेश सक्सेना

❖

विदेशों में क्षेत्रीय कार्यालय: (विदेशी विषय विशेषज्ञ संपादक)

1. डॉ. राम भारद्वाज चिकित्सक
पो.बॉ. नं. 361, पोस्टल कोड नं. 319, सहम सुलतानेट ऑफ ओमान

2. प्रो. डॉ. सुधाकर कोटा (अर्थशास्त्री)
प्रोफेसर इकोनोमिक्स एण्ड मार्केटिंग,स्काईलाईन,युनिवर्सिटी शारजाह यूएई

3. कविता शुक्ला असिस्टेंट प्रोफेसर
111, शेख रसीद बिल्डिंग, शेख जायद रोड, यू.ए.ई. दुबई

4. डॉ. उमेश रस्तोगी, लंदन

5. डॉ. प्रिन्स डेविड दंत चिकित्सक
11, अेलब्रेस्ट एवेन्यू, माउंट रास्किल, ओकलैण्ड 1041, न्यूजीलैण्ड

6. श्री सजग चतुर्वेदी, स्टेनफोर्ड, यूनिवर्सिटी थाईलैण्ड

7. श्रीमती ऋति चतुर्वेदी, कनाडा

8. श्रीमती प्रतिभा, कनाडा

सहयोग राशि - देश में: साधारण अंक 50/-वार्षिक: 500/-
आजीवन सदस्यता: 5000/
विदेशों में: साधारण अंक: 9 डॉलर, वार्षिक: 90 डॉलर
सारे भुगतान (मनीआर्डर/चैक/ड्रॉफ्ट) नवीन सामाजिक शोध के नाम से किए जावेंगे।
चैक से भुगतान करने पर रू. 30-अतिरिक्त भेजें।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक-राजेन्द्र सक्सेना द्वारा एम.आई.आफसेट वर्क्स, 91, रशीदिया स्कूल के पास, बरखेड़ी, भोपाल-8 द्वारा मुद्रित एवं 25, रूपनगर कालोनी, जे.के. रोड, भोपाल-462023 (म.प्र.) से प्रकाशित। संपादक-श्रीमती सविता सक्सेना

सभी लेखों में लेखकों के अपने मौलिक विचार है। संपादक अथवा संपादक मंडल का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं हे। हमारा संपादक मंडल पूर्णत अवैतनिक एवं अव्यावसायिक है। विवाद की स्थिति में सभी विवादों का न्यायक्षेत्र भोपाल रहेगा।

International Research Journal | अंतर्राष्ट्रीय मासिक शोध पत्रिका | ISSN-0975-4431

नवीन सामाजिक शोध

इस अंक में

1. सरकार में विपक्ष की भूमिका.....डॉ. अनुपमा रावत - 6
2. शिक्षा छोड़ते बच्चे.....राममणि द्विवेदी - 11
3. औद्योगीकरण और बाल श्रमिक.....डॉ. नीलिमा चटर्जी - 15
4. तेजी से पलायन श्रमिक शहर की और.....डॉ. इन्दिरा बर्मन - 20
5. बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर एक अध्ययन.....श्री हरीराम - 24
6. मध्यप्रदेश के पत्रकारों की सामाजिक आर्थिक दशा.....अनवर खान मंसूरी - 32
7. गोंड जनजाति में गतिशिलता (सामाजिक पहल).....श्रीमती अंजली गढ़वाल - 42
8. जहाँक़दर चुग़ताई के गीत.....डॉ. कु. मुबश्शिरह अरह अंसारी - 49
9. जहाँक़दर चुग़ताई के बच्चों की नज़में.....डॉ. कु. मुबश्शिरह अरह अंसारी - 54
10. उर्दू, अरबी, फारसी ज़बान का बाहम रिश्ता.....डॉ. कु. मुबश्शिरह अरह अंसारी - 60
11. शासकीय प्राथमिक शालाओं में नामांकन में गिरावट .....पवन कुमार शर्मा - 64
12. कक्षा 10वीं में अध्ययनरत विद्यार्थियों का गणित विषय .....प्रतिभा जायसवाल - 69
13. Study of Common Mistakes in Mathematics.....Dr. Ashwani Kumar Garg - 74
14. Developement and synthesis .....Santosh Kumar Dakhle - 85
15. Cyclisation of 1-(2-Hydroxyphenyl)-2.....Santosh Kumar Dakhle 89
16. Improvement in HPLC method for .....SubhashRam Dawar 93
17. Improvement of purification in HPLC.....SubhashRam Dawar 97
18. मुस्लिम अल्पसंख्यक महिलाओं की राज्य की राजनीति.....तबस्सुम 101

सलाहकार मंडल

- **प्रो. डॉ. आई.एस. चौहान,** पूर्व कुलपति, बरकतुल्लाह एवं भोज विश्वविद्यालय, भोपाल-म.प्र. । फोनः 0755-2424777

- **प्रो. डॉ. विनोद पी. सक्सेना,** पूर्व कुलपति, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर म.प्र. । फोनः 0755-2628055

- **प्रो. डॉ. संतोष कुमार श्रीवास्तव,**
  पूर्व कुलपति, डॉ. हरिसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर-म.प्र. ।

- **प्रो. डॉ. राजपाल सिंह,** सदस्य, सलाहकार यूजीसी (उच्च शिक्षा) भारत सरकार । मो. 9425028689

- **एम.आर.एम. श्रीवास्तव,** पूर्व प्राचार्य मोतीलाल विज्ञान महाविद्यालय भोपाल मध्यप्रदेश । मो. 9826286410

संपादक मंडल

- **प्रो. संजय एस. अग्रवाल,** विभागाध्यक्ष, पीपुल्स मेडीकल कालेज
- **प्रो. अलका डेविड, विभागाध्यक्ष,** गृह विज्ञान, शा.सरोजनी नायडू कालेज,
- **प्रो. अरविंद चौहान,** बरकतउल्लाह विश्वविद्यालय, भोपाल।
- **प्रो.आर.शंकर,** विभागाध्यक्ष समाजशास्त्र, भारतीदर्शन विश्वविद्यालय, तिरूचरापल्ली-तमिलनाडु (620024)।
- **प्रो.परवेज अहमद अब्बासी,** विभागाध्यक्ष, समाजशास्त्र विभाग, वी.एन.एस.जी. विश्वविद्यालय सूरत गुजरात,।
- **प्रो.डॉ. कामिनी जैन,** प्राचार्य शास. स्नातकोत्तर, महाविद्यालय, पिपरिया
- **प्रो. आभा चौहान,** विभागाध्यक्ष समाजशास्त्र विभाग, जे.एण्ड के.।
- **डॉ. वंदना बक्शी,** सहायक प्राध्यापक, अंग्रेजी विभाग एक्सीलेंस कालेज, कोलार रोड, भोपाल।
- डॉ. दिनेश परमार, अनुवांशिकी विभाग, ब.वि., भोपाल।
- डॉ. आरती श्रीवास्तव, सहायक प्राध्यापक, समाजशास्त्र विभाग शासकीय कॉलेज नसरूल्लागंज।
- डॉ.जितेन्द्र कुमार, एसोसिएट प्रोफेसर, फैकल्टी आफ कामर्स एंड मैनेजमेंट,
- जी.जी.डी.एस.डी. (पीजी) कालेज, पलवल।
- डॉ. अनुपमा सुरेश, सहायक प्राध्यापक, भेल कॉलेज, भोपाल।
- डॉ. विपिन व्यास, व्याख्याता, बायोसाइंस, ब.वि., भोपाल।
- श्री अजय बिसारिया,व्याख्याता, हिंदी विभाग, अ.मु.वि.,अलीगढ़-उ.प्र.।
- डॉ. संदीप कुमार मल्होत्रा, विभागाध्यक्ष गणित बेनजीर कॉलेज, म.प्र.
- डॉ. विश्वनाथ मिश्रा, पूर्व प्राचार्य (समाजशास्त्र) कालीचरन पी.जी. कालेज, लखनऊ
- इंजि. रोहन गुप्ता, एम-2/5, बी.डी.ए. कालोनी, लालघाटी, भोपाल
- डॉ. अमित कुल्हार, जिला पंचायत भोपाल
- फ़रह ज़िया, हिंदी विभाग अलीगढ मुस्लिम विश्वविद्यालय अलीगढ़।
- तनवीर कुरैशी, नवीन सामाजिक शोध, भोपाल।

सम्पादकीय

कविवर रबीन्द्रनाथ टैगोर ने ताजमहल का अमलिन, श्रांति-क्लान्तिहीन, सौन्दर्यदूत कहकर अभिनंदन किया है। अंग्रेजी के रोमांटिक कवि जॉन कीट्स ने कहा है—'अ थिंग ऑफ़ ब्यूटी इज अ जॉय फॉर एवर।' सुन्दरता के सिरमौर इसी अमलिन ताज की सुकोमल, धवल, सुच्चिकण काया बीमार हो रही है। धुएं और धूल से उसका रंग काफी समय से पीला हो रहा था, लेकिन कई जगह अब हरा भी नजर आने लगा है। फफूंदी और हरे कीड़े उसकी निष्कलंक देह पर आ चिपके हैं। दीवारों पर जगह-जगह शैवाल (काई) उग आई है। ताजमहल मुहब्बत का मुकाम है। वह संगमरमर में समाया हुआ हसीन ख्वाब है। जहान में भला ऐसा कौन है जो इश्क से इनकार कर सके! आसमान में सिर ऊंचा करके बुलंद मीनारें कभी खत्म न होने वाली इनसानी उल्फत का पैगाम देती हैं। उसकी चाहत तमाम मजहबी रुकावटों से परे है। आज वह बेहाल है तो जाहिर है, यह सारी दुनिया के लिए फिक्र की जरूरी वजह है। अगर अदालत खीझती है तो वह जायज और मुनासिब है। पुरातत्व विभाग ने कहा कि यमुना में पानी न के बराबर रह गया है और गंदगी बेशुमार है। ताजमहल की दीवारों पर कीड़े इसी वजह से हैं क्योंकि पहले मछलियां इन कीड़ों को खा लेती थीं तो अदालत ने पूछा कि क्या ये कीड़े उड़कर या सीढ़ियां चढ़कर वहां पहुंच गए? पत्थरों पर लगी काई को लेकर भी सवाल किया गया और विभाग के वकील ने जवाब में कहा कि नदी में पानी की कमी होगी तो यह समस्या बनी रहेगी। इस पर बिफर कर जजों ने पूछा कि क्या काई उड़ सकती है और फिर खुद ही जवाब दिया कि 'अगर आपने (पुरातत्व विभाग) अपने काम को सही तरीके से अंजाम दिया होता तो ऐसे हालात नहीं होते।' मकबरे की रंगत बदलने की वजह भी कुछ इसी तरह बताई गई। विभाग के वकील ने कहा 'एक तो बहुत बड़ी तादाद में सैलानी आते हैं और दूसरे उनके मोज़े गंदे होने के कारण यह परेशानी है।' इस पर अदालत ने यहां तक कह दिया कि क्यों न पुरातत्व विभाग से देखभाल का काम छीन लिया जाए? उसने सरकार से कहा कि वह विदेशी विशेषज्ञों को यह जिम्मेदारी सौंपने पर विचार करे।ताजमहल जैसी ऐतिहासिक धरोहर का शक्ल और सूरत में बिना बदलाव रखरखाव आसान बात नहीं है। यह बड़ी चुनौती है, इसके लिए खास तौर से माहिर लोगों की मदद, पक्का इरादा, कल्पना शक्ति एक साथ चाहिए। अदालत ने 157 साल से इस स्मारक का रखरखाव कर रहे पुरातत्व विभाग को उचित ही फटकार लगाई है, लेकिन क्या निजी हाथों में उसकी उचित देखभाल मुमकिन होगी। दिल्ली का लाल किला निजी हाथों में सौंपा जा चुका है और अब ताजमहल को देने की तैयारी चल रही है। दो बार पहले भी ऐसी कवायद की जा चुकी है, जब टाटा समूह ने यह जिम्मेदारी सम्भाली थी, लेकिन नाकामी हाथ लगी। आखिर क्या वजह है कि चार सदी से हमारी कला, संस्कृति और इतिहास की पहचान बनकर खड़ी एक बेमिसाल धरोहर के पाषाण हाहाकार कर रहे हैं। देश में आने वाले सैलानियों का पहला मुकाम ताजमहल होता है। सरकार उससे भरपूर राजस्व कमाती है और एक पूरा शहर रोजी-रोटी के लिए उस पर निर्भर है। तब भी क्या हम उसे सहेज पाने में समर्थ नहीं हैं।

International Research Journal | अंतर्राष्ट्रीय मासिक शोध पत्रिका | ISSN-0975-4431

सरकार में विपक्ष की भूमिका

डॉ. अनुपमा रावत
प्राचार्य
इन्दिरा गांधी प्रियदर्शिनी कॉलेज, खानू गांव, भोपाल

भारतवर्ष के निर्माण के समय, यहाँ की व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाने हेतु संविधान सभा द्वारा संसद का प्रस्ताव रखा गया, जो की हर देश में होती है नीतिगत फैसलों के लिए! हमारी संसद भी विश्व की सर्वाधिक मजबूत, शशक्त व निर्णायक सांसदों में से एक है ! ये संसद जिसमे भारत की जनता का जनता द्वारा चुने गयी प्रतिनिधि , प्रतिनिधित्व करते हैं, कुछ अहम् मुद्दों पर बहस करते हैं, और जो बातें जनता के हित में होती हैं उनके लिए आवश्यक कानून या प्रस्ताव पारित करते हैं

परन्तु पिछले कुछ समय से ये एक प्रचलन बन गया है बहस चाहे कितनी भी हो, मुद्दे वही पारित होंगे जो सरकार चाहेगी

जो पार्टियाँ सत्ता में होती हैं , वो ते सोचती हैं की जनता ने उन्हें सरकार बनाने के लिए चुन कर भेजा है तो वो अब देश के विधाता बन गए हैं इन्हें जरा भी परवाह नही होती की विपक्ष में जो लोग बैठे हैं, वो भी जनता द्वारा ही चुन कर आये हैं, और जनता का ही प्रतिनिधित्व कर रहे हैं फर्क बस कुछ सीटों का है या बहुमत का है कुछ सरकारें तो अपने निजी स्वार्थ या अपनी महत्ता सिद्ध करने के उद्देश्य से निराधार कानूनों में संसोधन या नए नियम पारित कराती हैं कोई सरकार आती है तो टाडा कानून लाती है , तो दूसरी सरकार पोटा विधेयक ! फिर जब पहली सरकार आती है तो वो पोटा समाप्त करती है इसमें जनता के हित का कितना ध्यान रखा जाता है ये तो मेरी समझ से परे है, हां अनावश्यक रूप से बार बार नियमो में संसोधन व बहसबाजी से देश का कितना पैसा व समय ये प्रतिनिधि बर्बाद करते हैं ये एक अँधा व्यक्ति भी आंकलन कर सकता है और ये तय है की जब दुबारा से फिर कभी विपक्ष सत्ता पक्ष में आएगा तो इन मुद्दों पे फिर से बहस होगी और संसोधन या निरस्त किये जाएँगे पुराने कानून।

क्यों न एक ही बार कोई ऐसा कानून बना दिया जाए जिससे की बार बार इन नियमो में संसोधन या निरस्तीकरण का अधिकार किसी स्थायी समिति के हाथो में आ जाए हाँ हमारी संसद प्रस्ताव रख सकती हो, लेकिन निर्णय दोनों पक्षों की सहमती तथा जनता के हितों को ध्यान में रख कर हो कानून बनाने की स्थायी समिति हर एक चीज का अध्ययन करे तथा जो सुझाव उसके हो उन पर बहस कर सकते हैं परन्तु ऐसी निरर्थक बहस नहीं होनी चाहिए की रोज रोज संसद स्थगित करनी पड़े हमेशा ऐसा नही होना चाहिए की आप सत्ता पक्ष में हैं तो विपक्ष की हर बात से बैर मन के बैठ जाए सुने उनकी

बात और देश हित में विचार करे न की स्वहित में लोकतांत्रिक संसदीय व्यवस्था में बहुमतवाला दल शासन सँभालता है, अन्य दलों के सदस्य सत्तारूढ़ दल के कार्यकलापों की आलोचना करते हैं। सरकार बनने के बाद जो दल शेष बचते हैं, उनमें सबसे अधिक सदस्योंवाले दल को 'विरोधी दल' कहा जाता है।

सत्तारूढ़ दल के सदस्य अपने दल की आलोचना प्रायः नहीं करते, परंतु विपक्ष बिना किसी भय के सत्तारूढ़ दल की कमियों पर प्रकाश डालता है। समय-समय पर काम रोको प्रस्ताव, मत-विभाजन की माँग और ध्यानाकर्षण प्रस्ताव द्वारा सरकार के कार्यों में रुकावट पैदा करता है ।

इन सबका उद्देश्य सरकार की नीतियों और कार्यों के औचित्य-अनौचित्य के प्रति जनता का ध्यान आकर्षित करना होता है । यह कथन सत्य है, 'प्रतिपक्ष अंधी सरकार की आँख' है । प्रतिपक्ष की इस भूमिका से सरकार शासन में मनमाना नहीं कर पाती । विपक्ष की आलोचना की अनदेखी करने से जनता के सम्मुख सरकार की छवि बिगड़ने का डर बना रहता है ।

अतः सरकार प्रत्येक विधेयक को सदन में प्रस्तुत करने से पूर्व विपक्ष के रुख पर विचार करती है । इस प्रकार प्रतिपक्ष सरकार की अंधी चाल पर अंकुश लगाता है । जैसे सत्ता पक्ष की कार्यप्रणाली राष्ट्रहित से प्रेरित होनी चाहिए ठीक उसी प्रकार प्रतिपक्ष की आलोचना का लक्ष्य भी राष्ट्रहित होना चाहिए ।

वस्तुतः विरोधी दल सत्तारूढ़ दल के कार्यों का पूरक है, न कि जानी दुश्मन । भारतीय संसद् में ऐसे उदाहरण भी मिलते हैं जबकि विपक्षी दल की रचनात्मक आलोचना के कारण सरकार ने अपने विधेयक को स्वयं वापस ले लिया है । जो मैं कह रहा हूँ वही ठीक है, परंतु संभव है कि वह ठीक न हो और विरोधी जो कह रहा है, वह ठीक हो लोकतांत्रिक शासन प्रणाली का यही आदर्श है ।

कभी-कभी यह देखा जाता है कि सत्तारूढ़ दल सत्ता के मद में इतना चूर हो जाता है कि वह 'अधिनायकवादी' बन जाता है । ऐसी विकट परिस्थिति में प्रतिपक्ष अपनी तीव्र आलोचना से देश को अधिनायकवादी प्रवृत्तियों से बचाता है ।

कभी किसी मामले के संबंध में सरकार की जानकारी अधूरी रहती है और प्रतिपक्ष सत्य की गहराई तक पहुँचकर सदन में रहस्योद्?घाटन करता है । इससे सरकार को अपनी भूल सुधारने का मौका मिलता है । इस प्रकार संसदीय प्रणाली में प्रतिपक्ष की भूमिका का महत्त्व निर्विवाद है ।

भारत में प्रारंभकाल में विपक्ष प्रबल नहीं था । सन् 1956 में केवल तीन मान्य विरोधी दल थे-साम्यवादी दल, समाजवादी दल और भारतीय जनसंघ । शनै-शनै विपक्षी दलों की संख्या बढ़ती गई, जैसे-लोकदल, समाजवादी पार्टी, बहुजन समाज पार्टी, डी.एम.के. ए.डी.एम.के. जनता पार्टी, राष्ट्रीय जनता दल, भारतीय जनता पार्टी आदि ।

जनता सरकार के अल्प कालावधि को छोड़ आरंभ से आज तक केंद्र में कांग्रेस का ही शासन रहा है और अन्य दल विपक्षी दलों की भूमिका निभाते रहे हैं । भारतीय संसद् का सौभाग्य रहा कि विपक्षी दलों में डी. राममनोहर लोहिया, भूपेश गुप्त, एच.बी, कॉमथ जैसे उच्च कोटि के सांसद रहे, जिन्होंने समय-समय पर सरकार की आँखें खोलने के साथ ही जनता-जनार्दन को भी जाग्रत् किया था ।

मगर आज की स्थिति इसके विपरीत है, विपक्षी दलों में वैचारिक भिन्नता बढ़ गई है । प्रतिपक्ष की भूमिका निभानेवाले दलों में वैचारिक एकता का अभाव है । जो भी हो, कुल मिलाकर भारतीय संसद् में प्रतिपक्षीय दल की भूमिका ही उचित

रही है ।

कांग्रेस पार्टी के आपातकालीन शासन के विरुद्ध विपक्षी दलों का मोरचा देश-हित में सफल रहा था । लोकतंत्र की सफलता के लिए पक्ष और विपक्ष, दोनों को समन्वयवादी दृष्टिकोण अपनाना चाहिए । पक्ष और विपक्ष को एक-दूसरे का पूरक होना चाहिए न कि विरोधी। विपक्षी दलों को चाहिए कि वे लोकहित को सर्वोपरि मानकर सत्तारूढ दल को सही दिशा में अग्रसर करें तथा पक्ष को भी चाहिए कि प्रतिपक्ष के सुझावों का सम्मान करे ।

अभी भारत में लोकतंत्र युवावस्था में है। दलों की भीड़- भाड़ लोकतंत्र के स्वस्थ विकास का लक्षण नहीं है। दलों के सिद्धांतों में सांप्रदायिकता, क्षेत्रीयता, धर्म-जाति-संस्कार होना दुर्भाग्यपूर्ण है । दीर्घकाल से शासन पर काबिज रहने के कारण कांग्रेस पार्टी में भी शिथिल प्रवृत्तियों का प्रवेश हो चुका है । ऐसी दुर्व्यवस्था में मजबूत विपक्षी दल ही राष्ट्र का हितचिंतक बन सकता है ।

क्या लोकतंत्र में विपक्ष का होना भी उतना ही जरूरी है जितना सरकार का होना? किसी काम को पूरा करने की जवाबदेही तो सरकार की होती है, तो फिर विपक्ष की क्या जरूरत है? क्या विपक्ष का काम सिर्फ सरकार की हर नीति का विरोध करना है।

सारे कार्यों पर निगरानी

लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत जनता इस देश की असली मालिक होती है जिसे बहुत सारे सेवकों की जरूरत होती है। वैसे तो बहुत सारे वेतनभोगी सेवक सरकारी अफसर व कर्मचारी के रूप में उनकी सेवा करने तथा उन्हें हर जरूरी सुविधा देने के लिये स्थायी रूप से अपनी पूर्णकालिक सेवा दे ही रहे हैं परन्तु उन स्थायी सेवकों से पूरी सेवा प्राप्त करने तथा उनकी गलतियों पर नजर रखने के लिये जनता अलग से अपने प्रतिनिधियों (सेवकों) का 5 साल के लिये चयन करती है जो जन प्रतिनिधि कहलाते हैं।

इस तरह से जनता द्वारा चुने गये ये जनता के प्रतिनिधि आपस में दो समूहों में बंटे होते हैं। एक बड़ा समूह जिनके पास आधे से ज्यादा सदस्यों का समर्थन होता है, वह सत्ताधारी समूह या दल कहलाता है जबकि बाकी बचे सदस्य व दल दूसरे समूह (सरकार विरोधी समूह) में होते हैं। इस समूह के दल व सदस्यों को विरोधी दल का कहा जाता है।

पहला समूह बहुमत में होने के कारण सरकार बनाता है। इस समूह में कभी एक दल या कभी अलग-अलग दल एक साथ मिलकर बहुमत का आंकड़ा पूरा करते हैं। इस समूह का जो नेता होता है, वह केंद्र में प्रधानमंत्री तथा राज्य में मुख्यमंत्री बन जाता है जो अपनी सरकार का मुखिया कहलाता है।

इसके अलावा सरकार के विभिन्न विभागों के संचालन के लिए अलग-अलग मंत्री होते हैं जो प्रधानमंत्री या मुख्यमंत्री के अधीन होते हैं। ये सभी मंत्री अपने-अपने विभागों के प्रति सरकार की ओर से पूरा जवाबदेह होते हैं। अपने विभागीय अफसरों या कर्मचारियों के सहयोग से अपने विभाग का सफलतापूर्वक संचालन करना इनकी जिम्मेवारी होती है।

इसके अलावा दूसरा समूह है जो सत्ता से अलग होता है। इस समूह में आने वाली सारी पार्टियां विपक्षी पार्टियों के नाम से जानी जाती है। ये सरकार के सारे कार्यों पर निगगरानी रखती है, समीक्षा करती हैं तथा सरकार की गलत नीतियों का विरोध करती हैं।

जनहित सर्वोपरि

कई बार सरकार द्वारा ऐसा कार्य भी किया जाता है या निर्णय लिया जाता है तो जनता के हितों के अनुरूप नहीं होता। ऐसे में विपक्ष द्वारा चुप रह जाना एक तरह से सरकार का मौन समर्थन करना होता है। फिर देश के असली मालिक जनता की अदालत में दोनों ही बराबर के गुनहगार माने जाते हैं क्योंकि सरकार के किसी भी गलत निर्णय का विरोध करना उनका नैतिक कर्तव्य है।

जनप्रतिनिधियों के इन दोनों समूहों को जनता द्वारा अलग-अलग तरह की जिम्मेवारी दी गयी है। आम जनता की सारी सुख सुविधाओं तथा जरूरतों का ध्यान रखना तथा अन्तर्राष्ट्रीय मंच पर देश की गरिमा को कायम रखना सरकार की जवाबदेही है जबकि विपक्ष का काम सरकार को ऐसा करने से रोकना जो जनता के हित में अनुकूल न हो तथा विश्व मंच पर हमारे देश की मर्यादा को किसी प्रकार की ठेस पहुंचाये। साथ ही सरकार को अपना कोई भी फैसला लेते समय इस बात को पूरी तरह से ध्यान रखना चाहिये कि उनके इस फैसले का देश की आम जनता पर अच्छे और बुरे असर क्या-क्या हो सकते हैं जबकि विपक्ष का काम सरकार के किसी गलत निर्णय से होने वाले दुष्परिणामों से सरकार तथा आम जनता दोनों को आगाह करना है।

अगर इसके बावजूद सरकार अपना अड़ियल रूख छोड़ने को तैयार न हो तो विपक्ष सदन के भीतर और बाहर अपना विरोध प्रकट कर सकता है। विपक्ष को यह अधिकार है कि अगर सरकार जनहित की भावनाओं को अनदेखी करते हुए कोई नीतिगत फैसला लेती है तो वह सदन में सरकार से उस पर बहस की मांग कर सकता है। इसके अलावा जरूरत पड़ने पर सरकार को रोकने के लिये सदन के भीतर कार्य-स्थगन प्रस्ताव ला सकता है।

इसके अलावा विश्व लोकतांत्रिक तरीके से जन-जागरुकता अभियान चलाकर आम जनता को सरकार की सच्चाई बताकर उसे सरकार के विरुध्द खड़ा कर सकता है। विपक्ष चाहे तो धरना, प्रदर्शन, घेराव आदि के माध्यम से सरकार के विरुध्द जन-आंदोलन चला सकता है। इस तरह से वह सरकार को अपना जन-विरोधी निर्णय वापस लेने के लिये मजबूर कर सकता है।

सरकार के साथ हुई बहुत सारी मजबूरियां होती हैं। सरकार अपने कई फैसले मजबूरी में लेती है परन्तु विपक्ष कभी मजबूर नहीं होता। उसे अपनी सत्ता हाथ से जाने या अपने किसी सहयोगी दलों या नेताओं के नाराज होने का कोई डर नहीं रहता, इसलिए उसे जनहित में बोलने से कोई रोक नहीं सकता।

सरकार कई बार अपने किसी स्वार्थ में राष्ट्रीय सुरक्षा को अनदेखा करके भी कोई निर्णय लेना चाहती है परन्तु विपक्ष ऐसे समय में चुप नहीं बैठ सकता। वह सरकार को रोकने के लिये हर संभव कोशिश कर सकता है क्योंकि वह मजबूर नहीं है और ऐसा करके वह अपने मालिक यानी जनता द्वारा सौंपी गयी विपक्ष के रूप में मिली अपनी जवाबदेही को निभाकर अपने कर्तव्यों का सही अर्थों में पालन कर सकता है। ऐसा करना उसका नैतिक कर्तव्य है।

परन्तु इसका मतलब यह कतई नहीं होता कि विपक्ष का काम सरकार के सही गलत सभी फैसले का सिर्फ विरोध करना है। अगर सरकार कोई ऐसा काम करना चाहती है जो जनता के हितों के अनुरूप है तो ऐसे समय में विपक्ष को उसका विरोध करने के बजाय सहयोगात्मक रूख अपनाना चाहिये। इस तरह से वह एक आदर्श विपक्ष की परंपरा को कायम कर सकती है।

देश की आम जनता अब काफी समझदार हो चुकी है और 5 साल बाद यह बाजी फिर से उसी के हाथों में होती है। वह

सरकार और विपक्ष दोनों किरदारों के अभिनय का सही से मूल्यांकन कर फिर तय करती है कि कौन से किरदार वास्तव में किस लायक हैं या किसी नये किरदारों को आगे आने के अवसर दिया जाय।

सन्दर्भ

"Salary and Allowances of Leaders of Opposition in Parliament Act, 1977. Ministry of Parliamentary Affairs, Government of India. Archived from the original on 16 January 2010. https://web.archive.org/web/20100116211914/http://mpa.nic.in/actopp.htm. अभिगमन तिथि 1 October 2012.

Parliament Of India. Legislativebodiesinindia.nic.in. Retrieved on 2014-05-21.

http://www.thehindu.com/news/national/new-house-cannot-have-opposition-leader/article6034355.ecz

International Research Journal | अंतर्राष्ट्रीय मासिक शोध पत्रिका | ISSN-0975-4431

शिक्षा छोड़ते बच्चे

राममणि द्विवेदी (शिक्षा संकाय)
प्राचार्य काल्याणिक केन्द्रीय शिक्षा निकेतन महाविद्यालय अमरकंटक,
जिला अनूपपुर

शिक्षा का अधिकार कानून के बनने और मिड-डे मील योजना के लागू होने के बाद भी बीच में ही पढ़ाई छोड़ देने वाले बच्चों की संख्या बहुत ज्यादा है। लगभग दो तिहाई बच्चे प्राथमिक शिक्षा पूरी होने से पहले ही स्कूल छोड़ देते हैं।

बच्चे जो पढ़ाई छोड़ देते हैं

सरकारी आंकड़ों के मुताबिक़ भारत में हर साल अलग-अलग कारणों से तकरीबन 8 करोड़ बच्चे स्कूल नहीं जाते। वहीं बहुत से बच्चे अपनी प्राथमिक स्तरर की पढाई पूरी नहीं कर पाते हैं.

भारत सरकार एक नयी शिक्षा नीति लाने का प्रयास कर रही है जिसमे वंचित समुदाय के बच्चों के लिए विशेष प्रावधान किये जायेंगे। मगर इसमें किसी समुचित मॉनिटरिंग मेकनिज़्म का न होना भी एक अन्य चिंताजनक तथ्य है। मानवाधिकार पर काम करने वाली अंतर्राष्ट्रीय संस्था हयूमन राइट्स वॉच की सन 2015 में आयी रिपोर्ट मिलियंस ऑफ़ इंडियन चिल्ड्रन डिनाइड स्कूल एजुकेशन ड्यू टू डिस्क्रिमिनेशन (भेदभाव के कारन शिक्षा से वंचित लाखों भारतीय बच्चे) भारत में व्याप्त विषमता और उससे होने वाली मुश्किलों पर प्रकाश डालती है।

जातिगत भेदभाव की चुनौती

यह रिपोर्ट बताती है कि पटना की दस साल की मुसहर लड़की मधु को जाति के कारण स्कूल से निकाल दिया गया. इस घटना का संज्ञान लेते हुए राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयो ने मधु समेत पचास अन्य दलित बच्चों को पड़ोस के सरकारी स्कूल में प्रवेश दिलवाया।

रिपोर्ट आगे कहती है कि सरकार द्वारा केवल यह सुनिश्चित करना कि सभी को शिक्षा मिल सके पर्याप्त नहीं है। वंचित समुदायों से आने वाले बच्चों को स्कूल में रखने और उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा देने के प्रयास किये जाने चाहिए।

शिक्षा में शून्य भेदभाव का लक्ष्य

शक्षा में शून्य-भेदभाव की बात करती है। नई शिक्षा नीति में दिव्यांग बच्चों पर और ज़्यादा ध्यान दिए जाने की आवश्यकता है, शिक्षा का उद्देश्य लर्निंग ऑउटकम तक ही सीमित नहीं होना चाहिए।

सरकार को सभी को उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा प्रदान करने के लिए सतत प्रयास करने की जरुरत है. ताकि मधु जैसे तमाम बच्चे अपने सपनो को साकार कर सकें।

आशीष और एलेक्सी का कहना है कि इस समय भारत में युवाओं की संख्या ज़्यादा है जो भविष्य में एक नए आयुवर्ग में प्रवेश करेंगे, जिसके कुछ अन्य आयाम और चुनौतियाँ होंगी। ऐसे में उन चुनौतियों के समाधान पर ध्यान देने की जरूरत

आने वाले समय में भी बनी रहेगी।

प्राइमरी शिक्षा में दाखिले को लेकर भारत का आंकड़ा बेशक सुनहरा है लेकिन आगे चलकर यही आंकड़ें बदरंग हो जाते हैं. यूनेस्को की रिपोर्ट में बताया गया है कि पांचवी के बाद बच्चे तेजी से स्कूल छोड़ रहे हैं

भारत सरकार के अपने आंकड़े भी कमोबेश यही बताते हैं और कुछ स्वयंसेवी संस्थाओं की रिपोर्टें भी बताती हैं कि शैक्षिक ढांचे में ऐसी कई गड़बड़ियां निहित हैं जो हालात सुधरने नहीं देतीं. संयुक्त राष्ट्र की सांस्कृतिक और शैक्षणिक मामलो की एजेंसी यूनेस्को के सांख्यिकीय कार्यालय और ग्लोबल एजुकेशन मॉनिटरिंग रिपोर्ट के एक ताजा संयुक्त अध्ययन में पाया गया है कि भारत में करीब पांच करोड़ बच्चे अपर सेकेंडरी स्कूल तक पहुंच नहीं पाते हैं. यानी छठी, सातवीं और आठवीं की पढ़ाई पूरी नहीं कर पाते. वैश्विक स्तर पर, स्कूल से वंचित रह जाने वाले किशोरों की सबसे अधिक संख्या भारत में ही है.

2014 में यूनेस्को की रिपोर्ट ने भारत को सबसे निरक्षर देश आंका था. 2015 में देश का सकल नामांकन अनुपात (जीईआर) महज साढ़े 23 प्रतिशत था जबकि साक्षरता दर थी 74 फीसदी से ज्यादा. देश में प्राइमरी और सेकेंडरी स्तर की शिक्षा पर अपने शोध, अध्ययन और सर्वे के लिए मशहूर संस्था प्रथम की 2014 की सालाना शिक्षा रिपोर्ट बताती है कि भले ही 96.7 फीसदी बच्चों ने स्कूलों में दाखिला लिया हुआ है, उनमें से 71 फीसदी जाते भी हैं लेकिन बच्चो का शैक्षणिक स्तर भी सोचनीय पाया गया. यानी दाखिले और एनरोलमेंट तो भरपूर हैं लेकिन शिक्षा का स्तर कमजोर है.

एनसीपीसीआर के एक अध्ययन में यह कहा गया है कि अंग्रेजी भाषा में संवाद, पाठ्यक्रम से अतिरिक्त गतिविधियों में खर्च एवं शिक्षा व्यय पर बेतहाशा खर्च ऐसे प्रमुख कारण हैं जिनके चलते दिल्ली के निजी स्कूलों में पढ़ने वाले आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग एवं वंचित समूहों के छात्र अपनी पढ़ाई बीच में ही छोड़ देते हैं।

दिल्ली के निजी स्कूलों में वंचित वर्गों से बच्चों के दाखिले से संबंधित शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई), 2009 की धारा 12 (1) (सी) के क्रियान्वयन पर अध्ययन में यह भी पाया गया कि वर्ष 2011 में स्कूल की पढ़ाई बीच में छोड़ने वाले छात्र करीब 26 प्रतिशत थे जो वर्ष 2014 में गिरकर 10 प्रतिशत हुआ था। आरटीई अधिनियम की धारा 12 (1) (सी) कमजोर एवं वंचित वर्गों के बच्चों के लिये मुफ्त एवं अनिवार्य शिक्षा के लिए निजी गैर सहायता प्राप्त स्कूलों की जवाबदेही तय करती है। इसके अनुसार ऐसे स्कूलों को कक्षा एक या पूर्व स्कूली शिक्षा में छात्रों की कुल क्षमता के कम से कम एक चौथाई हिस्से में ऐसे वर्ग के छात्रों को दाखिला देना होता है।

राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) द्वारा किए गए अध्ययन के अनुसार, विशेषकर शुरुआती कक्षा अर्थात प्राथमिक एवं पूर्व-प्राथमिक स्तर की कक्षा में स्कूली पढ़ाई बीच में छोड़ने वाले छात्रों का प्रतिशत प्राथमिक स्तर पर अधिक होता है। भारत में बाल अधिकार संरक्षण की शीर्ष संस्था का यह अध्ययन समूची दिल्ली के 650 स्कूलों द्वारा स्कूली पढ़ाई बीच में छोड़ने वाले बच्चों के विषय में दिए गए वर्षवार आंकड़े पर आधारित था।

अध्ययन में कहा गया, अभिभावकों का दावा है कि किताबें एवं पाठ्यक्रम से इतर गतिविधियों का खर्च बहुत अधिक होता है जिसके चलते वे स्कूल छोड़ देते हैं। एनसीपीसीआर ने यह भी सुझाव दिया कि जहां तक संभव हो बच्चों को पढ़ाने का माध्यम उनकी मातृभाषा होनी चाहिए।

क्या उच्च शिक्षा केवल अमीरों के लिए?

भारत में नरेंद्र मोदी सरकार ने मेडिकल और इंजीनियरिंग के और भी ज्यादा उत्कृष्ट संस्थान शुरू करने की घोषणा की है. आईआईएम जैसे प्रबंधन संस्थानों के केन्द्र जम्मू कश्मीर, बिहार, हिमाचल प्रदेश और असम में भी खुलने हैं. लेकिन बुनियादी ढांचे और फैकल्टी की कमी की चुनौतियां हैं. यहां सीट मिल भी जाए तो फीस काफी ऊंची है.

जाहिर है इसके जिम्मेदार बच्चे अकेले नहीं है. और यही तस्वीर जब रोजगार में लगे युवकों तक पहुंचती है तो वहां भी आंकड़े डराने वाले ही हैं. नेशनल स्किल डेवलपमेंट कॉरपोरेशन के आंकड़ों के मुताबिक तीस लाख स्नातकों में से सिर्फ पांच लाख ही नौकरी करने लायक होते हैं. यानी बाकी युवाओं में नौकरी के लायक गुणवत्ता या कौशल का अभाव पाया गया है. खतरे वाली बात ये है कि ये आत्मसम्मान और गरिमा भी छीन रही है. बुनियादी कौशल से वंचित शिक्षा एक कमजोर दयनीय नागरिक पैदा करती है.

सार्वभौम शिक्षा के लिए ड्रॉपआउट एक अहम चुनौती है. ये भी एक अनिवार्यता है कि बच्चों की शिक्षा बहाल रखी जा सके. वे दाखिले के बाद स्कूल न छोड़ दें. इस मामले में पांचवीं कक्षा और पहली कक्षा के छात्रों का अनुपात एक अहम सूचकांक है. सरकारी आंकड़े बताते हैं कि 2013 में 88 फीसदी से सुधर कर 2014 में 93 फीसदी तो हो गया लेकिन अभी भी स्थिति उत्साहजनक नहीं कही जा सकती है. मानव संसाधन विकास मंत्रालय के सर्वे में बताया गया है कि प्राइमरी कक्षाओं में सालाना ड्रॉपआउट दर करीब पांच फीसदी है जबकि अपर प्राइमरी कक्षाओं में ये दर तीन फीसदी से कुछ ज्यादा है. लेकिन प्राइमरी में ये दर 2013 में साढ़े पांच फीसदी थी और इसके बरक्स अपर प्राइमरी में 2013 में ड्रॉपआउट दर ढाई फीसदी से कुछ ज्यादा थी. इसका अर्थ ये हुआ कि अपर प्राइमरी में स्कूल छोड़ने की दर बढ़ रही है.

चीन के शिचुआन प्रांत के अतुलेर गांव का एक स्कूल शायद दुनिया का सबसे खतरनाक स्कूल है. हर दिन बच्चों को बेहद कड़ी 800 मीटर की चढ़ाई चढ़ स्कूल जाना पड़ता है, वापसी में इसी रास्ते से नीचे भी उतरना पड़ता है.

ऐसा क्यों हो रहा है जबकि भारत में स्कूलों की संख्या बढ़ी हैं. सरकारी आंकड़ों के मुताबिक 2003 से 2014 के बीच करीब दो लाख प्राइमरी स्कूल खुले हैं जो भारत में कुल प्राइमरी स्कूलों का करीब साढ़े 24 फीसदी हैं. इनमें से 95 फीसदी स्कूलों की अपनी इमारत भी है. लेकिन ये इमारतें किस हाल में हैं, वहां की दीवारों, कक्षों, दरवाजों, खिड़कियों, शौचालयों की क्या स्थिति है- ये भी देखा जाना चाहिए. स्कूलों का बुनियादी ढांचा चरमराया हुआ है. क्लासरूम से लेकर खेल के मैदान तक हर जगह छेद ही छेद हैं. बिजली, पानी, शौचालय, बाउंड्री दीवार, लाइब्रेरी, कम्प्यूटर जैसी व्यवस्थाएं कहीं सही हैं तो कहीं सोचनीय.

स्कूल छोड़ने के इस तरह कई प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष कारण हम देख सकते हैं. जैसे टीचरों की संख्या का अभाव. पांच लाख से ज्यादा टीचर ठेके पर हैं. उनमें से आधे प्रशिक्षित भी नहीं हैं. वैसे प्रशिक्षित टीचरों का ही घोर अभाव है. टीचरों के प्रशिक्षण की व्यवस्था निजी हाथों में है और इस मामले में ये दुनिया का अकेला देश बताया जाता है जहां टीचरों की ट्रेनिंग का काम प्राइवेट हाथों में है. टीचर कम हैं तो जाहिर है उसका असर छात्र शिक्षक अनुपात पर पड़ रहा है. और नतीजा. नतीजा यही कि छह से 14 साल के सभी बच्चों को स्कूल में होना चाहिए, लेकिन करीब साढ़े तीन करोड़ अब भी बाहर हैं.

अंतरराष्ट्रीय स्कूलों की रैंकिंग में लगातार टॉप पर रहने वाले फिनलैंड के स्कूलों की सार्वजनिक शिक्षा प्रणाली को आदर्श माना जाता है. पहला कारण बच्चों को ज्यादा लंबे समय तक बच्चे बने रहने देना है. यहां बच्चे करीब सात साल की उम्र

में स्कूल जाना शुरु करते हैं जबकि भारत में 3 साल में.

पढ़ाई लिखाई बीच में ही छोड़ देने की सबसे बड़ी वजहों में एक गरीबी भी है. बड़े होते बच्चे अपनी पारिवारिक विवशताओं और सामाजिक हालात की वजह से साधारण रोजगार की ओर मुड़ जाते हैं. दुकानों, ढाबों, गैराजों, छोटे होटलों, रेहड़ी जैसे छोटे व्यवसायों में इस उम्र के बच्चों को देखा जा सकता है. दरअसल बेहतर संरचना के अलावा ऐसी नीतियों की भी जरूरत है जिसमें सीखने की पूरी अवधि के विभिन्न चरणों में आने वाली बाधाओं को दूर करते रह सकें. एक ऐसी मानवीय और पारदर्शी और कर्तव्यनिष्ठ निगरानी व्यवस्था की जरूरत है जो अपने बच्चों को न सिर्फ स्कूल लाए बल्कि ये सुनिश्चित भी करे कि वे पूरी पढ़ाई करके निकलें.

संदर्भ :

शिक्षा का अधिकार (सेन्टर फॉर सिविल सोसायटी द्वारा प्रस्तुत जालघर)

कीवर्ड भारत, प्राथमिक शिक्षा, यूनेस्को, ड्रॉपआउट, ब्लॉग

http://www.dw.com/hi/स्कूल-छोड़ते-बच्चों-की-फिक्र-कौन-करेगा/a-19402931

https://education-psychology-meaning-and-definition/

International Research Journal | अंतर्राष्ट्रीय मासिक शोध पत्रिका | ISSN-0975-4431

औद्योगीकरण और बाल श्रमिक

डॉ. नीलिमा चटर्जी
सहायक प्राध्यापक समाजशास्त्र विभाग
शास. वीरसावरकर महाविद्यालय औबेदुल्लागंज

बाल-श्रम का मतलब ऐसे कार्य से है जिसमे की कार्य करने वाला व्यक्ति कानून द्वारा निर्धारित आयु सीमा से छोटा होता है। इस प्रथा को कई देशों और अंतर्राष्ट्रीय संघटनों ने शोषित करने वाली प्रथा माना है। अतीत में बाल श्रम का कई प्रकार से उपयोग किया जाता था, लेकिन सार्वभौमिक स्कूली शिक्षा के साथ औद्योगीकरण, काम करने की स्थिति में परिवर्तन तथा कामगारों श्रम अधिकार और बच्चों अधिकार की अवधारणाओं के चलते इसमे जनविवाद प्रवेश कर गया। बाल श्रम अभी भी कुछ देशों में आम है।

वेश्यावृत्ति या उत्खनन, कृषि, माता पिता के व्यापार में मदद, अपना स्वयं का लघु व्यवसाय (जैसे खाने पीने की चीजे बेचना), या अन्य छोटे मोटे काम हो सकते हैं कुछ बच्चे पर्यटकों के गाइड के रूप में काम करते हैं, कभी-कभी उन्हें दुकान और रेस्तरां (जहाँ वे वेटर के रूप में भी काम करते हैं) के काम में लगा दिया जाता है। अन्य बच्चों से बलपूर्वक परिश्रम-साध्य और दोहराव वाले काम लेते हैं जैसे च्बक्से को बनाना, जूते पॉलिश, स्टोर के उत्पादों को भंडारण करना और साफ-सफाई करना। हालांकि, कारखानों और मिठाई की दूकान, के अलावा अधिकांश बच्चे अनौपचारिक क्षेत्र में काम करते हैं, जैसे सड़कों पर कई चीज़ें बेचना, पटाकों के कारखानों में, कृषि में काम करना या बच्चों का घरेलू कार्य/घरों में छिप कर काम करना - ये कार्य सरकारी श्रम निरीक्षकों और मीडिया की जांच की पहुँच से दूर रहते है। और ये सभी काम सभी प्रकार के मौसम में तथा न्यूनतम वेतन के लिए किया गया था यूनिसेफ के अनुसार, दुनिया में लगभग 2.5 करोड बच्चे, जिनकी आयु 2-17 साल के बीच है वे बाल-श्रम में लिप्त हैं, जबकि इसमें घरेलू श्रम शामिल नद्धद्धद्धहीं है। सबसे व्यापक अस्वीकार कर देने वाले बाल-श्रम के रूप हैं जिनमे [बच्चों का सैन्य उपयोग] साथ ही बाल वेश्यावृत्ति . शामिल है। कम विवादास्पद और कुछ प्रतिबंधों के साथ कानूनी रूप से मान्य कुछ काम है जैसे बाल अभिनेता और बाल गायक,

साथ ही साथ स्कूलवर्ष (सीजनल कार्य) के बाद का कार्य और अपना कोई व्यापार जो स्कूल के घंटों के बाद होने काम आदि शामिल है।

बच्चों के अधिकार

यह अनुचित या शोषित माना जाता है यदि निश्चित उम्र से कम में कोई बच्चा घर के काम या स्कूल के काम को छोड़कर कोई अन्य काम करता है। किसी भी नियोक्ता को एक निश्चित आयु से कम के बच्चे को किराए पर रखने की अनुमति नहीं है। न्यूनतम आयु देश पर निर्भर करता किसी प्रतिष्ठान में बिना माता पिता की सहमति के न्यूनतम उम्र 16 वर्ष निर्धारित किया है।

औद्योगिक क्रांति में चार साल के कम उम्र के बच्चों को कई बार घातक और खतरनाक काम की स्थितियों के साथ उत्पादन वाले कारखाने में कार्यरत थे। अंग्रेजी श्रमिक वर्ग का बनना , (पेंगुइन, 168), पीपी. अब अमीर देशों ने मज़दूरों के रूप में बच्चों के इस्तेमाल को समझा है और इस आधार पर इसे मानव अधिकार का उल्लंघन माना हैं और इसे गैरकानूनी घोषित किया है जबकि कुछ गरीब देशों ने इसे बर्दाश्त या अनुमति दी है।

1990 के दशक में दुनिया के प्रत्येक देश ने सोमालिया और संयुक्त राज्य अमेरिका को छोड़कर बाल अधिकार के सम्मेलन, . के दौरान हस्ताक्षर किए सबसे ताकतवर अंतराष्ट्रीय कानूनी भाषा है जो अवैध बाल श्रम पर रोक लगाता है, हालाँकि यह बाल श्रम को अवैध नहीं मानता है।

बहुत से गरीब परिवार अपने बच्चों के मजदूरी के सहारे हैं। कभी कभी ये ही उनके आय के स्रोत है। इस प्रकार का कार्य अक्सर दूर छिप कर होता है क्योंकि अक्सर ये कार्य औद्योगिक क्षेत्र में नहीं होतें है। बाल श्रम कृषि निर्वाह और शहरो के अनौपचारिक क्षेत्र में कार्यरत है, बच्चों के घरेलू काम में योगदान भी महत्वपूर्ण है। बच्चो को लाभ मुहैया कराने के लिए, बाल श्रम निषेध को दोनों अल्पावधि आय और दीर्घावधि संभावनाओं के साथ दोहरी चुनौती से निपटने के लिए काम करना है। कुछ युवाओं के अधिकार के समूहों यद्यपि, एक निश्चित आयु से नीचे के बच्चे को काम करने से रोक कर, बच्चों के विकल्प कम करने को मानव अधिकारों का उल्लंघन मानते है। ये महसूस करते है कि ऐसे बच्चे पैसे वालों के इच्छा के अधीन रहते है। बच्चे की सहमति या काम करने के कारण बहुत भिन्न हो सकते हैं। एक बच्चा कार्य के लिए सहमत हो सकता है यदि इसका आय आकर्षक हैं या अगर बच्चा स्कूल से नफरत करता है, लेकिन इस तरह की सहमति को सूचित नहीं किया जा सकता . कार्यस्थल बच्चे के लिए लंबे समय में अवांछनीय स्थिति पैदा कर सकता है। एक प्रभावशाली समाचार पत्र में बाल श्रम के अर्थशास्त्र पर अमेरिकी आर्थिक समीक्षा (1998), में कौशिक बसु और हुआंग वान का तर्क है कि बाल श्रम का मूल कारण माता पिता की गरीबी है। यदि ऐसा है तो, उन्होंने बाल श्रम के वैधानिक प्रतिबंध पर आगाह किया और तर्क दिया कि इसका उपयोग वयस्क मजदूरी प्रभावित हीन पर ही करना चाहिए और प्रभावित गरीब बच्चे के परिवार को पर्याप्त रूप से मुआवजा देना चाहिए। भारत और बंगलादेश सहित कई देशों में अभी

भी बाल श्रम व्यापक रूप से विद्यमान है। यद्यपि इस देश के कानून के अनुसार 14 वर्ष से कम आयु के बच्चे काम नहीं कर सकते, फ़िर भी कानून को नजरअंदाज कर दिया है। 11 साल जैसे छोटी उम्र के बच्चे 20 घंटे तक एक दिन में काम करते हैं, ये काम करने के लिए स्वीट शॉप में जाकर अमेरिकी कंपनियों जैसे वाल मार्ट, हेंस और टारगेट में काम करते है। वे मात्र साड़े 6 सेंत प्रति मद के रूप में छोटा सा भुगतान पाते हैं। बांग्लादेश की सबसे बड़ी कंपनियों में से एक हार्वेस्ट रिच है, जो बाल श्रम ने प्रयोग नहीं करने का दावा किया है, हालांकि बच्चों को केवल 1 डॉलर प्रति सप्ताह मिलता है।

बाल श्रम के खिलाफ

बाल श्रम औद्योगिक क्रांति.के आरम्भ के साथ ही प्रारम्भ हो गया उदाहरण के लिए, कार्ल मार्क्स ने अपने कम्युनिस्ट घोषणा पत्र में कहा कारखानों में मौजूदा स्वरूप में बाल श्रम का त्याग यह बात भी गौर करने योग्य है कि सार्वजनिक नैतिक सहापराध के जरिये ऐसे उत्पाद जो विकासशील देशों में एकत्रित या बाल श्रम से बने हैं उनके खरीद को हतोत्साहित किया जाय. दूसरों की चिंता है कि बाल श्रम से बने वस्तुओं का बहिष्कार करने पर यह बच्चे वेश्यावृत्ति या कृषि जैसे काम से अधिक खतरनाक या अति उत्साही व्यवसायों में जा सकते हैं उदाहरण के लिए, एक यूनिसेफ के एक अध्ययन में पाया गया कि 5000 से 7000 नेपाली बच्चे वेश्यावृत्ति के तरफ मूड गए इसके अलावा अमेरिका में बाल श्रम निवारण अधिनियम के लागू होने के बाद, एक अनुमान के अनुसार 50000 बच्चों को बंगलादेश में उनके परिधान उद्योग में नौकरी से बर्खास्त कर दिया गया था और बहुत से लोग पत्थर तोड़ने, गलिओं में धकके खाना और वेश्यावृत्ति गए -- --यह सब के सब तथ्य यूनिसेफ एक अध्ययन के आधार पर आधारित है। ये सारे कार्य वस्त्र उत्पादन की तुलना में अधिक खतरनाक और विस्फोटक है .इस अध्ययन से यह निष्कर्ष निकलता है कि भुथरे उपकरणों के दीर्घकालिक प्रयोग की भांति ऐसे परिणाम से बच्चो को फायदा की जगह हानि ज्यादा हो सकता है.

आज कई उद्योग और निगम हैं जिनको कार्यकर्ताओं द्वारा बाल श्रम के कारण लक्षित किया जा रहा है।

बाल श्रम पर कानून

14 साल से कम उम्र के बच्चों को काम देना गैर-क़ानूनी है; हालाँकि इस नियम के कुछ अपवाद हैं जैसे की पारिवारिक व्यवसायों में बच्चे स्कूल से वापस आकर या गर्मी की छुट्टियों में काम कर सकते हैं द्य इसी तरह फिल्मों में बाल कलाकारों को काम करने की अनुमति है, खेल से जुड़ी गतिविधियों में भी वह भाग ले सकते हैं 14-18 वर्ष की आयु के बच्चों को काम पर रखा जा सकता है (जो किशोर/किशोरी की श्रेणी में आते हैं) यदि कार्यस्थल सूची में शामिल खतरनाक व्यवसाय या प्रक्रिया से न जुड़ा हो

यदि आपने इस क़ानून का उल्लंघन होते हुए देखा है तो आप इसकी शिकायत पुलिस या मजिस्ट्रेट से कर सकती हैं द्य आप बच्चों के अधिकारों पर काम करने वाली सामाजिक संस्थाओं की नज़र में भी यह ला सकती हैं जो मुद्दे

को आगे तक ले जा सकते हैंद्य एक पुलिस अधिकारी या बाल मज़दूर इंस्पेक्टर भी शिकायत कर सकते हैं कोई भी व्यक्ति जो 14 साल से कम उम्र के बच्चे से काम करवाता है अथवा 14-18 वर्ष के बच्चे को किसी खतरनाक व्यवसाय या प्रक्रिया में काम देता है, उसे 6 महीने 2 साल तक की जेल की सज़ा हो सकती है और साथ ही 20,000 -50,000 रूपए तक का जुर्माना भी हो सकता है

रजिस्टर न रखना, काम करवाने की समय-सीमा न तय करना और स्वास्थ्य व सुरक्षा सम्बन्धी अन्य उल्लंघनों के लिए भी इस कानून के तहत 1 महीने तक की जेल और साथ ही 10,000 रूपए तक का जुर्माना भरने की सज़ा हो सकती है द्य यदि आरोपी ने पहली बार इस कानून के तहत कोई अपराध किया है तो केस का समाधान तय किया गया जुर्माना अदा करने से भी किया जा सकता है द्य

इस क़ानून के अलावा और भी ऐसे अधिनियम हैं (जैसे की फैक्ट्रीज अधिनियम, खान अधिनियम, शिपिंग अधिनियम , मोटर परिवहन श्रमिक अधिनियम इत्यादि) जिनके तहत बच्चों को काम पर रखने के लिए सज़ा का प्रावधान है, पर बाल मज़दूरी करवाने के अपराध के लिए अभियोजन बाल मज़दूर कानून के तहत ही होगा इस कानून के तहत संरक्षित किये गए बच्चों के साथ क्या होता है ?

इस क़ानून का उल्लंघन करने वाली परिस्थितियों से जिन बच्चों को बचाया जाता है उनका नए कानून के तहत पुनर्वास किया जाना चाहिए द्य ऐसे बच्चे जिन्हें देख-भाल और सुरक्षा की आवश्यकता है, उन पर किशोर न्याय (बच्चों की देखभाल एवं सुरक्षा) अधिनियम 2015 लागू होता है

क्या बच्चों का पारिवारिक व्यवसाय में काम करना क़ानूनी है ?

हाँ, 14 वर्ष से कम आयु के बच्चों को पारिवारिक व्यवसाय में नियोजित किया जा सकता है द्य ऐसे व्यापार जिनका संचालन किसी करीबी रिश्तेदार (माता, पिता, भाई या बहन) या दूर के रिश्तेदार (पिता की बहन और भाई, या माँ के बहन और भाई) द्वारा किया जाता है, वह इस परिभाषा में शामिल हैं

यह सुनिश्चित करना ज़रूरी है कि पारिवारिक व्यापार इस क़ानून के तहत परिभाषित खतरनाक प्रक्रिया या पदार्थ से जुड़ा न हो द्य ऊर्जा/बिजली उत्पादन से जुड़े उद्योग, खान, विस्फोटक पदार्थों से जुड़े उद्योग इस परिभाषा में शामिल हैं हालाँकि बच्चे पारिवारिक व्यवसाय में सहयोग दे सकते हैं, यह सुनिश्चित करना अत्यंत महत्वपूर्ण है कि इससे उनकी पढ़ाई पर कोई असर न पड़े, इस हेतु उन्हें स्कूल से आने के बाद या छुट्टियों में ही काम करना चाहिए

क्या माता-पिता/अभिभावकों को अपने बच्चों को काम करने की अनुमति देने के लिए दंडित किया जा सकता है?

सामान्यत: बच्चों के माता-पिता /अभिभावकों को अपने बच्चों को इस कानून के विरुद्ध काम करने की अनुमति देने के लिए सज़ा नहीं दी जा सकती है परन्तु यदि किसी 14 वर्ष से कम आयु के बच्चे को व्यावसायिक

उद्देश्य से काम करवाया जाता है या फिर किसी 14–18 वर्ष की आयु के बच्चे को किसी खतरनाक व्यवसाय या प्रक्रिया में काम करवाया जाता है तो यह प्रतिरक्षा लागू नहीं होती और उन्हें सज़ा दी जा सकती है द्य क़ानून उन्हें अपनी भूल सुधारने का एक अवसर देता है, यदि वह ऐसा करते हुए पहली बार पकड़े जाते हैं तो वह इसे समाधान/समझौते की प्रक्रिया से निपटा सकते हैं, पर यदि वह फिर से अपने बच्चे को इस क़ानून का उल्लंघन करते हुए काम करवाते हैं तो उन्हें 10,000 रूपए तक का जुर्माना हो सकता है

संदर्भ :–

The Life of the Industrial Worker in Nineteenth-Century England". Laura Del Col, West Virginia University.

The Factory and Workshop Act 1901

"What is child labour?". International Labour Organisation. 2012.

"Convention on the Rights of the Child". United Nations. Archived from the original on 3 October 2006. Retrieved 2006-10-05.

"International and national legislation - Child Labour". International Labour Organisation. 2011.

hindi.indiawaterportal.org/node/54133 अन्तिम परिवर्तन 08: 16, 16 सितंबर 2016।

"Labour laws - An Amish exception". The Economist. 5 February 2004.

Larsen, P.B. Indigenous and tribal children: assessing child labour and education challenges.

International Research Journal | अंतर्राष्ट्रीय मासिक शोध पत्रिका | ISSN-0975-4431

तेजी से पलायन श्रमिक शहर की ओर

डॉ. इन्दिरा बर्मन
सहायक प्राध्यापक समाजशास्त्र विभाग
एक्सीलेंन्स संस्थान कोलार

साइबर सिटी व आसपास के निर्माण क्षेत्रों से जुड़े श्रमिकों के पलायन ने श्रम विभाग की चिंता बढ़ा दी है। पिछले कुछ वर्षो में लगभग एक लाख श्रमिक पंजीकृत किए गए। इनमें से मौके पर लगभग पांच हजार श्रमिक ही दिखाई दे रहे हैं। बाकी श्रमिक या तो दूसरी जगह चले गए या फिर अपने गृह प्रदेश लौट गए हैं।

प्रदेश सरकार की ओर से असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए कई योजनाएं बनी हुई हैं। योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए भवन व अन्य निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड का गठन किया हुआ है। बोर्ड के तहत श्रमिकों के पंजीकरण की जिम्मेदारी श्रम विभाग से संबंधित औद्योगिक सुरक्षा एवं स्वास्थ्य निदेशालय के पास है। पिछले कुछ वर्षो के दौरान निदेशालय की ओर से गुड़गांव जोन में लगभग एक लाख श्रमिक पंजीकृत किए गए। लेकिन अब इनकी संख्या में काफी कमी आ गई है।

निर्माण क्षेत्र में काम करनेवाले अधिकांश श्रमिक बिहार, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, बंगाल एवं राजस्थान के हैं। इनमें भी बिहार के श्रमिकों की संख्या सबसे अधिक है। मनरेगा के अंतर्गत बिहार सहित कई राज्यों में काफी कार्य हो रहे हैं। ऐसे में श्रमिकों को उनके गृह प्रदेश में ही काम मिल जाता है। इस वजह से सबसे अधिक पलायन बिहार के श्रमिकों का हो रहा है। कुछ श्रमिक ऐसे हैं जो एक जगह निर्माण खत्म होते ही दूसरी जगह चले जाते हैं। इस वजह से भी पंजीकृत श्रमिक मौके पर मिलते नहीं।

भारत में गरीब मजदूरों के आंतरिक पलायन में वृद्धि हो रही है। अनौपचारिक क्षेत्र में गरीब आमतौर पर आकस्मिक मजदूरों के रूप में पलायन करते हैं। प्रवासियों की ऐसी जनसंख्या में रोग फैलने की संभावना ज्यादा होती है और उन्हें स्वास्थ्य सेवाओं की सुलभता भी कम होती है।

वर्ष 2001 की जनगणना अवधि के दौरान देश में ज्यादा आर्थिक लाभ वाले शहरों या दूसरे इलाकों में काम करने के लिए 14 करोड़ 40 लाख लोगों ने प्रवास किया। देश में 25 लाख प्रवासी मजदूर कृषि एवं बागवानी, ईंट-भट्टों,

खदानों, निर्माण स्थलों तथा मत्स्य प्रसंस्करण में कार्यरत हैं (एनसीआरएल, 2001)। प्रवासियों की बड़ी संख्या शहरी अनौपचारिक उत्पादन निर्माण, सेवा या परिवहन क्षेत्रों में भी काम करते हैं। साथ ही, वे आकस्मिक मजदूर,सिर पर बोझा ढोने वाले मजदूर, रिक्शा चालकों और फेरीवालों के रूप में कार्यरत हैं। काम के आकस्मिक प्रकृति के कारण आवास स्थान में तीव्र बदलाव से वे रोग-निवारक सेवा से वंचित होते हैं और शहर के अनौपचारिक कार्य व्यवस्था में उनकी कार्य दशा उन्हें पर्याप्त उपचारात्मक सेवा पाने से असमर्थ कर देती है। प्रवासियों में जो अतिदुर्बल हैं उनपर 'आंतरिक विस्थापित' लोगों के रूप में ध्यान देने की जरूरत है। भारत में आंतरिक विस्थापित लोगों की संख्या 6 लाख (आईडीएमसी,2006) के करीब है। आंतरिक विस्थापन जातीय संघर्ष, सांप्रदायिक संघर्ष, राजनैतिक कारणों से, विकास परियोजनाओं और प्राकृतिक विनाश के कारण होता है। आंतरिक विस्थापित लोग सरकारी सामाजिक सुरक्षा पाने में असमर्थ होते हैं।

दुर्घटनाओं की वजह से भी पलायन

भवन निर्माण क्षेत्र से जुड़े श्रमिकों का कहना है कि पिछले कुछ वर्षो के दौरान काफी श्रमिक दुर्घटना के शिकार हुए हैं। इस वजह से अब इस क्षेत्र में काफी लोग काम करने से कतराते हैं। जब कहीं काम नहीं मिलता तो निर्माण क्षेत्र में आते हैं। श्रमिकों में यह संदेश भी जा चुका है कि कंपनी मालिक उनका शोषण कर रहे हैं। उनकी जान से खेल रहे हैं। यह संदेश श्रमिकों के परिजनों तक पहुंच चुका है। इस वजह से जो श्रमिक अपने गृह प्रदेश किसी काम से या पर्व-त्योहार की वजह से जाते हैं, उनके परिजन लौटने ही नहीं देते हैं।

मानेसर स्थित एक निर्माण स्थल के नजदीक रह रहे बिहार के सहरसा के श्रमिक अरविंद राम एवं उत्तर प्रदेश के गोरखपुर के श्रमिक भोला कुशवाहा कहते हैं कि वे लोग बड़ी-बड़ी बिल्डिंग बनाते हैं लेकिन कंपनी की ओर से सुविधाएं नहीं उपलब्ध कराई जाती है।

पलायन से आ रही परेशानी

श्रमिकों का पलायन नहीं रोका जा सकता। एक जगह काम खत्म होते ही श्रमिक दूसरी जगह चले जाते हैं। ऐसी कोई व्यवस्था नहीं जिससे कि एक बार पंजीकरण के बाद श्रमिक कहीं भी रहे, उसे सुविधाएं मिलती रहेंगी। इसे देखते हुए ही मनरेगा में काम करने वाले श्रमिकों के पंजीकरण पर जोर दिया जा रहा है। जहां तक निर्माण कंपनियों द्वारा सुविधाएं उपलब्ध नहीं कराने का सवाल है तो पहले के मुकाबले काफी सुधार हुआ है। हां यह सच्चाई है कि मनरेगा के तहत चल रही योजनाओं में में काम मिलने से तेजी से श्रमिक पलायन कर रहे हैं।

छत्तीसगढ़ के कई जिलों में खेती-किसानी में जमा पूंजी के बर्बाद हो जाने के बाद उम्मीद खो चुके किसानों को मनरेगा से भी अब कोई आस नहीं रह गई है। कम वर्षा के कारण अपना 50 फीसदी फसल खो चुके सूबे के कई किसान जीवनयापन के लिए दूसरे राज्यों की ओर कूच करने लगे हैं।

राजधानी से लगे बलौदाबाजार जिले में प्रारंभ हो चुके पलायन को मनरेगा भी नहीं रोक पा रहा है, क्योंकि मनरेगा का कामकाज करने वाले ग्रामीण श्रमिकों का अब तक तीन करोड़ 32 लाख 96 हजार रुपये का भुगतान बकाया

है। ऐसे में नियमित भुगतान न होने के कारण ग्रामीण अन्य राज्यों में पलायन करने को मजबूर हो रहे हैं। जिले में मनरेगा के तहत 48 ग्राम पंचायतों में 785 श्रमिक कार्य में लगे हैं।

बलौदाबाजार-भाटापारा जिले की एपीओ अंजू भोगामी का कहना है कि जिले में सवा तीन करोड़ रुपये का भुगतान आवंटन के अभाव में नहीं किया जा सका है। इसके लिए राज्य शासन को प्रस्ताव भेजा गया है। राशि मिलने के बाद भुगतान कर दिया जाएगा। ग्रामीणों द्वारा रोजगार की तलाश में अन्य राज्यों में पलायन को रोकने के साथ ही गांव में रोजगार मुहैया कराने के लिए सभी ग्राम पंचायतों में चलाई जा रही महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना पलायन रोकने में कारगर सिद्ध नहीं हो रही है। पिछले कुछ वर्षो से ग्राम पंचायतों में मनरेगा के कार्यो में गड़बड़ी के कई मामले भी उजागर हुए हैं।

ग्राम पंचायतों द्वारा फर्जी श्रमिकों के मस्टररोल व जॉब कार्ड, फर्जी कार्यो की सूची सहित करोड़ों रुपये की गड़बड़ी सचिव व रोजगार सहायक के साथ मिलकर किए जाने के मामले सामने आ चुके हैं। इस मामले की जांच भी हुई है, मगर कार्रवाई अब भी ठंडे बस्ते में है। वर्तमान में जिले की 611 ग्राम पंचायतों में से मात्र 48 ग्राम पंचायतों में मनरेगा का काम हो रहा है। इसके तहत शौचालय निर्माण कराया जा रहा है।

एक परिवार को साल में 150 दिन काम दिया जाना है, मगर ज्यादातर पंचायतों में काम ही शुरू नहीं हो सके हैं। बकाया भुगतान नहीं होने से लोग मनरेगा का काम करने से परहेज कर रहे हैं। मनरेगा के तहत जिले को 10 करोड़ 619 लाख 91 हजार रुपये व्यय करने का लक्ष्य मिला है। मगर अब तक सिर्फ दो करोड़ 68 लाख रुपये ही खर्च हो पाए हैं। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मानकों पर खरा नहीं उतरने के कारण 51 पॉटरियों के बंद होने से हजारों मजदूरों के सामने रोजी रोटी का संकट खड़ा हो गया है। पॉटरियां पर ताले लटकने से अब मजदूर भी पलायन को मजबूर हो जाएंगे।

दूसरी ओर मजदूरों की कमाई से गुलजार रहने वाला पॉटरी सेंटर बाजार पर भी संकट खड़ा हो गया है। मुनाफा कमाने वाले व्यापारियों को भी रोजी रोटी की चिंता सताने लगी है।

वहीं, ब्याज पर उधार लेने वाले तमाम मजदूरों को रोजी रोटी बंद होने से उधार चुकाने की चिंता सता रही है। प्रदूषण फैलाने और एनजीटी के मानकों पर खरा नहीं उतरने पर अब तक 51 फैक्ट्रियों पर तालाबंदी कर दी गई है। इससे पॉटरियों में कार्यरत मजदूर सड़कों पर आ गए हैं। बिहार से आए मजदूर रामकिशन, शेषमणि, जग्गन ने बताया कि जब से सीलबंदी की कार्रवाई शुरू हुई है, वे बेरोजगार हो गए हैं। परिवार दो जून की रोटी को मोहताज है।

मजदूरों दूसरे स्थान पर भी काम नहीं मिल रहा है। अगर जल्द ही पॉटरियां चालू नहीं हुई तो अधिकांश परिवार बिहार और बंगाल अपने घरों को पलायन करने को मजबूर होंगे।

पॉटरी सेंटर मार्केट में छाई मायूसी

पॉटरी में काम करने वाले मजदूरों से नगर का पॉटरी सेंटर बाजार गुलजार रहता था। फैक्ट्रियों पर कार्रवाई शुरू

होने से बाजार में मायूसी छा गई है। मजदूरों पर संकट से व्यापारियों के भी हाथ-पैर भी फूल गए हैं। व्यवसायियों पे बताया कि अगर मजदूर चले गए तो उनका व्यापार चौपट हो जाएगा।

मजदूरों के पलायन का उद्यमियों में भय

पॉटरी फैक्ट्रियां बंद होने से हजारों मजदूर कमाई के लिए पंजाब, गुजरात आदि राज्यों में जाने की तैयारी में जुट गए हैं। दस्तावेज जमा कराने के बाद पॉटरियां शुरू हुई तो उनके सामने मजदूरों का संकट खड़ा हो जाएगा। उद्यमी पियूष शर्मा ने बताया कि सभी मानक पूरे करने के बाद उम्मीद है 15-20 दिनों में सीलबंद पाटरियों को शुरू करने का आदेश मिल जाए। मजदूर अगर दूसरी जगह चले गए तो काम शुरू करने में काफी समस्याएं होंगी।

कई बार यह विचार जाहिर किया जाता है कि भारतीय श्रम नीतियां संगठित क्षेत्र में रोज़गार विस्तार के विरुद्ध अनावश्यक रूप से मौजूदा कार्यरत श्रमिकों के हितों का संरक्षण करती हैं। हालांकि हाल के वर्षों में यह विचारधारा धूमिल हो रही है क्योंकि ज्यादा से ज्यादा राज्य सरकारें श्रम क्षेत्र के नवीनीकरण और पुनर्गठन के लिए लचीला रुख अपना रही हैं। हमारी सरकार हमारे श्रमिकों के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है, हमें समय-समय पर यह भी ध्यान देते रहना चाहिए कि क्या हमारे नियामक ढ़ांचे का कुछ हिस्सा श्रम कल्याण में योगदान दिए बगैर बेवजह रोजगार, उद्यम और उद्योग में बाधा डाल रहा।

अपने संबोधन को समाप्त करने से पहले मैं दो महत्वपूर्ण मुद्दों का ज़िक्र करना चाहता हूं जो मेरे हिसाब से बेहद आवश्यक है। महिलाएं हमारे देश का वह हिस्सा हैं जिनका ठीक प्रकार से उपयोग नहीं हुआ है। हमारे देश में महिला श्रमिक बल भागीदारी दर काफी धीमी है और पिछले कुछ दशकों में यह लगभग एक समान ही रही है। अधिक महिलाओं को कार्य बल में लाने के लिए यह जरुरी है कि हम उनकी बाधाओं को समझे जो उन्हें परिवार और काम के दायित्व के बीच संतुलन स्थापित करने में पेश आती है। हालांकि मनरेगा सहित हमारे नियामन में क्रेचों की स्थापना का प्रावधान शामिल किया गया है लेकिन साफ तौर पर यह काफी नहीं है। हमें अंश-कालीन काम के लिए भी प्रावधान करने की ज़रुरत है जिसके लक्षण पूर्णकालिक रोज़गार के समान हो। इसके लिए यदि कानून में बदलाव की ज़रुरत हो तो हमें इसके लिए तैयार रहना है और इसे वास्तविक्ता बनाने के लिए इसके खाके पर कार्य शुरु कर देना चाहिए।

अन्य मुद्दा जिसे मैं उठाना चाहूंगा वह है काम के सिलसिले में एक स्थान पर दूसरे स्थान पर जाने वाले श्रमिक। ऐसे श्रमिकों के कल्याण और बेहतरी को सुनिश्चित करने के लिए वर्तमान में हमारी प्रणाली अधिक मज़बूत नहीं है। इस सिलसिले में हमें अपने ज्ञान, विवेक और अनुभव के साथ इसे मज़बूत करने की ज़रुरत है। इस संदर्भ में प्रवासी श्रमिकों के अधिकारों की सुवाह्यता के लिए आधार संख्या एक महत्वपूर्ण प्रणाली साबित हो सकती है।

संदर्भ :

https://avadhbhumi.wordpress.com/tag/रोजगार-और-पलायन/

International Research Journal | अंतर्राष्ट्रीय मासिक शोध पत्रिका | ISSN-0975-4431

बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर

एक अध्ययन

श्री हरीराम

सहायक प्राध्यापक राजनीति विज्ञान

आचार्य नरेन्द्रदेव पीजी कालेज, गोण्डा उ.प्र.

भीमराव रामजी आंबेडकर बाबासाहब के नाम से लोकप्रिय, भारतीय विधिवेत्ता, अर्थशास्त्री, राजनीतिज्ञ और समाजसुधारक थे। उन्होंने दलित बौद्ध आंदोलन को प्रेरित किया और अछूतों (दलितों) के खिलाफ सामाजिक भेद भाव के विरुद्ध अभियान चलाया। श्रमिकों और महिलाओं के अधिकारों का समर्थन किया। वे स्वतंत्र भारत के प्रथम कानून मंत्री, भारतीय संविधान के प्रमुख वास्तुकार एवं भारत गणराज्य के निर्माता थे।

आंबेडकर विपुल प्रतिभा के छात्र थे। उन्होंने कोलंबिया विश्वविद्यालय और लंदन स्कूल ऑफ़ इकोनॉमिक्स दोनों ही विश्वविद्यालयों से अर्थशास्त्र में डॉक्टरेट की उपाधि प्राप्त की। उन्होंने विधि, अर्थशास्त्र और राजनीति विज्ञान के शोध कार्य में ख्याति प्राप्त की। जीवन के प्रारम्भिक करियर में वह अर्थशास्त्र के प्रोफेसर रहे एवम वकालत की। बाद का जीवन राजनीतिक गतिविधियों में बीता; वह भारत की स्वतंत्रता के लिए प्रचार और बातचीत में शामिल हो गए, पत्रिकाओं को प्रकाशित करने, राजनीतिक अधिकारों की वकालत करने और दलितों के लिए सामाजिक स्वतंत्रता की वकालत और भारत की स्थापना के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया।

1956 में उन्होंने बौद्ध धर्म अपना लिया। 1990 में, उन्हें भारत रत्न, भारत के सर्वोच्च नागरिक सम्मान से मरणोपरांत सम्मानित किया गया था। आंबेडकर की विरासत में लोकप्रिय संस्कृति में कई स्मारक और चित्रण शामिल हैं।

प्रारंभिक जीवन

आंबेडकर का जन्म ब्रिटिश भारत के मध्य भारत प्रांत (अब मध्य प्रदेश में) में स्थित नगर सैन्य छावनी महू में हुआ था। वे रामजी मालोजी सकपाल और भीमाबाई की 14 वीं व अंतिम संतान थे। उनका परिवार मराठी था और वो आंबडवे गांव जो आधुनिक महाराष्ट्र के रत्नागिरी जिले में है, से संबंधित था। वे हिंदू महार जाति से संबंध रखते थे, जो अछूत कहे जाते थे और उनके साथ सामाजिक और आर्थिक रूप से गहरा भेदभाव किया जाता था। डॉ? भीमराव आंबेडकर के पूर्वज लंबे समय तक ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी की सेना में कार्यरत थे और उनके पिता, भारतीय सेना की मऊ छावनी में सेवा में थे और यहां काम करते हुये वो सूबेदार के पद तक पहुँचे थे। उन्होंने मराठी और अंग्रेजी में औपचारिक शिक्षा की डिग्री प्राप्त की थी। आंबेडकर को गौतम बुद्ध की शिक्षाओं ने प्रभावित किया था। अपनी जाति के कारण उन्हें इसके लिये सामाजिक प्रतिरोध का सामना करना पड़ रहा था। स्कूली पढ़ाई में सक्षम होने के बावजूद छत्र भीमराव को अस्पृश्यता के कारण अनेका प्रकार

की कठनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। रामजी सकपाल ने स्कूल में अपने बेटे भीमराव का उपनाम 'सकपाल% की बजायं 'आंबडवेकर% लिखवाया, क्योंकी कोकण प्रांत में लोग अपना उपनाम गांव के नाम से लगा देते थे, इसलिए भीमराव का मूल अंबाडवे गांव से अंबावडेकर उपनाम स्कूल में दर्ज किया। बाद में एक देवरुखे ब्राह्मण शिक्षक कृष्णा महादेव आंबेडकर जो उनसे विशेष स्नेह रखते थे, ने उनके नाम से 'अंबाडवेकर' हटाकर अपना सरल 'आंबेडकर' उपनाम जोड़ दिया। आज आंबेडकर नाम से जाने जाते है।

रामजी आंबेडकर ने सन 1898 में पुनर्विवाह कर लिया और परिवार के साथ मुंबई (तब बंबई) चले आये। यहाँ अम्बेडकर एल्फिंस्टोन रोड पर स्थित गवर्न्मेंट हाई स्कूल के पहले अछूत छात्र बने।

उच्च शिक्षा

सन 1922 में एक वकील के रूप में डॉ? भीमराव आंबेडकर

गायकवाड शासक ने सन 1913 में संयुक्त राज्य अमेरिका के कोलंबिया विश्वविद्यालय मे जाकर अध्ययन के लिये भीमराव आंबेडकर का चयन किया गया साथ ही इसके लिये एक 11.5 डॉलर प्रति मास की छात्रवृत्ति भी प्रदान की। न्यूयॉर्क शहर में आने के बाद, डॉ? भीमराव आंबेडकर को राजनीति विज्ञान विभाग के स्नातक अध्ययन कार्यक्रम में प्रवेश दे दिया गया। शयनशाला मे कुछ दिन रहने के बाद, वे भारतीय छात्रों द्वारा चलाये जा रहे एक आवास क्लब मे रहने चले गए और उन्होने अपने एक पारसी मित्र नवल भातेना के साथ एक कमरा ले लिया। 1916 में, उन्हे उनके एक शोध के लिए पीएच.डी. से सम्मानित किया गया। इस शोध को अंतत: उन्होंने पुस्तक इवोल्युशन ओफ प्रोविन्शिअल फिनान्स इन ब्रिटिश इंडिया के रूप में प्रकाशित किया। हालाँकि उनकी पहला प्रकाशित काम, एक लेख जिसका शीर्षक, भारत में जाति = उनकी प्रणाली, उत्पत्ति और विकास है। अपनी डाक्टरेट की डिग्री लेकर सन 1916 में डॉ? आंबेडकर लंदन चले गये जहाँ उन्होने ग्रेज् इन और लंदन स्कूल ऑफ इकॉनॉमिक्स में कानून का अध्ययन और अर्थशास्त्र में डॉक्टरेट शोध की तैयारी के लिये अपना नाम लिखवा लिया। अगले वर्ष छात्रवृत्ति की समाप्ति के चलते मजबूरन उन्हें अपना अध्ययन अस्थायी तौर बीच मे ही छोड़ कर भारत वापस लौटना पड़ा ये प्रथम विश्व युद्ध का काल था। बड़ौदा राज्य के सेना सचिव के रूप में काम करते हुये अपने जीवन मे अचानक फिर से आये भेदभाव से डॉ? भीमराव आंबेडकर निराश हो गये और अपनी नौकरी छोड़ एक निजी ट्यूटर और लेखाकार के रूप में काम करने लगे। यहाँ तक कि अपनी परामर्श व्यवसाय भी आरंभ किया जो उनकी सामाजिक स्थिति के कारण विफल रहा। अपने एक अंग्रेज जानकार मुंबई के पूर्व राज्यपाल लॉर्ड सिडनेम, के कारण उन्हें मुंबई के सिडनेम कॉलेज ऑफ कॉमर्स एंड इकोनोमिक्स मे राजनीतिक अर्थव्यवस्था के प्रोफेसर के रूप में नौकरी मिल गयी। 1920 में कोल्हापुर के महाराजा, अपने पारसी मित्र के सहयोग और अपनी बचत के कारण वो एक बार फिर से इंग्लैंड वापस जाने में सक्षम हो गये। 1923 में उन्होंने अपना शोध प्रोब्लेम्स ऑफ द रुपी (रुपये की समस्यायें) पूरा कर लिया। उन्हें लंदन विश्वविद्यालय द्वारा डॉक्टर ऑफ साईंस की उपाधि प्रदान की गयी। और उनकी कानून का अध्ययन पूरा होने के, साथ ही साथ उन्हें ब्रिटिश बार मे बैरिस्टर के रूप में प्रवेश मिल गया। भारत वापस लौटते हुये डॉ? भीमराव आंबेडकर तीन महीने जर्मनी में रुके, जहाँ उन्होने अपना अर्थशास्त्र का अध्ययन, बॉन विश्वविद्यालय में जारी रखा। उन्हें औपचारिक रूप से 8 जून 1927 को कोलंबिया विश्वविद्यालय द्वारा पीएच.डी. प्रदान की गयी।

छुआछूत के विरुद्ध संघर्ष

भारत सरकार अधिनियम 1919, तैयार कर रही साउथबोरोह समिति के समक्ष, भारत के एक प्रमुख विद्वान के तौर पर अम्बेडकर को गवाही देने के लिये आमंत्रित किया गया। इस सुनवाई के दौरान, अम्बेडकर ने दलितों और अन्य धार्मिक समुदायों के लिये पृथक निर्वाचिका (separate electorates) और आरक्षण देने की वकालत की। 1920 में, बंबई से , उन्होंने साप्ताहिक मूकनायक के प्रकाशन की शुरूआत की। यह प्रकाशन जल्द ही पाठकों मे लोकप्रिय हो गया, तब अम्बेडकर ने इसका इस्तेमाल रूढ़िवादी हिंदू राजनेताओं व जातीय भेदभाव से लड़ने के प्रति भारतीय राजनैतिक समुदाय की अनिच्छा की आलोचना करने के लिये किया। उनके दलित वर्ग के एक सम्मेलन के दौरान दिये गये भाषण ने कोल्हापुर राज्य के स्थानीय शासक शाहू चतुर्थ को बहुत प्रभावित किया, जिनका अम्बेडकर के साथ भोजन करना रूढ़िवादी समाज मे हलचल मचा गया। अम्बेडकर ने अपनी वकालत अच्छी तरह जमा ली और बहिष्कृत हितकारिणी सभा की स्थापना भी की जिसका उद्देश्य दलित वर्गों में शिक्षा का प्रसार और उनके सामाजिक आर्थिक उत्थान के लिये काम करना था। सन् 1926 में, वो बंबई विधान परिषद के एक मनोनीत सदस्य बन गये। सन 1927 में डॉ? अम्बेडकर ने छुआछूत के खिलाफ एक व्यापक आंदोलन शुरू करने का फैसला किया। उन्होंने सार्वजनिक आंदोलनों और जुलूसों के द्वारा, पेयजल के सार्वजनिक संसाधन समाज के सभी लोगों के लिये खुलवाने के साथ ही उन्होनें अछूतों को भी हिंदू मंदिरों में प्रवेश करने का अधिकार दिलाने के लिये भी संघर्ष किया। उन्होंने महड में अस्पृश्य समुदाय को भी शहर की पानी की मुख्य टंकी से पानी लेने का अधिकार दिलाने कि लिये सत्याग्रह चलाया।

1 जनवरी 1927 को अम्बेडकर ने द्वितीय आंग्ल – मराठा युद्ध, की कोरेगाँव की लड़ाई के दौरान मारे गये भारतीय सैनिकों के सम्मान में कोरेगाँव विजय स्मारक मे एक समारोह आयोजित किया। यहाँ महार समुदाय से संबंधित सैनिकों के नाम संगमरमर के एक शिलालेख पर खुदवाये। 1927 में, उन्होंने अपना दूसरी पत्रिका बहिष्कृत भारत शुरू की और उसके बाद रीक्रिश्टेन्ड जनता की। उन्हें बॉंबे प्रेसीडेंसी समिति मे सभी यूरोपीय सदस्यों वाले साइमन कमीशन 1928 में काम करने के लिए नियुक्त किया गया। इस आयोग के विरोध मे भारत भर में विरोध प्रदर्शन हुये और जबकि इसकी रिपोर्ट को ज्यादातर भारतीयों द्वारा नजरअंदाज कर दिया गया, डॉ अम्बेडकर ने अलग से भविष्य के संवैधानिक सुधारों के लिये सिफारिशों लिखीं।

1927 तक, अम्बेडकर ने अस्पृश्यता के खिलाफ सक्रिय आंदोलन शुरू करने का फैसला किया था। उन्होंने सार्वजनिक पेय जल संसाधनों को खोलने के लिए सार्वजनिक आंदोलनों और मार्च के साथ शुरू किया। उन्होंने हिंदू मंदिरों में प्रवेश करने के अधिकार के लिए एक संघर्ष भी शुरू किया। उन्होंने अस्पृश्य समुदाय के अधिकार के लिए शहर के मुख्य जल टैंक से पानी निकालने के लिए लड़ने के लिए महाड में एक सत्याग्रह का नेतृत्व किया। 1927 के अंत में सम्मेलन में, अम्बेडकर ने जाति भेदभाव और अस्पृश्यता को वैचारिक रूप से न्यायसंगत बनाने के लिए क्लासिक हिंदू पाठ, मनुस्मृति (मनु के कानून) की सार्वजनिक रूप से निंदा की, और उन्होंने औपचारिक रूप से प्राचीन पाठ की प्रतियां जला दीं। 25 दिसंबर 1927 को, उन्होंने हजारों अनुयायियों का नेतृत्व मनुस्मृति की प्रतियां जलाया। इस प्रकार प्रतिवर्ष 25 दिसंबर को मनुस्मृति दहन दीन (मनुस्मृति बर्निंग डे) के रूप में अम्बेडकरियों और दलितों द्वारा मनाया जाता है।

अब तक अम्बेडकर आज तक की सबसे बड़ी अछूत राजनीतिक हस्ती बन चुके थे। उन्होंने मुख्यधारा के महत्वपूर्ण राजनीतिक दलों की जाति व्यवस्था के उन्मूलन के प्रति उनकी कथित उदासीनता की कटु आलोचना की। डॉ? भीमराव

आंबेडकर जी ने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस और उसके नेता मोहनदास करमचंद गांधी की आलोचना की, उन्होने उन पर अस्पृश्य समुदाय को एक करुणा की वस्तु के रूप मे प्रस्तुत करने का आरोप लगाया। डॉ? आंबेडकर ब्रिटिश शासन की विफलताओं से भी असंतुष्ट थे, उन्होने अस्पृश्य समुदाय के लिये एक ऐसी अलग राजनैतिक पहचान की वकालत की जिसमे कांग्रेस और ब्रिटिश दोनों का ही कोई दखल ना हो। 8 अगस्त, 1930 को एक शोषित वर्ग के सम्मेलन के दौरान डॉ? आंबेडकर ने अपनी राजनीतिक दृष्टि को दुनिया के सामने रखा, जिसके अनुसार शोषित वर्ग की सुरक्षा उसके सरकार और कांग्रेस दोनों से स्वतंत्र होने में है।

हमें अपना रास्ता स्वयँ बनाना होगा और स्वयँ... राजनीतिक शक्ति शोषितो की समस्याओं का निवारण नहीं हो सकती, उनका उद्धार समाज मे उनका उचित स्थान पाने मे निहित है। उनको अपना रहने का बुरा तरीका बदलना होगा.... उनको शिक्षित होना चाहिए... एक बड़ी आवश्यकता उनकी हीनता की भावना को झकझोरने और उनके अंदर उस दैवीय असंतोष की स्थापना करने की है जो सभी उँचाइयों का स्रोत है।

इस भाषण में अम्बेडकर ने कांग्रेस और मोहनदास गांधी द्वारा चलाये गये नमक सत्याग्रह की शुरूआत की आलोचना की। अम्बेडकर की आलोचनाओं और उनके राजनीतिक काम ने उसको रूढ़िवादी हिंदुओं के साथ ही कांग्रेस के कई नेताओं मे भी बहुत अलोकप्रिय बना दिया, यह वही नेता थे जो पहले छुआछूत की निंदा करते थे और इसके उन्मूलन के लिये जिन्होने देश भर में काम किया था। इसका मुख्य कारण था कि ये उदार राजनेता आमतौर पर अछूतों को पूर्ण समानता देने का मुद्दा पूरी तरह नहीं उठाते थे। डॉ? भीमराव आंबेडकर की अस्पृश्य समुदाय मे बढ़ती लोकप्रियता और जन समर्थन के चलते उनको 1931 मे लंदन में दूसरे गोलमेज सम्मेलन में, भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया।(डा? भीमराव अंबेडकर ने तीनों गोलमेज सम्मेलनों में भाग लिया था) उनकी अछूतों को पृथक निर्वाचिका देने के मुद्दे पर तीखी बहस हुई। धर्म और जाति के आधार पर पृथक निर्वाचिका देने के प्रबल विरोधी गांधी ने आशंका जताई, कि अछूतों को दी गयी पृथक निर्वाचिका, हिंदू समाज की भावी पीढ़ी को हमेशा के लिये विभाजित कर देगी। गांधी को लगता था की, सवर्णों को अस्पृश्यता भूलाने के लिए कुछ अवधि दी जानी चाहिए, यह गांधी का तर्क गलत सिद्ध हुआ जब सवर्णों हिंदूओं द्वारा पूना संधि के कई दशकों बाद भी अस्पृश्यता का नियमित पालन होता रहा।

1932 में जब ब्रिटिशों ने अम्बेडकर के साथ सहमति व्यक्त करते हुये अछूतों को पृथक निर्वाचिका देने की घोषणा की तब मोहनदास गांधी ने इसके विरोध मे पुणे की यरवदा सेंट्रल जेल में आमरण अनशन शुरु कर दिया। मोहनदास गांधी ने रूढ़िवादी हिंदू समाज से सामाजिक भेदभाव और अस्पृश्यता को खत्म करने तथा हिंदुओं की राजनीतिक और सामाजिक एकता की बात की। गांधी के दलिताधिकार विरोधी अनशन को देश भर की जनता से घोर समर्थन मिला और रूढ़िवादी हिंदू नेताओं, कांग्रेस के नेताओं और कार्यकर्ताओं जैसे पवलंकर बालू और मदन मोहन मालवीय नेअम्बेडकर और उनके समर्थकों के साथ यरवदा मे संयुक्त बैठकें कीं। अनशन के कारण गांधी की मृत्यु होने की स्थिति मे, होने वाले सामाजिक प्रतिशोध के कारण होने वाली अछूतों की हत्याओं के डर से और गाँधी के समर्थकों के भारी दवाब के चलते डॉ? भीमराव अंबेडकर जी ने अपनी पृथक निर्वाचिका की माँग वापस ले ली। मोहनदास गांधी ने अपने गलत तर्क एवं गलत मत से संपूर्ण अछूतों के सभी प्रमुख अधिकारों पर पानी फेर दिया। इसके एवज मे अछूतों को सीटों के आरक्षण, मंदिरों में प्रवेश/ पूजा के अधिकार एवं छूआ-छूत ख़तम करने की बात स्वीकार कर ली गयी। गाँधी ने इस उम्मीद पर की बाकि सभी सवर्ण

भी पूना संधि का आदर कर, सभी शर्ते मान लेंगे अपना अनशन समाप्त कर दिया।

आरक्षण प्रणाली में पहले दलित अपने लिए संभावित उम्मीदवारों में से चुनाव द्वारा (केवल दलित) चार संभावित उम्मीदवार चुनते। इन चार उम्मीदवारों में से फिर संयुक्त निर्वाचन चुनाव (सभी धर्म झ जाति) द्वारा एक नेता चुना जाता। इस आधार पर सिर्फ एक बार सन 1937 में चुनाव हुए। डॉ आंबेडकर 20–25 साल के लिये राजनैतिक आरक्षण चाहते थे लेकिन गाँधी के अड़े रहने के कारण यह आरक्षण मात्र 5 साल के लिए ही लागू हुआ। पूना संधी के बारें गांधीवादी इतिहासकार 'अहिंसा की विजय' लिखते हैं, परंतु यहाँ अहिंसा तो डॉ? भीमराव आंबेडकर ने निभाई हैं।

पृथक निर्वाचिका में दलित दो वोट देता एक सामान्य वर्ग के उम्मीदवार को ओर दूसरा दलित (पृथक) उम्मीदवार को। ऐसी स्थिति में दलितों द्वारा चुना गया दलित उम्मीदवार दलितों की समस्या को अच्छी तरह से तो रख सकता था किन्तु गैर उम्मीदवार के लिए यह जरूरी नहीं था कि उनकी समस्याओं के समाधान का प्रयास भी करता। बाद मे अम्बेडकर ने गाँधी जी की आलोचना करते हुये उनके इस अनशन को अछूतों को उनके राजनीतिक अधिकारों से वंचित करने और उन्हें उनकी माँग से पीछे हटने के लिये दवाब डालने के लिये गांधी द्वारा खेला गया एक नाटक करार दिया। उनके अनुसार असली महात्मा तो ज्योतीराव फुले थे।

13 अक्टूबर 1935 को, अम्बेडकर को सरकारी लॉ कॉलेज का प्रधानचार्य नियुक्त किया गया और इस पद पर उन्होने दो वर्ष तक कार्य किया। इसके चलते अंबेडकर बंबई में बस गये, उन्होने यहाँ एक बड़े घर का निर्माण कराया, जिसमे उनके निजी पुस्तकालय मे 50000 से अधिक पुस्तकें थीं। इसी वर्ष उनकी पत्नी रमाबाई की एक लंबी बीमारी के बाद मृत्यु हो गई। रमाबाई अपनी मृत्यु से पहले तीर्थयात्रा के लिये पंढरपुर जाना चाहती थीं पर अंबेडकर ने उन्हे इसकी इजाज़त नहीं दी। अम्बेडकर ने कहा की उस हिन्दू तीर्थ मे जहाँ उनको अछूत माना जाता है, जाने का कोई औचित्य नहीं है इसके बजाय उन्होने उनके लिये एक नया पंढरपुर बनाने की बात कही। भले ही अस्पृश्यता के खिलाफ उनकी लड़ाई को भारत भर से समर्थन हासिल हो रहा था पर उन्होने अपना रवैया और अपने विचारों को रूढ़िवादी हिंदुओं के प्रति और कठोर कर लिया। उनकी रूढ़िवादी हिंदुओं की आलोचना का उत्तर बड़ी संख्या मे हिंदू कार्यकर्ताओं द्वारा की गयी उनकी आलोचना से मिला। 13 अक्टूबर को नासिक के निकट येओला मे एक सम्मेलन में बोलते हुए अम्बेडकर ने धर्म परिवर्तन करने की अपनी इच्छा प्रकट की। उन्होने अपने अनुयायियों से भी हिंदू धर्म छोड़ कोई और धर्म अपनाने का आह्वान किया। उन्होने अपनी इस बात को भारत भर मे कई सार्वजनिक सभाओं मे दोहराया भी।

1936 में, अम्बेडकर ने स्वतंत्र लेबर पार्टी की स्थापना की, जो 1937 में केन्द्रीय विधान सभा चुनावों मे 15 सीटें जीती। उन्होंने अपनी पुस्तक जाति के विनाश भी इसी वर्ष प्रकाशित की जो उनके न्यूयॉर्क मे लिखे एक शोधपत्र पर आधारित थी। इस सफल और लोकप्रिय पुस्तक मे अम्बेडकर ने हिंदू धार्मिक नेताओं और जाति व्यवस्था की जोरदार आलोचना की। उन्होंने अस्पृश्य समुदाय के लोगों को गाँधी द्वारा रचित शब्द हरिजन पुकारने के कांग्रेस के फैसले की कड़ी निंदा की। अम्बेडकर ने रक्षा सलाहकार समिति और वाइसराय की कार्यकारी परिषद के लिए श्रम मंत्री के रूप में सेवारत रहे। 1941 और 1945 के बीच में उन्होंने बड़ी संख्या में अत्यधिक विवादास्पद पुस्तकें और पर्चे प्रकाशित किये जिनमे 'थॉट्स ऑन पाकिस्तान' भी शामिल है, जिसमें उन्होने मुस्लिम लीग की मुसलमानों के लिए एक अलग देश पाकिस्तान की मांग की आलोचना की। वॉट काँग्रेस एंड गांधी हैव डन टू द अनटचेबल्स (काँग्रेस और गान्धी ने अछूतों के लिये क्या किया) के

साथ, अम्बेडकर ने गांधी और कांग्रेस दोनो पर अपने हमलों को तीखा कर दिया उन्होने उन पर ढोंग करने का आरोप लगाया।

उन्होने अपनी पुस्तक 'हू वर द शुद्राज़?'(शुद्र कौन थे?) के द्वारा हिंदू जाति व्यवस्था के पदानुक्रम में सबसे नीची जाति यानी शुद्रों के अस्तित्व मे आने की व्याख्या की। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि किस तरह से अछूत, शुद्रों से अलग हैं। अम्बेडकर ने अपनी राजनीतिक पार्टी को अखिल भारतीय अनुसूचित जाति फेडरेशन मे बदलते देखा, हालांकि 1946 में आयोजित भारत के संविधान सभा के लिए हुये चुनाव में इसने खराब प्रदर्शन किया। 1948 में हू वर द शुद्राज़? की उत्तरकथा द अनटचेबलस- ए थीसिस ऑन द ओरिजन ऑफ अनटचेबिलिटी (अस्पृश्य अस्पृश्यता के मूल पर एक शोध) मे अम्बेडकर ने हिंदू धर्म को लताड़ा।

हिंदू सभ्यता .... जो मानवता को दास बनाने और उसका दमन करने की एक क्रूर युक्ति है और इसका उचित नाम बदनामी होगा। एक सभ्यता के बारे मे और क्या कहा जा सकता है जिसने लोगों के एक बहुत बड़े वर्ग को विकसित किया जिसे... एक मानव से हीन समझा गया और जिसका स्पर्श मात्र प्रदूषण फैलाने का पर्याप्त कारण है?

अम्बेडकर इस्लाम और दक्षिण एशिया में उसकी रीतियों के भी बड़े आलोचक थे। उन्होने भारत विभाजन का तो पक्ष लिया पर मुस्लिमो मे व्याप्त बाल विवाह की प्रथा और महिलाओं के साथ होने वाले दुर्व्यवहार की घोर निंदा की। उन्होंने कहा,

बहुविवाह और रखैल रखने के दुष्परिणाम शब्दों में व्यक्त नहीं किये जा सकते जो विशेष रूप से एक मुस्लिम महिला के दु:ख के स्रोत हैं। जाति व्यवस्था को ही लें, हर कोई कहता है कि इस्लाम गुलामी और जाति से मुक्त होना चाहिए, जबकि गुलामी अस्तित्व में है और इसे इस्लाम और इस्लामी देशों से समर्थन मिला है। इस्लाम में ऐसा कुछ नहीं है जो इस अभिशाप के उन्मूलन का समर्थन करता हो। अगर गुलामी खत्म भी हो जाये पर फिर भी मुसलमानों के बीच जाति व्यवस्था रह जायेगी।

उन्होंने लिखा कि मुस्लिम समाज मे तो हिंदू समाज से भी कही अधिक सामाजिक बुराइयां है और मुसलमान उन्हें भाईचारे जैसे नरम शब्दों के प्रयोग से छुपाते हैं। उन्होंने मुसलमानो द्वारा अर्ज़ल वर्गों के खिलाफ भेदभाव जिन्हें निचले दर्जे का माना जाता था के साथ ही मुस्लिम समाज में महिलाओं के उत्पीड़न की दमनकारी पर्दा प्रथा की भी आलोचना की। उन्होंने कहा हालाँकि पर्दा हिंदुओं मे भी होता है पर उसे धर्मिक मान्यता केवल मुसलमानों ने दी है। उन्होंने इस्लाम मे कट्टरता की आलोचना की जिसके कारण इस्लाम की नातियों का अक्षरक्ष अनुपालन की बद्धता के कारण समाज बहुत कट्टर हो गया है और उसे को बदलना बहुत मुश्किल हो गया है। उन्होंने आगे लिखा कि भारतीय मुसलमान अपने समाज का सुधार करने में विफल रहे हैं जबकि इसके विपरीत तुर्की जैसे देशों ने अपने आपको बहुत बदल लिया है।

सांप्रदायिकता से पीड़ित हिंदुओं और मुसलमानों दोनों समूहों ने सामाजिक न्याय की माँग की उपेक्षा की है।

हालांकि वे मोहम्मद अली जिन्ना और मुस्लिम लीग की विभाजनकारी सांप्रदायिक रणनीति के घोर आलोचक थे पर उन्होने तर्क दिया कि हिंदुओं और मुसलमानों को पृथक कर देना चाहिए और पाकिस्तान का गठन हो जाना चाहिये क्योकि एक ही देश का नेतृत्व करने के लिए, जातीय राष्ट्रवाद के चलते देश के भीतर और अधिक हिंसा पनपेगी। उन्होंने हिंदू और मुसलमानों के सांप्रदायिक विभाजन के बारे में अपने विचार के पक्ष मे ऑटोमोन साम्राज्य और चेकोस्लोवाकिया के विघटन जैसी ऐतिहासिक घटनाओं का उल्लेख किया।

उन्होंने पूछा कि क्या पाकिस्तान की स्थापना के लिये पर्याप्त कारण मौजूद थे? और सुझाव दिया कि हिंदू और मुसलमानों के बीच के मतभेद एक कम कठोर कदम से भी मिटाना संभव हो सकता था। उन्होंने लिखा है कि पाकिस्तान को अपने अस्तित्व का औचित्य सिद्ध करना चाहिये। कनाडा जैसे देशों मे भी सांप्रदायिक मुद्दे हमेशा से रहे हैं पर आज भी अंग्रेज और फ्रांसीसी एक साथ रहते हैं, तो क्या हिंदु और मुसलमान भी साथ नहीं रह सकते। उन्होंने चेताया कि दो देश बनाने के समाधान का वास्तविक क्रियान्वयन अत्यंत कठिनाई भरा होगा। विशाल जनसंख्या के स्थानान्तरण के साथ सीमा विवाद की समस्या भी रहेगी। भारत की स्वतंत्रता के बाद होने वाली हिंसा को ध्यान मे रख कर यह भविष्यवाणी कितनी सही थी

संविधान निर्माण

मैं व्यक्तिगत रूप से समझ नहीं पा रहा हूं कि क्यों धर्म को इस विशाल, व्यापक क्षेत्राधिकार के रूप में दी जानी चाहिए ताकि पूरे जीवन को कवर किया जा सके और उस क्षेत्र पर अतिक्रमण से विधायिका को रोक सके। सब के बाद, हम क्या कर रहे हैं के लिए इस स्वतंत्रता? हमारे सामाजिक व्यवस्था में सुधार करने के लिए हमें यह स्वतंत्रता हो रही है, जो असमानता, भेदभाव और अन्य चीजों से भरा है, जो हमारे मौलिक अधिकारों के साथ संघर्ष करते हैं।

अपने सत्य परंतु विवादास्पद विचारों और गांधी व कांग्रेस की कटु आलोचना के बावजूद बी आर अम्बेडकर की प्रतिष्ठा एक अद्वितीय विद्वान और विधिवेत्ता की थी जिसके कारण जब, 15 अगस्त 1947 में भारत की स्वतंत्रता के बाद, कांग्रेस के नेतृत्व वाली नई सरकार अस्तित्व मे आई तो उसने अम्बेडकर को देश का पहले कानून मंत्री के रूप में सेवा करने के लिए आमंत्रित किया, जिसे उन्होंने स्वीकार कर लिया। 29 अगस्त 1947 को, अम्बेडकर को स्वतंत्र भारत के नए संविधान की रचना के लिए बनी संविधान मसौदा समिति के अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया। अम्बेडकर ने मसौदा तैयार करने के इस काम मे अपने सहयोगियों और समकालीन प्रेक्षकों की प्रशंसा अर्जित की। इस कार्य में अम्बेडकर का शुरुआती बौद्ध संघ रीतियों और अन्य बौद्ध ग्रंथों का अध्ययन बहुत काम आया।

संघ रीति मे मतपत्र द्वारा मतदान, बहस के नियम, पूर्ववर्तिता और कार्यसूची के प्रयोग, समितियाँ और काम करने के लिए प्रस्ताव लाना शामिल है। संघ रीतियाँ स्वयं प्राचीन गणराज्यों जैसे शाक्य और लिच्छवि की शासन प्रणाली के निदर्श (मॉडल) पर आधारित थीं। अम्बेडकर ने हालांकि उनके संविधान को आकार देने के लिए पश्चिमी मॉडल इस्तेमाल किया है पर उसकी भावना भारतीय है।

अम्बेडकर द्वारा तैयार किया गया संविधान पाठ मे संवैधानिक गारंटी के साथ व्यक्तिगत नागरिकों को एक व्यापक श्रेणी की नागरिक स्वतंत्रताओं की सुरक्षा प्रदान की जिनमें, धार्मिक स्वतंत्रता, अस्पृश्यता का अंत और सभी प्रकार के भेदभावों को गैर कानूनी करार दिया गया। अम्बेडकर ने महिलाओं के लिए धरा370व्यापक आर्थिक और सामाजिक अधिकारों की वकालत की और अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लोगों के लिए सिविल सेवाओं, स्कूलों और कॉलेजों की नौकरियों मे आरक्षण प्रणाली शुरू के लिए सभा का समर्थन भी हासिल किया, भारत के विधि निर्माताओं ने इस सकारात्मक कार्यवाही के द्वारा दलित वर्गों के लिए सामाजिक और आर्थिक असमानताओं के उन्मूलन और उन्हे हर क्षेत्र मे अवसर प्रदान कराने की चेष्टा की जबकि मूल कल्पना मे पहले इस कदम को अस्थायी रूप से और आवश्यकता के आधार पर शामिल करने की बात कही गयी थी। 26 नवम्बर 1949 को संविधान सभा ने संविधान को अपना लिया। अपने काम को पूरा करने के बाद, बोलते हुए, अम्बेडकर ने कहा

मैं महसूस करता हूं कि संविधान, साध्य (काम करने लायक) है, यह लचीला है पर साथ ही यह इतना मज़बूत भी है कि देश को शांति और युद्ध दोनों के समय जोड़ कर रख सके। वास्तव में, मैं कह सकता हूँ कि अगर कभी कुछ गलत हुआ तो इसका कारण यह नही होगा कि हमारा संविधान खराब था बल्कि इसका उपयोग करने वाला मनुष्य अधम था।

1951 मे संसद में अपने हिन्दू कोड बिल के मसौदे को रोके जाने के बाद अम्बेडकर ने मंत्रिमंडल से इस्तीफा दे दिया इस मसौदे मे उत्तराधिकार, विवाह और अर्थव्यवस्था के कानूनों में लैंगिक समानता की मांग की गयी थी। हालांकि प्रधानमंत्री नेहरू, कैबिनेट और कई अन्य कांग्रेसी नेताओं ने इसका समर्थन किया पर संसद सदस्यों की एक बड़ी संख्या इसके खिलाफ़ थी। अम्बेडकर ने 1952 में लोक सभा का चुनाव एक निर्दलीय उम्मीदवार के रूप मे लड़ा पर हार गये। मार्च 1952 मे उन्हें संसद के ऊपरी सदन यानि राज्य सभा के लिए नियुक्त किया गया और इसके बाद उनकी मृत्यु तक वो इस सदन के सदस्य रहे।

संदर्भ :

Ambedkar, Bhimrao Ramji (1946). "Chapter X: Social Stagnation". Pakistan or the Partition of India. Bombay: Thackers Publishers. पृ 215-219. अभिगमन तिथि 2009-10-08.

"Ambedkar with UCC". Outlook India. अभिगमन तिथि 14 August w®vx.

"One nation one code: How Ambedkar and others pushed for a uniform code before Partition".

IEA. "Dr. B.R. Ambedkar's Economic and Social Thoughts and Their Contemporary Relevance". IEA Newsletter – The Indian Economic Association(IEA). India: IEA publications. प 10. Archived from the original on 16 October 2013.

Mishra, edited by S.N. (2010). Socio-economic and political vision of Dr. B.R. Ambedkar. New Delhi: Concept Publishing Company. पृ? 173-174. आईएसबीएन 818069674-

TNN (15 October 2013). "'Ambedkar had a vision for food self-sufficiency'". The Times of India. Archived from the original on 17 October 2015. अभिगमन तिथि 15 October 2013.

Zelliot, Eleanor (1991). "Dr. Ambedkar and America". A talk at the Columbia University Ambedkar Centenary. Archived from the original on x November 2013. अभिगमन तिथि= 15 October 2013.

International Research Journal | अंतर्राष्ट्रीय मासिक शोध पत्रिका | ISSN-0975-4431

मध्यप्रदेश के पत्रकारों की सामाजिक आर्थिक दशा एवं उनकी धारणाओं का अध्ययन

अनवर खान मंसूरी
पी.एच.डी. शोधार्थी जनसंचार विभाग
माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय, भोपाल, म.प्र.

सारांश:- दिन-रात शारीरिक एवं मानसिक रूप से अथक परिश्रम करने वाले श्रमजीवी पत्रकारों को अपनी मेहनत के हिसाब से वेतनमान नहीं मिलता है। जिसके कारण वह अपने इस पेषे से संतुष्ट कम और असंतुष्ट अधिक रहते हैं। नतीजतन, श्रमजीवी पत्रकार की सामाजिक स्थिति कार्यपालिक, विधायिका और न्यायपालिका के अधिकारी-कर्मचरियों जैसी नहीं होती हैं। कम वेतनमान के कारण जहां श्रमजीवी पत्रकार अपने पारिवारिक जीवन का ठीक से आनंद नहीं ले पा रहे हैं वहीं दूसरी ओर समयाभाव के कारण वह सामाजिक कार्यक्रमों में समाज के लोगों से मिलना-जुलना तक नहीं कर पाते हैं।

प्रस्तावना:

मीडिया को लोकतंत्र के चौथे स्तंभ की संज्ञा दी गई है, क्योंकि किसी भी लोकतांत्रिक समाज की व्यवस्था संचालन और उसे नई दिशा एवं दशा देने में मीडिया की भूमिका महत्तवपूर्ण होती है। ग्लोबलाईजेशन के इस दौर में सूचना और तकनीकी क्रांति के बाद दूसरे पायदान पर मीडिया की भूमिका और उसके प्रभाव में आषातीत वृद्धि हुई है। मीडिया की इस असिमित शक्ति और प्रभाव का प्रयोग व संचालन मानव, समाज और देष हित में करने की अहम जिम्मेदारी उन श्रमजीवी पत्रकारों के कंधों पर है जिनके अंदर समर्पण, त्याग, आत्मसंयम और सहनशीलता का जज्बा है। जो अपनी बुद्धि, ज्ञान और अपने विचारों से देष और समाज हित में कुछ करने का हौंसला रखते हैं। मीडिया संस्थान में काम करने वाले हर पत्रकारों की गिनती एक बुद्धिजीवी प्राणी के रूप में होती हैं। इनकी कलम बिना किसी स्वार्थ और भेदभाव किए जनता के कल्याण और देष हित में चलती है।

प्रत्येक पत्रकार जात-पात और धर्म से उठकर सम्पूर्ण मानवता के विकास को ध्यान में रखते हुए कलम चलाला है। वही प्रत्येक की पत्रकार के अचार-विचार सोचने की क्षमता और धारणाएं अलग-अलग होती है। ऐसे में श्रमजीवी पत्रकारों का सामाजिक जीवन कैसा है? उनकी आर्थिक स्थिति कैसी है? वह वर्तमान पत्रकारिता के बारे में क्या सोचते है? इन सबके बारे में उक्त शोध में अध्ययन किया गया।

शोध के उद्देश्य:

1. मध्य प्रदेश के विभिन्न मीडिया संस्थानों (प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक्स) में श्रमजीवी पत्रकारों की सामाजिक और आर्थिक दर्शाओं का अध्ययन करना।
2. पत्रकारों से अपनी नौकरी के बारे में संतुष्टि का पता लगाना।
3. पत्रकारों की धारणाओं के बारे में जानकारी हासिल करना।
4. श्रमजीवी पत्रकारों की वास्तविक समस्याओं का पता करना।

शोध की प्रासंगिकता:

पत्रकारों को सिर्फसालभर के लिए नियोजित किया जाता है, और बिना किसी पूर्व सूचना के उन्हें नौकरी से बेदखल कर दिया जाता है। बदले में न कोई मुआवजा राषि और न ही किसी प्रकार का भत्ता दिया जाता है। कार्यरत श्रमजीवी पत्रकारों को भी सुविधाओं के नाम पर कुछ नहीं दिया जाता है। काम के घंटे निर्धारित होने के बाद भी श्रमजीवी पत्रकारों से अनिष्चित घंटे काम काराया जाता हैं। क्षमता से अधिक कार्य करने से अधिकतर श्रमजीवी पत्रकार समय से पहले बूढें हो रहे हैं, वहीं मानसिक तनाव और विविध शारीरिक परेषानियों के वह षिकार हो रहे हैं। उनका व्यक्तिगत, पारिवारिक और सामाजिक जीवन निराषाजनक होता है। इस अध्ययन से प्राप्त निष्कर्ष के आधार पर सरकार को पत्रकारों के लिए कई हितकर एवं कल्याणकारी योजनाएं बनाने में भी सहायता मिलेगी। वहीं पत्रकार वर्ग खुद पत्रकारिता के साथ-साथ अपने सामाजिक जीवन को खुशहाल बना सके, अपने भविष्य एवं हितों की रक्षा, सुरक्षा और संरक्षा सुनिश्चित करने हेतु विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं बनाने की ओर कई ठोस कदम उठाने के लिए वह सरकार से मांग भी कर सकते हैं।

शोध प्ररचना एवं प्रविधि:

अनुसंधान में आंकड़ों के एकत्रीकरण के लिए प्रष्नावली प्रविधि का प्रयोग किया गया। सैंपल का चयन उद्देष्यपूर्ण तरीके से किया गया। इसके अंतर्गत मध्यप्रदेष में प्रकाषित एवं प्रसारित होने वाले विभिन्न मीडिया संस्थानों (प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक) में कार्यरत श्रमजीवी पत्रकारों में से सैम्पल के रूप में 500 का चयन किया। सर्वे के लिए मध्यप्रदेष की राजधानी भोपाल सहित संभाग, जिला एवं तहसील स्तर पर कार्यरत श्रमजीवी पत्रकारों को शामिल किया गया। ईकाई के रूप में एडिटर, संवाददाता, सब एडिटर और फोटोजर्नलिस्ट को लिया गया। इसमें मध्यप्रदेश के 10 संभागों में से 4 संभाग भोपाल, इंदौर, जबलपुर एवं ग्वालियर शामिल हैं। 51

जिलों में से 6 जिले देवास, सीहोर, रायसेन, विदिषा, होषंगाबाद और हरदा को शामिल किया गया था।

विवेचना एवं विश्लेषण:

सर्वेक्षण विधि के माध्यम से मध्यप्रदेश के चयनित श्रमजीवी पत्रकारों से विविध पहलुओं को दृष्टिगत करते हुए प्रश्न पूछे गए। विविध प्रश्नों पर अलग-अलग मीडिया संस्थानों में कार्यरत पत्रकारों ने अपनी अलग-अलग राय रखी।

ग्राफ-1. उत्तरदाताओं के मीडिया संस्थान का प्रकार



ग्राफ-1 के अनुसार, कुल उत्तरदाताओं में 61.4 प्रतिशत प्रिंट मीडिया में वर्तमान में विभिन्न पदों पर कार्यरत हैं, जबकि 22.4 प्रतिशत उत्तरदाता इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। जबकि 16.2 प्रतिशत उत्तरदाता डिजिटल/ऑनलाइन माध्यम में कार्यरत हैं। प्रिंट माध्यम में कार्य करने वाले पत्रकारों की संख्या दूसरे माध्यमों की तुलना में अधिक हैं। वहीं इलेक्ट्रॉनिक और डिजिटल मीडिया में कार्यरत पत्रकारों की संख्या अपेक्षाकृत कम है।

ग्राफ-2. उत्तरदाताओं की नौकरी का प्रकार



ग्राफ-2 के अनुसार कुल उत्तरदाताओं में सिर्फ 34.8 प्रतिशत लोग परमानेंट नौकरी पर है। वहीं 46 प्रतिशत श्रमजीवी पत्रकार कॉन्टैक्ट पर कार्यरत है। जबकि 19.2 प्रतिशत उत्तरदाता केजुअल के रूप में मीडिया संस्थानों में काम कर रहे है। मीडिया संस्थानों में परमानेंट नौकरी की तुलना में कॉन्टैक्ट और केजुअल नौकरी वाले श्रमजीवी पत्रकार अधिक हैं।



ग्राफ-3 के अनुसार कुल उत्तरदाताओं में 37.2 प्रतिशत को प्रतिमाह 5 से 15 हजार रूपए तक वेतनमान मिलता हैं। वहीं 30.4 प्रतिशत उत्तरदाताओं को 16-25 हजार रूपए, 17.4 प्रतिशत उत्तरदाताओं को 26-35 हजार रूपए, 5.2 प्रतिशत को 36-45 हजार रूपए, 3.2 प्रतिशत को 46-55 हजार रूपए, 3.8 प्रतिशत को 56-65 हजार रूपए और 2.8 प्रतिशत 66 हजार रूपए प्रतिमाह वेतनमान मिलता है। मीडिया संस्थानों में अधिक वेतनमान पाने उत्तरदाताओं की तुलना में कम वेतनमान वालों की संख्या ज्यादा है।

तालिका एवं ग्राफ-4. उत्तरदाताओं का वेजबोर्ड के अनुसार वेतनमान



ग्राफ-4 के अनुसार कुल 500 उत्तरदाताओं में से कुल 37 यानी 7.4 प्रतिषत श्रमजीवी पत्रकारों ने हां में जवाब दिया। वहीं 463 उत्तरदाताओं ने यानी 92.6 प्रतिशत श्रमजीवी पत्रकारों को मजीठिया वेजबोर्ड के अनुसार वेतनमान नहीं मिल रहा है। मजीठिया वेजबोर्ड के अनुसार सैलरी मिलने वालों की तुलना में नहीं मिलने वाले श्रमजीवी पत्रकारों की संख्या बहुत अधिक है।

ग्राफ-5. उत्तरदाताओं में सरकारी अधीमान्यता कार्डधारी

ग्राफ-5 के अनुसार कुल 500 उत्तरदाताओं में से 24 यानी 4.8 प्रतिषत श्रमजीवी पत्रकार तहसील स्तरीय कार्डधारी हैं। वहीं 84 यानी 16.8 प्रतिषत जिला स्तरीय और 78 यानी 15.6 प्रतिषत राज्य स्तरीय अधीमान्यता कार्डधारी हैं। वहीं 16 यानी 3.2 प्रतिषत उत्तरदाता फ्रीलांस पत्रकार हैं। जबकि 298 यानी 59.6 प्रतिषत ऐसे श्रमजीवी पत्रकार है जो किसी भी प्रकार के अधीमान्यता कार्डधारक नहीं हैं।

ग्राफ6- कार्य घंटे की महिला एवं पुरूष उत्तरदा





ग्राफ-6 के अनुसार कुल 500 उत्तरदाताओं में 100 यानी 20 प्रतिशत उत्तरदाता 7-8 घंटे कार्य करते हैं, इसमें से 16 महिलाएं श्रमजीवी पत्रकार एवं 84 पुरूष श्रमजीवी पत्रकार हैं। वहीं 217 यानी 43.4 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने 9-11 घंटे कार्य करना बताया हैं, इसमें से 34 महिलाएं एवं 183 पुरूष श्रमजीवी पत्रकार शामिल हैं। 183 उत्तरदाताओं यानी 36.6 प्रतिशत ने 12 घंटे से अधिक कार्य करना बताया हैं। इसमें से 13 महिलाएं एवं 170 पुरूष श्रमजीवी पत्रकार हैं। मीडिया संस्थानों में 7-8 घंटे की तुलना में 9-11 घंटे और 12 घंटे तक कार्य करने वाले श्रमजीवी पत्रकार सबसे अधिक है

ग्राफ-7. पत्रकारिता आजीविका का मुख्य साधन या शौकिया



ग्राफ-7 के अनुसार कुल 500 उत्तरदाताओं में 351 यानी 70.2 प्रतिषत उत्तरदाता के लिए पत्रकारिता को आजीविका का मुख्य साधन है। वहीं मात्र 35 यानी 7.0 प्रतिशत श्रमजीवी पत्रकार पत्रकारिता शौकिया तौर पर कर रहे हैं। जबकि 114 उत्तरदाता यानी 22.8 प्रतिषत उत्तरदाताओं के लिए पत्रकारिता दोनों मतबल आजीविका एवं शौकिया दोनों है। पत्रकारिता को शौकिया, आजीविका एवं शौकिया दोनों की तुलना में आजीविका का मुख्य साधन के रूप में अपनाने वाले पत्रकारों की संख्या अधिक है।

ग्राफ-8. उत्तरदाताओं द्वारा साप्ताहिक अवकाश बिताना पसंद करना



ग्राफ-8 के अनुसार कुल 500 उत्तरदाताओं में 302 यानी 60.4 प्रतिषत परिवार के साथ अपना सप्ताह अवकाश बिताना पसंद करते हैं। वहीं 20 यानी 4 प्रतिशत उत्तरदाता अपने पत्रकार साथी के साथ, 35 यानी 7 प्रतिषत लोगों ने साप्ताहिक अवकाश वाले दिन समाजसेवा का कार्य करना पसंद किया। वहीं 45 यानी 9 प्रतिशत पत्रकार सप्ताहिक छुट्टी का दिनभर दोस्तों के साथ बिताना चाहते हैं, और 98 उत्तरदाता यानी 19.6 प्रतिशत पत्रकार साप्ताहिक अवकाश के दिन एकांत में रहना चाहते हैं। मीडिया संस्थानों में कार्यरत ऐसे श्रमजीवी पत्रकारों की संख्या बहुत अधिक हैं जो साप्ताहिक अवकाश के दिन को परिवार के साथ गुजारना अधिक पसंद करते हैं। वहीं

ऐसे श्रमजीवी पत्रकारों की संख्या बहुत कम हैं जो सप्ताह में मिलने वाली एक दिन की छुट्टी को अपने पत्रकार साथी, समाजसेवा, दोस्तों और एकांत में बिताते हैं।

ग्राफ9. उत्तरदाताओं के स्वयं एवं परिवार के सदस्यों का स्वास्थ्य बीमा



ग्राफ-9 के अनुसार कुल उत्तरदाताओं में से 139 यानी 27.8 प्रतिशत ने स्वयं एवं परिवार के सदस्यों का सरकारी पत्रकार स्कीम के तहत स्वास्थ्य बीमा करा रखा हैं, वहीं 14 यानी 2.8 प्रतिशत पत्रकारों ने सरकारी स्कीम के माध्यम से केवल स्वयं का हेल्थ बीमा, 96 यानी 19.2 प्रतिशत पत्रकारों ने परिवार के सदस्यों सहित स्वयं का स्वास्थ्य बीमा निजी कंपनियों से कराया हुआ हैं। 41 उत्तरदाताओं यानी 8.2 प्रतिशत पत्रकारों ने निजी कंपनी से केवल स्वयं का स्वास्थ्य बीमा कराया हैं। जबकि 210 उत्तरदाताओं यानी 42 प्रतिशत मध्यप्रदेश के श्रमजीवी पत्रकारों ने न तो स्वयं का और न ही अपने परिवार के सदस्यों को सरकारी पत्रकार स्कीम एवं निजी कंपनी दोनों जगहों से स्वास्थ्य बीम नहीं कराया हैं। हालांकि स्वास्थ्य बीमा न करने वालों की तुलना में बीमा कराने वालों की संख्या बहुत अधिक हैं। इसमें एक अच्छी बात ये सामने आई है कि मध्यप्रदेश शासन जनसम्पर्क विभाग द्वारा संचालित सरकारी पत्रकार बीमा योजना के तहत स्वयं एवं परिवार के सदस्यों का बीमा कराने वालों की संख्या निजी कंपनी से बीमा कराने वालों की तुलना में अधिक हैं। सरकारी स्वास्थ्य बीमा योजना का श्रमजीवी पत्रकार लाभ उठा रहे हैं।

ग्राफ10. पत्रकारिता में करियर बनाने हेतु परिवार के बच्चे को प्रेरित करना



ग्राफ-10 के अनुसार कुल 500 उत्तरदाताओं में से 69 यानी 13.8 प्रतिशत श्रमजीवी पत्रकारों ने हां कहा कि वह अपने परिवार के बच्चों को पत्रकारिता पेशे में करियर बनाने के लिए प्रेरित करेंगे। जबकि 431 यानी 86.2 प्रतिशत श्रमजीवी पत्रकारों ने मना किया है कि वह बिलकुल भी अपने बच्चों को पत्रकारिता पेशे में करियर बनाने के लिए प्रेरित नहीं करेंगे। मीडिया संस्थानों में कार्यरत श्रमजीवी पत्रकारों जो अपने बच्चों को इस पेशे में नहीं लेकन आने वालों की संख्या बहुत अधिक हैं। जबकि बहुत कम संख्या ऐसे पत्रकारों की हैं जो अपने बच्चों को इस पेशे में लाना चाहते हैं। इससे पता चलता है कि श्रमजीवी पत्रकार इस पेशे को अच्छा नहीं मानते है और वह परिस्थितिवश पत्रकारिता से जुड़े हुए हैं।

ग्राफ-11. दूसरी नौकरी मिलने पर पत्रकारिता छोड़ने महिला एवं पुरूष उत्तरदाताओं के विचारों की तुलना



ग्राफ-11 के अनुसार कुल 500 उत्तरदाताओं में से 257 श्रमजीवी पत्रकार यानी 51.4 प्रतिशत दूसरी अच्छी नौकरी मिलने पर पत्रकारिता तुरंत छोड़ने चाहते हैं। इसमें से 32 यानी 50.8 प्रतिशत महिला श्रमजीवी पत्रकार हैं और 225 यानी 51.8 प्रतिशत पुरूष श्रमजीवी पत्रकार शामिल हैं। वहीं 128 उत्तरदाताओं ने यानी 25.6 प्रतिशत श्रमजीवी पत्रकारों ने कहा कि दूसरी नौकरी मिलने पर वह एकदम से नहीं बल्कि थोड़ा विचार करके पत्रकारिता छोड़ना चाहते हैं। इसमें से 23 उत्तरदाता यानी 36.5 प्रतिशत महिला पत्रकार एवं 105 उत्तरदाता यानी 24 प्रतिशत पुरूष पत्रकार हैं। 50 उत्तरदाताओं यानी 10 प्रतिशत श्रमजीवी पत्रकारों ने पत्रकारिता के साथ-साथ मिलने वाली दूसरी नौकरी दोनों करेंगे। इसमें 5 उत्तरदाता यानी 7.9 प्रतिशत महिला पत्रकार एवं 42 उत्तरदाता यानी 10.3 पुरूष पत्रकार शामिल हैं । वहीं 65 उत्तरदाताओं ने यानी 13 प्रतिशत श्रमजीवी पत्रकारों ने कहा कि वह दूसरी नौकरी करने के लिए पत्रकारिता को बिलकुल भी नहीं छोड़ेंगे। अर्थात् वह पत्रकारिता ही करेंगे। इसमें 3 उत्तरदाता यानी 4.8 प्रतिशत महिला श्रमजीवी पत्रकार एवं 64 उत्तरदाता यानी 14.2 प्रतिशत पुरूष श्रमजीवी पत्रकार हैं। मीडिया संस्थानों में कार्यरत ऐसे श्रमजीवी पत्रकारों की संख्या बहुत अधिक हैं जो अच्छी दूसरी नौकरी मिलने पर पत्रकारिता को तुरंत छोड़कर करना चाहते हैं।

निष्कर्ष :

✍ अध्ययन से प्राप्त तथ्यों से स्पष्ट है कि मीडिया संस्थानों में कार्यरत में श्रमजीवी पत्रकारों की सामाजिक स्थिति अच्छी नहीं हैं। समाज में विशेष सम्मान एवं पहचान पाने की इच्छा, और पत्रकारिता की चकाचौंद को देखकर अधिकतर लोग इस पेशे में आए हैं। देश और समाज में कुछ करने की इच्छा लेकर पत्रकारिता पेशे में आने वालों की संख्या बहुत कम हैं। कुछ लोग इस पेशे से अपनी जीविका का मुख्य साधन मानकर आए हैं तो कुछ पत्रकार बिना किसी पूर्व उद्देश्य के अचानक। हालांकि तथ्यों से साफहै कि अधिकतर पत्रकार अच्छे उद्देश्य लेकर ही पत्रकारिता में आते हैं, लेकिन बाद में भले ही उन्हें परिस्थितिवश हालातों से समझौता करना पड़ता हैं। इससे पत्रकारों की ये धारणायें सामने आई है कि यदि उन्हें अच्छा माहौल, निर्धारित वेजबोर्ड मजदूरी दर से वेतनमान और बेहतर अवसर प्रदान किए जाते हैं तो वह पत्रकारिता के मूल्यों और दायित्वों का सम्मान करेंगे। ऐसा होने पर वर्तमान पत्रकारों के उद्देश्यों में भटकाव की स्थिति, अवसरवादी और पत्रकारिता से स्वयं का हित साधने के तथ्य अपने आप में शून्य हो जाते हैं।

✍ तथ्यों के अनुसार 37.2 प्रतिषत श्रमजीवी पत्रकारों ऐसे हैं जिन्हें मात्र 5–15 हजार रूपए प्रतिमाह वेतन मिल रहा हैं। सिर्फ2.8 प्रतिशत श्रमजीवी पत्रकारों को 66 हजार रूपए से अधिक प्रतिमाह वेतन मिल रहा हैं, जिनकी संख्या बहुत कम हैं। अधिकतर पत्रकार अपने वेतनमान से असंतुष्ट हैं। 86.2 प्रतिशत श्रमजीवी पत्रकार अपने परिवार के बच्चों को पत्रकारिता के पेशे में लाना नहीं चाहते हैं। उन्हें पत्रकारिता में करियर बनाने के लिए प्रेरित भी नहीं करना चाहते। अधिकतर पत्रकारों को बहुत कम वेतनमान मिल रहा हैं। जिससे उनकी आर्थिक स्थिति और सामाजिक जीवन बेहतर नहीं हैं।

✍ आंकड़ों के अनुसार 51.4 प्रतिशत श्रमजीवी पत्रकार दूसरी नौकरी मिलने पर तुरंत पत्रकारिता को छोड़ना करना चाहते हैं। इससे साफहै कि अधिकतर पत्रकार अपने इस पेशे से संतुष्ट नहीं हैं। 351 यानी 70.2 प्रतिषत उत्तरदाताओं के लिए पत्रकारिता आजीविका का मुख्य साधन है। हालांकि कि तथ्यों के अनुसार मीडिया की चकाचौंध को देखकर आ तो गए लेकिन जब वह इस पेशे से संतुष्ट नहीं हैं। जिन्होंने बाद में पत्रकारिता को शौकिया से आजीविका के मुख्य साधन के रूप में अपना लिया।

✍ तथ्यों के अनुसार मात्र 27.8 प्रतिशत श्रमजीवी पत्रकारों ने सरकारी पत्रकार स्कीम बीमा के तहत स्वयं एवं परिवार के सदस्यों का स्वास्थ्य बीमा कराया हैं। इसमें एक अच्छी बात ये सामने आई है कि मध्यप्रदेश शासन जनसम्पर्क विभाग द्वारा संचालित सरकारी पत्रकार बीमा योजना का लाभ श्रमजीवी पत्रकार उठा रहे हैं लेकिन इनकी संख्या बहुत कम हैं। श्रमजीवी पत्रकारों की सबसे बड़ी समस्यां ये है कि उन्हें निर्धारित कार्य के घंटे से अधिक काम करना पड़ता हैं। 43.3 प्रतिशत श्रमजीवी पत्रकारों 9–11 घंटे और 36.6 प्रतिशत पत्रकार 12 घंटे से अधिक काम करते हैं। इससे पत्रकारों के मानसिक और शारीरिक क्षमता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।

✍ अध्ययन में सामने आया है कि 302 यानी 60.4 प्रतिषत श्रमजीवी पत्रकार अपने साप्ताहिक अवकाष वाले दिन को परिवार के साथ बिताना अधिक पसंद करते हैं। आकड़ें यह बताते हैं कि श्रमजीवी पत्रकार अपने पेशे में इतने व्यस्त रहते हैं कि परिवार को वह समय ही नहीं दे पाते हैं। समयभाव के कारण वह अकसर सामाजिक जीवन के कार्यक्रमों में शामिल ही नहीं हो पाते हैं।

संदर्भ ग्रंथ

" https//www.iiste.org/date/17 june, 2015.
" https//www.wipf.org/date/9july,2015.
" https//www.ijird.com/date/ nov.2015/ vol-4-issue12.
" https//www.media effects lecture2.doc/date/10 may, 2014.
" https www.indianresearchjournals.com/7 feb, 2014
" https//Jmcq.sagepub.com/ 6 june, 2013.
" https//AmericanJournalistSurvey.com/ 17jan, 2014.
" https// ShodhGanga.com/date/15 jun, 2015.
" https// WageIndiacator.org/ 17jun, 2015.
" जर्नलिज्म एवं मास कम्युनिकेशन पत्रिका,(जेएमसीक्यू डॉट सेजपब्लिकेषन डॉट काम),अंक, वर्ष 2015.

International Research Journal | अंतर्राष्ट्रीय मासिक शोध पत्रिका | ISSN-0975-4431

गोंड जनजाति में गतिशिलता (सामाजिक पहल)

श्रीमती अंजली गढ़वाल सहायक प्राध्यापक समाजशास्त्र विभाग
शास. महाविद्यालय रेहटी जिला सीहोर
डॉ. शैलजा दुबे
प्राध्यापक, समाजशास्त्र विभाग
एक्सीलेंस संस्थान कोलार रोड, भोपाल

गोंड (जनजाति), भारत की एक प्रमुख जनजाति हैं। गोंड भारत के कटि प्रदेश ङ्क विंध्यपर्वत, सतपुड़ा पठार, छत्तीसगढ़ मैदान में दक्षिण तथा दक्षिण–पश्चिम – में गोदावरी नदी तक फैले हुए पहाड़ों और जंगलों में रहनेवाली आस्ट्रोलायड नस्ल तथा द्रविड़ परिवार की एक जनजाति, जो संभवत- पाँचवीं–छठी शताब्दी में दक्षिण से गोदावरी के तट को पकड़कर मध्य भारत के पहाड़ों और जंगलों में फैल गई। आज भी मोदियाल गोंड जैसे समूह हैं जो जंगलों में प्राय- नंगे घूमते और अपनी जीविका के लिये शिकार तथा वन्य फल मूल पर निर्भर हैं। गोंडों की जातीय भाषा गोंडी है जो द्रविड़ परिवार की है और तेलुगु, कन्नड़, तमिल आदि से संबन्धित है।

परिचय–बूड़ादेव, दुल्लादेव, घनश्यामदेव, बूड़ापेन (सूर्य) और भीवासू गोंडों के मुख्य देवता हैं। इनके अतिरिक्त फसल, शिकार, बीमारियों और वर्षा आदि के भिन्न भिन्न देवी देवता हैं। इन देवताओं को सूअर, बकरे और मुर्गे आदि की बलि देकर प्रसन्न किया जाता है। गोंडों का भूत प्रेत और जादू टोने में अत्यधिक विश्वास है और इनके जीवन में जादू टोने की भरमार है। किंतु बाहरी जगत के संपर्क के प्रभावस्वरूप इधर इसमें कुछ कमी हुई है। अनेक गोंड लंबे समय से हिंदू धर्म तथा संस्कृति के प्रभाव में हैं और कितनी ही जातियों तथा कबीलों ने बहुत से हिंदू विश्वासों, देवी देवताओं, रीति रिवाजों तथा वेशभूषा को अपना लिया है। कोईतोर गोंडी पुरानी प्रथा के अनुसार मृतकों को दफनाया जाता है, किंतु बड़े और धनी लोगों के शव को जलाया जाने लगा है। स्त्रियाँ तथा बच्चे दफनाए जाते हैं।

आस्ट्रोलायड नस्ल की जनजातियों की भाँति विवाह संबंध के लिये गोंड भी सर्वत्र दो या अधिक बड़े समूहों में बंटे रहते हैं। एक समूह के अंदर की सभी शांखाओं के लोग 'भाई बंद' कहलाते हैं और सब शाखाएँ मिलकर एक बहिर्विवाही समूह बनाती हैं। कुछ क्षेत्रों से पाँच, छह और सात देवताओं की पूजा करनेवालों के नाम से ऐसे तीन समूह मिलते हैं

गोंड खेतिहर हैं और परंपरा से दहिया खेती करते हैं जो जंगल को जलाकर उसकी राख में की जाती है और जब एक स्थान की उर्वरता तथा जंगल समाप्त हो जाता है तब वहाँ से हटकर दूसरे स्थान को चुन लेते हैं। किंतु

सरकारी निषेध के कारण यह प्रथा बहुत कम हो गई है। समस्त गाँव की भूमि समुदाय की सपत्ति होती है और खेती के लिये व्यक्तिगत परिवरों को आवश्यकतानुसार दी जाती है। दहिया खेती पर रोक लगने से और आबादी के दबाव के कारण अनेक समूहों को बाहरी क्षेत्रों तथा मैदानों की ओर आना पड़ा। किंतु वनप्रिय होने के कारण गोंड समूह शुरू से खेती की उपजाऊ जमीन की ओर आकृष्ट न हो सके और धीरे धीरे बाहरी लोगों ने इनके इलाकों की कृषियोग्य भूमि पर सहमतिपूर्ण अधिकार कर लिया। इस दृष्टि से दो प्रकार के गोंड मिलते हैं = एक तो वे हैं जो सामान्य किसान और भूमिधर हो गए हैं, जैसे राजगोंड, रघुवल, डडवे और कतुल्या गोंड। दूसरे वे हैं जो मिले जुले गाँवों में खेत मजदूरों, भाड़ झोंकने, पशु चराने और पालकी ढोने जैसे सेवक जातियों के काम करते हैं।

गोंडों का प्रदेश गोंडवाना के नाम से भी प्रसिद्ध है जहाँ 15वीं तथा 17वीं शताब्दी के बीच गोंड राजवंशों के शासन स्थापित थे। किंतु गोंडों की छिटपुट आबादी समस्त मध्यप्रदेश में है। उड़ीसा, आंध्र और बिहार राज्यों में से प्रत्येक में दो से लेकर चार लाख तक गोंड हैं। असम के चाय बगीचोंवाले क्षेत्र में 50 हजार से अधिक गोंड आबाद हैं। इनके अतिरिक्त महाराष्ट्र और राजस्थान के कुछ क्षेत्रों में भी गोंड आबाद हैं। गोंडों की कुल आबादी 30 से 40 लाख के बीच आँकी जाती है, यद्यपि सन? 1941 की जनगणना के अनुसार यह संख्या 25 लाख है। इसका कारण यह है कि अनेक गोंड जातियाँ अपने को हिंदू जातियों में गिनती हैं। बंगाल, बिहार और उत्तर प्रदेश के दक्षिणी भागों में भी कुछ गोंड जातियाँ हैं जो हिंदू समाज का अंग बन गई हैं। गोंड जातियाँ हिंदू जातीय समाज के प्रायः निम्न स्तर पर स्थित हैं और कुछ की गिनती अछूतों में भी होती है। गोंड लोग अपने को 12 जातियों में विभक्त मानते हैं। किंतु उनकी 50 से अधिक जातियाँ हैं जिनमें ऊँच नीच का भेदभाव भी है।

वास्तव में गोंडों को शुद्ध रूप में एक जनजाति कहना कठिन है। इनके विभिन्न समूह सभ्यता के विभिन्न स्तरों पर हैं और धर्म, भाषा तथा वेशभूषा संबंधी एकता भी उनमें नहीं है; न कोई ऐसा जनजातीय संगठन है जो सब गोंडों को एकता के सूत्र में बाँधता हो। उदाहरणार्थ राजगोंड अपने को हिंदू और क्षत्रिय कहते हैं तथा उन्हीं की भाँति रहते हैं। अन्य अनेक समूह गोंडी भाषा तथा पुराने जनजातीय धर्म को छोड़ चुके हैं।

इतिहास–गोडों का भारत की जनजातियों में महत्वपूर्ण स्थान है जिसका मुख्य कारण उनका इतिहास है। 15वीं से 17वीं शताब्दी के बीच गोंडवाना में अनेक गोंड राजवंशों का दृढ़ और सफल शासन स्थापित था। इन शासकों ने बहुत से दृढ़ दुर्ग, तालाब तथा स्मारक बनवाए और सफल शासकीय नीति तथा दक्षता का परिचय दिया। इनके शासन की परिधि मध्य भारत से पूर्वी उत्तर प्रदेश और बिहार तक पहुँचती थी। अभी हाल तक इनके मंडला और गढ़मंडल नाम के दो राज्य रहे हैं। गोंडवाने की प्रसिद्ध रानी दुर्गावती गोंड जनजाति की ही थी।

गोंडों का नाम प्रायः खोंडों के साथ लिया जाता है जैसे भीलों का कोलों के साथ। यह संभवतः उनके भौगोलिक सांन्निध्य के कारण है।

कोईतोरगोंड का इतिहास उतना ही पुराना है जितना इस पृथ्वी –ग्रह पर मनुष्य, परन्तु लिखित इतिहास के प्रमाण के अभाव में खोज का विषय है। यहाँ गोंड जनजाति के प्राचीन निवास के क्षेत्र में आदि के शाक्ष्य उपलब्ध है। गोंड समुदाय द्रविढ़वर्ग के माने जाते है, जिनमे जाती व्यस्था नही थी। गहरे रंग के ये लोग इस देश में कोई 5–

6 हजार वर्ष पूर्व से निवासरत है। एक प्रमाण के आधार पर कहा जा सकता है की गोंड जाती का सम्बन्ध सिन्धु घटी की सभ्यता से भी रहा है।

गोंडवाना रानी दुर्गावती के शौर्य गाथाओं को आज भी गोंडी, हल्बी व भतरी लोकगीतों में बड़े गर्व के साथ गया जाता है। आज भी कई पारंपरिक उत्सवों में गोंडवाना राज्य के किस्से कहानियो को बड़े चाव से सुनकर उनके वैभवशाली इतिहास की परम्परा को याद किया जाता है। प्राचीन भूगोलशास्त्र के अनुससार प्राचीन विश्व के दो भूभाग को गोंडवाना लैंड व अंगारा लैंड के नाम से जन जाता है। गोंडवाना लैंड आदिकाल से निवासरत गोंड जनजाति के कारण जन जाता था, कालांतर में गोंड जनजातियों ने विश्व के विभिन्न हिस्सों में अपने-अपने राज्य विकसित किए, जिनमे से नर्मदा नदी बेसिन पर स्थित गढ़मंडला एक प्रमुख गोंडवाना राज्य रहा है। रजा संग्राम शाह इस साम्राज्य के पराक्रमी राजाओं में से एक थे, जिन्होंने अपने पराक्रम के बल पर राज्य का विस्तार व नए-नए किलों का निर्माण किया। 1541 में राजा संग्राम की मृत्यु पश्चात् कुंवर दल्पत्शाह ने पूर्वजों के अनुरूप राज्य की विशाल सेना में इजाफा करने के साथ-साथ राज्य का सुनियोजित रूप से विस्तार व विकास किया।

स्थापना-गोंडी धर्म की स्थापना पारी कुपार लिंगो ने शम्भूशेक के युग में की थी। गोंडी धर्म कथाकारों के अनुसार शम्भूशेक अर्थात महादेवजी का युग देश में आर्यों के आगमन से पहले हुआ था। इस काल से ही कोया पुनेम धर्म का प्रचार हुआ था। गोंडी बोली में कोया का अर्थ मानव तथा पुनेम का अर्थ धर्म अर्थात मानव धर्म। आज से हजारों वर्ष पूर्व से गोंड जनजातियों द्वारा मानव धर्म का पालन किया जा रहा है। अर्थात गोंडी संस्कृति में वसुधैव कुटुम्बकम।

गोंडी मान्यताएँ-भारतीय समाज के निर्माण में गोंड संस्कृति का बहुत बड़ा योगदान रहा है। गोंडी संस्कृति की नींव पर भारतीय संस्कृति खड़ी है। गोंडवाना भूभाग में निवासरत गोंड जनजाति की अदभुत चेतना उनकी सामाजिक प्रथाओं , मनोवृत्तियों, भावनाओं आचरणों तथा भौतिक पदार्थों को आत्मसात करने की कला का परिचायक है, जो विज्ञानं पर आधारित है। समस्त गोंड समुदाय को पहांदी कुपार लिंगो ने कोया पुनेम के मध्यम से एक सूत्र में बंधने का काम किया। धनिकसर (धन्वन्तरी) नामक गोंड विद्वान् ने रसायन विज्ञान अवं वनस्पति विज्ञान का तथा हीरा सुका ने सात सुरों का परिचय कराया था।

भाषा-गोंडी भाषा गोंडवाना साम्राज्य की मातृभाषा है। गोंडी भाषा अति पाचं भाषा होने के कारन अनेक देशी विदेशी भाषाओं की जननी रही है। गोंडी धर्म दर्शन के अनुसार गोंडी भाषा का निर्माण आराध्य देव शम्भू शेक के डमरू से हुई है, जिसे गोएन्दाधि वाणी या गोंदवानी कहा जाता है। अति प्राचीन भाषा होने की वजह से गोंडी भाषा अपने आप में पूरी तरह से पूर्ण है। गोंडी भाषा की अपनी लिपि है, व्याकरण है जिसे समय-समय पर गोंडी साहित्यकारों ने पुस्तकों के माध्यम से प्रकाशित किया है। गोंडवाना साम्राज्य के वंशजो को अपनी भाषा लिपि का ज्ञान होना अति आवश्यक है। भाषा समाज की माँ होती है, इसलिए इसे मातृभाषा के रूप में आदर भी दिया जाता है। गोंदियाँ समाज की अपनी मातृभाषा गोंडी है, जिसे आदर और सम्मान से भविष्यनिधि के रूप में संचय करना चाहिए।

अध्ययन की उपलब्धियों से यह पता चलता है कि उनके सांस्कृतिक स्वरूप में काफी परिवर्तन हुआ है.उनकी

भौतिक एवम् आध्यात्मिक संस्कृति में काफी अंतर आया है.भौतिक संस्कृति में नयी सामग्रियों तथा नए ढंग की वस्तुएं,प्रसाधन सामग्री,वस्त्र आदि का समावेश हो चुका है.इससे इनकी अर्थव्यवस्था में अपेक्षाकृत अधिक व्यय के कारण संतुलन हो गया है.परंपरागत विवाह एवम् यौन सम्बन्धी व्यवस्था पर भी प्रभाव पड़ा है.और इनके परम्परागत नियम टूट रहे है.उनकी अपनी परंपरागत संस्थाओं तथा युवागृह का अस्तित्व समाप्त हो जाने के कारण उनकी संस्कृति के बारे में मौखिक शिक्षा देने वाली संस्था का अंत हो गया है.इस प्रकार गोंड जनजाति के सम्मुख सामाजिक-सांस्कृतिक विघटन की समस्या आ खड़ी हुई है. इस पुस्तक की महत्ता सैद्धांतिक व् व्यवहारिक दोनों स्तरों पर है.त्रिशास्त्र का अध्येता होने के कारण लेखक ने गोंड जनजाति की संस्कृति में परिवर्तन विषयक सभी आयामों को इस पुस्तक में प्रस्तुत किया है.यह पुस्तक मानवशास्त्र एवम् समाजशास्त्र के विद्यार्थियों के साथ ही साथ समाजवैज्ञानिकों और प्रशासकों को भी उपयोगी तथ्य एवम् सूचनाएं प्रस्तुत करने में सफल होगी.

बड़ादेव (सृजन करने वाली शक्ति), दुल्हा दुल्ही देव (शादी विवाह सूत्र में बाँधने वाला देव), पंडा पंडिन (रोग दोष का निवारण करने वाला देव), बूड़ादेव (बूढाल पेन) कुलदेवता या पुरखा, जिसमे उनके माता पिता को भी सम्मिलित किया जाता है, नारायण देव (सूर्य) और भीवासू गोंडों के मुख्य देवता हैं। इनके अतिरिक्त ग्रामों में ग्राम देवता के रूप में खेरमाई (ग्राम की माता), ठाकुर देव, खीला मुठ्वा, नारसेन (ग्राम की सीमा पर पहरा देने वाला देव), ग्राम के लोगों की सुरक्षा, फसलों की सुरक्षा, पशुओं की सुरक्षा, शिकार, बीमारियों और वर्षा आदि के भिन्न भिन्न देवी देवता हैं। इन देवताओं को बकरे और मुर्गे आदि की बलि देकर प्रसन्न किया जाता है। गोंडों का भूत प्रेत और जादू टोने में अत्यधिक विश्वास है और इनके जीवन में जादू टोने की भरमार है। किंतु बाहरी जगत के संपर्क के प्रभावस्वरूप इधर इसमें कुछ कमी हुई है। अनेक गोंड लंबे समय से हिंदू धर्म तथा संस्कृति के प्रभाव में हैं और कितनी ही जातियों तथा कबीलों ने बहुत से हिंदू विश्वासों, देवी देवताओं, रीति रिवाजों तथा वेशभूषा को अपना लिया है। पुरानी प्रथा के अनुसार मृतकों को दफनाया जाता है, किंतु बड़े और धनी लोगों के शव को जलाया जाने लगा है। स्त्रियाँ तथा बच्चे दफनाए जाते हैं।

आस्ट्रोलायड नस्ल की जनजातियों की भाँति विवाह संबंध के लिये गोंड भी सर्वत्र दो या अधिक बड़े समूहों में बंटे रहते हैं। एक समूह के अंदर की सभी शांखाओं के लोग भाई बंद कहलाते हैं और सब शाखाएँ मिलकर एक बहिर्विवाही समूह बनाती हैं। कुछ क्षेत्रों से पाँच, छह और सात देवताओं की पूजा करनेवालों के नाम से ऐसे तीन समूह मिलते हैं। विवाह के लिये लड़के द्वारा लड़की को भगाए जाने की प्रथा है। भीतरी भागों में विवाह पूरे ग्राम समुदाय द्वारा संपन्न होता है और वही सब विवाह संबंधी कार्यो के लिये जिम्मेदार होता है। ऐसे अवसर पर कई दिन तक सामूहिक भोज और सामूहिक नृत्यगान चलता है। हर त्यौहार तथा उत्सव का मद्यपान आवश्यक अंग है। वधूमूल्य की प्रथा है और इसके लिए बैल तथा कपड़े दिए जाते हैं।

युवकों की मनोरंजन संस्था - गोतुल का गोंडों के जीवन पर बहुत प्रभाव है। बस्ती से दूर गाँव के अविवाहित युवक एक बड़ा घर बनाते हैं। जहाँ वे रात्रि में नाचते, गाते और सोते हैं; एक ऐसा ही घर अविवाहित युवतियाँ भी तैयार करती हैं। बस्तर के मारिया गोंडों में अविवाहित युवक और युवतियों का एक ही कक्ष होता है जहाँ वे मिलकर नाचगान करते हैं।

गोंड खेतिहर हैं और परंपरा से दहिया खेती करते हैं जो जंगल को जलाकर उसकी राख में की जाती है और जब एक स्थान की उर्वरता तथा जंगल समाप्त हो जाता है तब वहाँ से हटकर दूसरे स्थान को चुन लेते हैं। किंतु सरकारी निषेध के कारण यह प्रथा बहुत कम हो गई है। समस्त गाँव की भूमि समुदाय की सपत्ति होती है और खेती के लिये व्यक्तिगत परिवरों को आवश्यकतानुसार दी जाती है। दहिया खेती पर रोक लगने से और आबादी के दबाव के कारण अनेक समूहों को बाहरी क्षेत्रों तथा मैदानों की ओर आना पड़ा। किंतु वनप्रिय होने के कारण गोंड समूह शुरू से खेती की उपजाऊ जमीन की ओर आकृष्ट न हो सके और धीरे धीरे बाहरी लोगों ने इनके इलाकों की कृषियोग्य भूमि पर सहमतिपूर्ण अधिकार कर लिया। इस दृष्टि से गोंड कि चार बड़ी उपजाति मिलती हैं = एक तो वे हैं जो सामान्य किसान और भूमिधर हो गए हैं, जैसे–= राजगोंड, रघुवल, डडवे और कतुल्या गोंड। दूसरे वे हैं जो मिले जुले गाँवों में खेत मजदूरों, भाड़ झोंकने, पशु चराने और पालकी ढोने जैसे सेवक जातियों के काम करते हैं।

गोंडों का प्रदेश गोंडवाना के नाम से भी प्रसिद्ध है जहाँ 15वीं तथा 17वीं शताब्दी के बीच गोंड राजवंशों के शासन स्थापित थे। किंतु गोंडों की छिटपुट आबादी समस्त मध्यप्रदेश में है। उड़ीसा, आंध्र और बिहार राज्यों में से प्रत्येक में दो से लेकर चार लाख तक गोंड हैं। असम के चाय बगीचोंवाले क्षेत्र में 50 हजार से अधिक गोंड आबाद हैं। इनके अतिरिक्त महाराष्ट्र और राजस्थान के कुछ क्षेत्रों में भी गोंड आबाद हैं। गोंडों की कुल आबादी 30 से 40 लाख के बीच आँकी जाती है, यद्यपि सन्? 1941 की जनगणना के अनुसार यह संख्या 25 लाख है। इसका कारण यह है कि अनेक गोंड जातियाँ अपने को हिंदू जातियों में गिनती हैं। बंगाल, बिहार और उत्तर प्रदेश के दक्षिणी भागों में भी कुछ गोंड जातियाँ हैं जो हिंदू समाज का अंग बन गई हैं। गोंड जनजाति के लोग अपने को 12 जातियों में विभक्त हैं। किंतु उनकी 50 से अधिक उपजातियाँ हैं जिनमें ऊँच नीच का भेदभाव भी है।

वास्तव में गोंडों को शुद्ध रूप में एक जनजाति कहना कठिन है। इनके विभिन्न समूह सभ्यता के विभिन्न स्तरों पर हैं और धर्म, भाषा तथा वेशभूषा संबंधी एकता भी उनमें नहीं है; न कोई ऐसा जनजातिय संगठन है जो सब गोंडों को एकता के सूत्र में बाँधता हो। उदाहरणार्थ राजगोंड समाज क्षत्रिय हैं । अन्य अनेक समूह गोंडी भाषा तथा पुराने जनजातीय धर्म को छोड़ चुके हैं। इनका इतिहास बहुत गौरवशाली है। राजगोंडो ने हिंदू धर्म अपना लिया है और कुछ ने इस्लाम को चुना है।

गोंडो का भारत की जनजातियों में महत्वपूर्ण स्थान है जिसका मुख्य कारण उनका इतिहास है। 15वीं से 17वीं शताब्दी के बीच गोंडवाना में अनेक गोंड राजवंशों का दृढ़ और सफल शासन स्थापित था। इन शासकों ने बहुत से दृढ़ दुर्ग, तालाब तथा स्मारक बनवाए और सफल शासकीय नीति तथा दक्षता का परिचय दिया। इनके शासन की परिधि मध्य भारत से पूर्वी उत्तर प्रदेश और बिहार तक पहुँचती थी। 15 वीं शताब्दी में चार महत्वपूर्ण गोंड साम्राज्य थे। जिसमें खेरला, गढ मंडला, देवगढ और चाँदागढ प्रमुख थे। गोंड राजा बख्त बुलंद शाह ने नागपुर शहर की स्थापना कर अपनी राजधानी देवगढ से नागपुर स्थानांतरित किया था। गोंडवाने की प्रसिद्ध रानी दुर्गावती गोंड जनजाति की ही थी।

आदिवासी गोंड का इतिहास उतना ही पुराना है जितना इस पृथ्वी –ग्रह पर मनुष्य, परन्तु लिखित इतिहास के

प्रमाण के अभाव में खोज का विषय है। यहाँ गोंड जनजाति के प्राचीन निवास के क्षेत्र में आदि के शाक्ष्य उपलब्ध है। गोंड समुदाय द्रविढ़वर्ग के माने जाते है, जिनमे जाती व्यस्था नहीं थी। गहरे रंग के ये लोग इस देश में कोई 5-6 हजार वर्ष पूर्व से निवासरत है। एक प्रमाण के आधार पर कहा जा सकता है कि गोंड जाती का सम्बन्ध सिन्धु घटी की सभ्यता से भी रहा है।

प्राचीन गोंडवाना का नक्शा

गोंडवाना रानी दुर्गावती के शौर्य गाथाओं को आज भी गोंडी, हल्बी व भतरी लोकगीतों में बड़े गर्व के साथ गया जाता है। आज भी कई पारंपरिक उत्सवों में गोंडवाना राज्य के किस्से कहानियो को बड़े चाव से सुनकर उनके वैभवशाली इतिहास की परम्परा को याद किया जाता है। प्राचीन भूगोलशास्त्र के अनुससार प्राचीन विश्व के दो भूभाग को गोंडवाना लैंड व अंगारा लैंड के नाम से जन जाता है। गोंडवाना लैंड आदिकाल से निवासरत गोंड जनजाति के कारण जन जाता था, कालांतर में गोंड जनजातियों ने विश्व के विभिन्न हिस्सों में अपने-अपने राज्य विकसित किए, जिनमे से नर्मदा नदी बेसिन पर स्थित गढ़मंडला एक प्रमुख गोंडवाना राज्य रहा है। राजा संग्राम शाह इस साम्राज्य के पराक्रमी राजाओं में से एक थे, जिन्होंने अपने पराक्रम के बल पर राज्य का विस्तार व नए-नए किलों का निर्माण किया। 1541 में राजा संग्राम की मृत्यु पश्चात् कुंवर दल्पत्शाह ने पूर्वजों के अनुरूप राज्य की विशाल सेना में इजाफा करने के साथ-साथ राज्य का सुनियोजित रूप से विस्तार व विकास किया।

गोंड धर्म की स्थापना पारी कुपार लिंगो ने शम्भूशेक के युग में की थी। गोंडी धर्म कथाकारों के अनुसार शम्भूशेक अर्थात महादेवजी का युग देश में आर्यों के आगमन से पहले हुआ था। महादेवों की 88 पीढ़ियों का उल्लेख गोंडी गीत (पाटा), कहानी, किस्से में मौखिक रूप से मिलते हैं। महादेवों की 88 पीढ़ी में प्रथम पीढ़ी शंभू-मूला मध्य पीढ़ी में शंभू-गौरा एवं अंतिम पीढ़ी में शंभू-पार्वती का नाम आता है। प्रमुखत: शंभू-मूला, शंभू-गोंदा, शंभू-सय्या, शंभू-रमला, शंभू-बीरो, शंभू-रय्या, शंभू-अनेदी, शंभू-ठम्मा, शंभू-गवरा, शंभू-बेला, शंभू-तुलसा, शंभू-आमा, शंभू-गिरजा, शंभू-सति आदि तथा अंत में शंभू-पार्वतीद्ध की जोड़ी का उल्लेख मिलता है। इन महादेवों की पीढ़ी के साथ अनेक लिंगों (धर्म गुरुओं) की गाथाएं भी मिलती है। इन 88 महादेवों की गोंडवाना भूभाग पर अधिसत्ता की कालावधि ईशा पूर्व लगभग 5,000 वर्ष के पूर्व 10,000 वर्षों की बताई गई है। इस काल से ही कोया पुनेम धर्म का प्रचार हुआ था। गोंडी बोली में कोया का अर्थ मानव तथा पुनेम का अर्थ धर्म अर्थात मानव धर्म। आज से हजारों वर्ष पूर्व से गोंड जनजातियों द्वारा मानव धर्म का पालन किया जा रहा है। अर्थात गोंडी संस्कृति में वसुधैव कुटुम्बकम।

गोंडी मान्यताएँ

भारतीय समाज के निर्माण में गोंड संस्कृति का बहुत बड़ा योगदान रहा है। गोंडी संस्कृति की नींव पर भारतीय संस्कृति खड़ी है। गोंडवाना भूभाग में निवासरत गोंड जनजाति की अदभुत चेतना उनकी सामाजिक प्रथाओं, मनोवृत्तियों, भावनाओं आचरणों तथा भौतिक पदार्थों को आत्मसात करने की कला का परिचायक है, जो विज्ञानं पर आधारित है। समस्त गोंड समुदाय को पहांदी कुपार लिंगो ने कोया पुनेम के मध्यम से एक सूत्र में बंधने का काम किया। धनिकसर (धन्वन्तरी) नामक गोंड विद्वान् ने रसायन विज्ञान अवं वनस्पति विज्ञान का तथा हीरा

सुका ने सात सुरों का परिचय कराया था। गोंड जनजाति के लोग कुशलता का परिचय देते हुए अपने जीवन को सहजता से निभाते हैं, यह लोग कॉफ़ी अंधविश्वास या (झाड़,फूंक) में भी भरोसा रखते हैं।

गोंडी भाषा गोंडवाना साम्राज्य की मातृभाषा है। गोंडी भाषा अति पाचं भाषा होने के कारण अनेक देशी – विदशी भाषाओं की जननी रही है। गोंडी धर्म दर्शन के अनुसार गोंडी भाषा का निर्माण आराध्य देव शम्भू शेक के डमरू से हुई है, जिसे गोएन्दाणी वाणी या गोंडवाणी कहा जाता है। अति प्राचीन भाषा होने की वजह से गोंडी भाषा अपने आप में पूरी तरह से पूर्ण है। गोंडी भाषा की अपनी लिपि है, व्याकरण है जिसे समय-समय पर गोंडी साहित्यकारों ने पुस्तकों के माध्यम से प्रकाशित किया है। गोंडवाना साम्राज्य के वंशजो को अपनी भाषा लिपि का ज्ञान होना अति आवश्यक है। भाषा समाज की माँ होती है, इसलिए इसे मातृभाषा के रूप में आदर भी दिया जाता है। गोंडियन समाज की अपनी मातृभाषा गोंडी है, जिसे आदर और सम्मान से भविष्यनिधि के रूप में संचय करना चाहिए। गोंडो द्वारा बोली जाने वाली भाषा को गोंडी अथवा पारसी कहा जाता है। एक चीज और गोंड जनजाति में परधान जाति कहते हैं वहाँ वहां प्रधान नेगी जनजाति वहां देव पूजने का कार्य करते हैं और प्रधान नेगी का अब नाम बिगड़ कर परधान हो गया है लेकिन वहां परधान नहीं वहां नेगी है नेगी के बिना आज भी देव पूजन का कार्य गोंडवाना समाज में नहीं होता है।

सन्दर्भ

"Madhya Pradesh: Data Highlights the Scheduled Tribes". Census of India 2001. Census Commission of India. अभिगमन तिथि 2008-03-06.

http://www.indiatogether.org/2005/jul/hlt-attappadi.htm#sthash.dpuf, Accessed on 23th January 2013.

सांस्कृतिक-परिवर्तन-Janjati-Ssnskritik-Parivartan/dp/~380550138

http://www.sociologyguide.com/tribal-society/problems-of-tribal.php

https://gondsamajmahasabhamp.wordpress.com/2017/03/26/asd/

International Research Journal | अंतर्राष्ट्रीय मासिक शोध पत्रिका | ISSN-0975-4431

''जहाँक़दर चुग़ताई के गीत''

डॉ. कु. मुबश्शिरह अरह अंसारी
उच्च श्रेणी शिक्षक (स्कूल शिक्षा विभाग) म.प्र. शासन

जहाँक़दर चुग़ताई ने कौमी तराने या भक्ति गीत तो बाक़ायदीगी के साथ बहुत लिखे हैं लेकिन उनके अलावा नअत, भजन, कसीदा, करसिया, रूमानी मोज़आती मौसमी हर किस्म के गीत लिखे हैं, सियासि कतआत और दीग़र असनाफें सखून में भी कलम चलाया है सहरे विदाई गीत और बच्चों के मुतालिक़ सब कुछ लिखा है। एक दफ़ा मैंने जहाँ कदर चुग़ताई से फिल्म में जाने के बारे में सवाल किया तो उन्होंने जवाब में ये दिलचस्व कहानी सुनाई –

मैं मुम्बई जाता तो मुझे वहाँ के फुटपाथ पर ही रहना पड़ता तो मैं मुम्बई गया ही नहीं, मुम्बई बुलाया गया हुआ यूँ कि 1950 में मुज़ममिल खुर्शीद के एक फिल्म ''आखरी पैगाम'' गाँधी जी की ज़िदगी और आज़ादी पर बना रहे थे इस फिल्म में सरूर अली खाँ कोरवाई और ग्वालियर के कोई जागीरदार और कुछ लोग मिलकर इस फिल्म को फाइनेन्स कर रहे थे। इस सिलसिले में हज़रत फतहपूरी भी भोपाल आये थे जहाँ उनसे मेरी मुलाक़ात हुई थी वहीं मेरी मुलाकात मुज़ममिल खुर्शीद से हुई उन्होंने इस फिल्म के सिलसिले में मुझे मुम्बई बुलाया।

होटल में ठहरवाया वहाँ मुझे इस फिल्म में गाने लिखने का इत्तेफाक़ हुआ। इस फिल्म में दो म्यूज़िक डायरेक्टर थे उनमें से एक ज़नज़ीराह के बहुत कड़े उस्ताद आबिद अली खाँ ने कहा कि इस गीत का म्यूज़िक मैं दूँगा और शमशाद बैगम की आवाज़ में यह गीत रिकार्ड करवाऊँगा। इस गीत के अलफाज़ थे –

ऐ चाँद कभी ना छुपना
टूट ना जाए सुन्दर सपना
रैन बड़े बिराह के जैसे
पीत की लम्बी ओर
सब दुनिया को रात डराये
मुझको अपनी भवन
ऐ तारों तूम भी रूकना
ऐ चाँद कभी न छुपना।

मैं खुश था कि मुम्बई मुझे रास आ गई अब मैं भी बड़ा फिल्मी शायर बनकर घर लौटूँगा–लेकिन मुम्बई के कियाम के दौरान एक कुर्बान सेठ रंगून वाला से होटल में मुलाकात हुई उन्होंने पाँच सौ रूपये मुझे दिए और अपने आफिस बुलाया मैं जब कुक़रारीह तारिख पर उनके आफिस पहुँचा तो उन्होंने 200 रूपये देकर मुझसे कहा कि आप मेरे आफिस में एक कोने में बैठ जाना और एक आदमी आएगा और अपनी एक कहानी फिल्म की मुझे सुनाएगा आप उस कहानी को सुनकर वह कहानी मुझे लिखकर दे देना वह शख्स आया और उसने कहानी सुनाई और उस सेठ ने कहा कहानी अच्छी है अब आप अगले महिने आना और फिर इसका सौदा करेंगे वह कहानी सुनाने वाला शख्स अपने हुलये और पोशाक से मुझसे भी गरीब था लेकिन उसकी कहानी बहुत अच्छी थी उसके जाने के बाद मुझ पर ना जाने क्या असर हुआ कि में कुरबान सेठ के टेबिल पर सात रू. छोड़ कर यह कहकर दफ्तर से चला आया कि जो कहानी मैंने सुनी थी वह याद ना रख सकूँगा और मेरा दिल इस फिल्मी दुनिया से उचट गया मैंने जो कुछ फिल्मी सिलसिले में पाया वह यह था कि मेरी मुलाकात इस फिल्मी चक्कर में हन्दुस्तान की एक बहुत बड़ी शख्सियत से हो गई और वह थे हजरत नियाज़ फतेहपुरी जिनकी सोहबत में मेरे चन्द दिन गुज़रे – इस तरह फिल्मी कम्पनी का दिया हुआ यह सबसे बड़ा तोहफा था।

जहाँक़दर चुग़ताई के गीत पढ़ने के बाद ऐसा लगता है कि उनमें हिन्दी गीत कहने का सलीका उर्दू के बनिसबत ज्यादा है बाज लोगों का ख्याल है कि जहाँक़दर चुग़ताई ने जो गीत लिखे हैं उनका अन्दाज अपना है जो गीत निगारी को एक नए रास्ते पर ले जाती है और इसकी वजह उनकी थोड़े बहुत कि हिन्दी शायरी और उर्दू शायरी की वाकफियत और गज़ल के अन्दाज से हिन्दी गीतों में कुदरत पैदा करना भी है जहांक़दर चुग़ताई ने गीत लिखते वकत अलफाज और का बहुत ज्यादा खियाल रखा है हिन्दी गीताकारों और उर्दू गीत लिखने वालों में यह फर्क नज़र आता है लेकिन उर्दू में बहुत कम शायर ऐसे होंगे जिन्होंने जहाँक़दर चुग़ताई की तरह हिन्दी गीतों को एक अलग फन बनाने की कोशिश कि हो, मैं यहाँ जहाँक़दर चुग़ताई के गीतों की तरकीब और अल्फाज़ के इनतेखाब और ख्याल की बंदिश के बारे में चंद गीत के मुखड़े पेश कर रही हूँ जिससे उनके गीतों के बारे में अन्दाज़ा लगाया जा सकेगा मसलन बसंत रूत पर उनके गीत का मुखड़ा है

धनक रंग चोली बसंती चुनरिया
मुझे देखे मुड़ मुड़ के सारी बज़रया

उर्दू में गीत निगारी का फन हिन्दी के जरिये आया है। हिन्दी में अमूमन गीत औरत की ज़ुबान से अदा किए जाते है उर्दू में भी यही तरीका आम तौर पर राईज है– लेकिन जहाँक़दर चुग़ताई ने मदों की जवान से गीतों के अदा करने का फनकारी के खाज़ को कुछ ज्यादा ही आम किया है– उनके बाज़ गीत सिर्फ मरदों की ज़बान से उदा किए गए है– मसलन यह गीत जिस के बोल हैं। ''यह दर्द है क्या यह प्यार है क्या'' इस गीत में शायर ने प्यार और प्यार से पैदा होने वाले दर्द का जिकर करते हुए इस नूक्ते पर गीत को खत्म किया है कि प्यार और प्यार का

दर्द इनसान की समझ से बाहर होता है–

यह दर्द है क्या यह प्यार है क्या
अब तक ना इसे इन्सा समझा
हर बात यक़ीन हो जाती है
खाती है नज़र तब जब धोका
अब तक ना इसे इनसान समझा
यह शबनम, है यह फूलवारी है
यह जीवन की चिन्गारी है
इस आग से यह जीवन संवारा
यह दर्द है क्या .....
यह दर्द है क्या .....

इनसान की ज़िन्दगी का वह ज़माना जब कोई लड़कपन से बलोगियत के दर्द में दाखिल होता है तो बहुत ज़ैसी मुशकलात से दो चार होता है लेकिन जहाँक़दर चुग़ताई ने इस दर्द की केफियत अपने गीत में बड़े सलीक़े से बयान की है। जवानी तो होती है ख्याबो की दुनिया यह दुनिया नशे की शराबो दुनिया छुले बादलों को बहारों को छुलें यह जी चाहता है सितारों को छुले कभी दिन के तूफान कियामत उठा दें कभी मौज बन कर किनारों को छुलूँ जवानी तो होती .....

डराते हमें खूद हमारे ही साया
सभी लोग लगते पराये पराये
कभी फॉस कोई खटकती है दिल में
किसी का बने कोई अपना बनाए जवानी तो होती .....

जहाँक़दर चुग़ताई ने एक गीत में जिन्दगी और मौसीक़ी को जिस अन्दाज से बयान किया है वह बहुत खुबसूरत अन्दाज है कि जिन्दगी को मौसीक़ी से इस तरह मिलाया है कि जिन्दगी साज़ और साज़े जिन्दगी नज़र आने लगती है।

तरबों को सजा फिर तार छेड़े
फिर जीवन का संगीत सूना
कूछ दर्द के मधिम सर बिखरे
तु प्यार की वह मुज़राब लगा
संगीत की मीठी तानों से

यह जीवन रूप निखर आया
इन सात सुरों के पर्दे मे
आकर हे छुपी जीवन माया
संगीत गाया जीवन भी गाया
संसार मे फिर कुछ भी ना रहा
तरबे को सजा .....

इनका एक मशहूर गीत है –

यह हार ऑंसूओ के तुम्हारे लिए हैं
तुम आओ तो यह हार तुम को पहनाएं
मोहब्बत की रंगीन कहानी भी तुम हो
मेरी जिन्दगी और जवानी भी तुम हो
दिए टिमटिमाते तुम्हारे लिए है
तुम आओ तो फिर यह दिए झिलमिलाएँ
यह हार .....

इनके इस गीत में जो नूदरत है वह ऑंसूओं के हार की तरकीब सिर्फ जहॉंक़दर चुग़ताई की इजाद है लेकिन इस बात को समझने के लिए थोड़ा गौर करना भी जरूरी है हिजर उर्दू शायरी मे बहुत ज्यादा मिलता है हिन्दी शायरी मे भी बिराह के गीत हिन्दी शायरी की जान है– जहॉंक़दर चुग़ताई के इस गीत मे दोनों मदारिस की पुरी पुरी नूमाइंदगी मिलती है जहॉंक़दर चुग़ताई अपने गीत मे एक बात कहते है और वह बात यह है कि दुनिया के लोग अब तक प्यार को नही समझ पाए–चुग़ताई का यह गीत भी मुलाहेज़ा हो –

दुनिया वाले लोग हैं यह
बेकार की बातें करते है
समझें ही नहीं, यह प्यार है क्या
दीपक पे निछावर होते है
पागल तो नहीं यह परवाने
दुनियॉं मे जरासी बातों के
सुनते ही रहे है अफसानें
जलने वाले लोग है .....
फूरसत है कहॉं बेचारों को

जो प्यार की बातें समझेंगे
अपने से नज़र हटती ही नहीं
वह दूर भला क्या देखेंगें
रोने वाले लोग है यह .....
टकराते रहे है पत्थर से
बलोर के नाज़क जामो को
इल्ज़ाम लगाते आए है
यह पिरीत के पाबंद कामो को
हँसने वाले लोग है यह .....

इस गीत मे एक आशिक अपनी ग़मग़ीन जिन्दगी के दुखों को भूल जाने के लिए खुद को सब्र और हिम्मत का पैगाम दे रहा है शायर यह कहना चाहता है कि दुनिया वाले कितने ही दिल दुखाते रहें – आँखों से कितने ही आँसू बहते रहें मगर आशिक अपने सीने में उम्मीदों के नए नए सपनें सजाता रहता है – वह मायूस कभी नही होता।

इन गीतो के अलावा जहाँक़दर चुगताई के यहाँ मुखतलिफ नोइयत के बेंहिसाबं गीत मिलते है जिनमे माझी गीत, जवानी का गीत, बापू तेरी जे जे कार यूवा गीत, बरखा गीत, बगैरह ऐसे गीत हैं, जिनसे जहाँक़दर चुग़ताई की गीत के फन से गेहरी वाक़फियत का भी पता चलता है और फन्नी महारत का बखूबी अन्दाज़ा होता है।

जहाँक़दर चुग़ताई ने गीतों के साथ देहाती लोक गीत कोहेलिया बोले कोहू, कोहू, बन में आग लगाए, मेरे आँगन में लगा है उसका तीर.....

संदर्भ ग्रंथ –

1. ख्याम की मेहफिल – जहाँक़दर चुग़ताई
2. शखसियात – सय्यद मोहमूदूल्हुसैनी
3. नदीम – रोज़नामा
4. शगूफा – हैदराबाद
   नक्शेकलम – जहाँक़दर चुग़ताई

International Research Journal | अंतर्राष्ट्रीय मासिक शोध पत्रिका | ISSN-0975-4431

''जहाँक़दर चुग़ताई के बच्चों की नज़में''

डॉ. कु. मुबश्शिरह अरह अंसारी
उच्च श्रेणी शिक्षक (स्कूल शिक्षा विभाग) म.प्र. शासन

यह तसलीम शुदा बात है कि किसी भी अदब में बच्चों के लिए अच्छी बातें और अच्छी चीज़े लिखना बहुत दुश्वार काम समझा जाता है बड़े से बड़ा अदीब बहुत बड़ा मुक़ाम पाने के बाद शायद यह पसंद नहीं करता कि वह जिन्दगी के तुर्जबात को एक तरफ करके बच्चा बन जाए और बच्चों के लिए अदब तखलीफ़ करें।

इंग्लिश और दूसरे मुलकों की ज़बान में जैसा रूस, जर्मन, चीन और जापान की जबानो में बच्चों के लिए जो कुछ लिखा गया है वह अच्छा ही नहीं बल्कि बहुत अच्छा है और आज भी बच्चों के लिए नई कहानियां और नज़में लिखी जा रही हैं। मगर मालूम नहीं क्यों हिन्दुस्तान और खासतौर पर उर्दू जबान में दुनिया के दूसरे मुमालिक जैसी बात नहीं – ऐसा की नही कि उर्दू में बच्चों के लिए कुछ बहुत अच्दा लिखा गया – बहुत अच्छे लिखने वाले उर्दू को मिले और आज भी यह काम जारी व सारी है – मगर जो बात में कहना चाहती हूँ वह यह है कि हम बच्चों के लिटरेचर को दूसरी ज़बानों इतनी एहिमियत नही देते इसलिए बच्चों के लिए कुछ लिखने में दूसरे मुमालिक की ज़बानो से पीछे रहे हों – उर्दू के शायरों ने माज़ी में भी बहुत कुछ लिखा और आज कल भी लिया जा रहा है – जो बहुत अच्छा है लेकिन वह नाकाफ़ी है।

जहाँक़दर चुग़ताई ने जो थोड़ा बहुत बच्चों के लिए लिखा उसकी वजह यह भी हो सकती है कि उनका ताआल्लुक स्कूलों में बच्चों से भी रहा है – लेकिन जितना कम उनके यहां मिलता है वह उनको बच्चों का शायर तो नहीं बनाता लेकिन यह जरूरी है कि वह बच्चों की नफ़सियात और बच्चों के मिज़ाज़ और पसंद का पूरा तजूर्बा रखने वाले उस्ताद कहे जा सकते है। मसलन बच्चों की नज़म में उनके यह अशआर –

घंटी बजती टन टन टन
काम किए जा एक ना सुन
झूठा बुरा है झूठ ना बोलो
लेहले तोलो फिर मुझ खोलो
प्यार की बातें सच्चे मोती
रोल सको तो मोती रोलो
सबसे अच्छी अच्छे है यह गुन
घंटी बजती टन टन टन

नमूने के लिए नजम के कुछ हिस्से यहां दर्ज किए जाते हैं। जैसे –

''अज़रा की गुड़िया''

मुसीबत का घर है यह आफत की पुड़िया
सब ही इसको कहते है अजरा की गुड़िया
मुझे अपनी गुड़िया से बेहद मोहब्बत
जिसे इस से नफरत मुझे उससे नफरत
बहुत खूबसूरत है बेहद हसीन है

कोई इससे बढ़कर जहां में नहीं है
बनाया है मुझको इसी ने तो शातिर
मैं गुड़िया की अपनी रचाऊंगी शादी
बुलाऊंगी मेहमान आएगा काजी
मेरी भोली भाली दुलहया बनेगी
बड़े शर्म से वह लजा कर चलेगी
जब उठेगी डोली मैं गांऊगी डोला
वही के भरा ताक गुड़ियों का छोड़ा
चलेगी मेरे घर से लेकर सूहेंरी
बनाऊंगी इग्लिंश डिज़ाइन का ज़ेवर
के हेरत में रह जाएंगी जेठ देवर
पकेगा, पुलाऊ, मुजाफ़िर, मुतनजन
बड़े शौक से जिसको खाएंगी समधन

इसके अलावा बच्चों के लिए कही गई उनकी नज़में वतन, लाल बुझक्कड़ बग़ैरा इनकी बच्चों की नज़मों में खास अहमियत की हासिल है।

जहाँक़दर चुग़ताई ने गज़ल गोई कब शुरू की इस जमाने का पता तो नहीं चलता लेकिन इसमे शुबाह नहीं कि उन्होंने 1946 में भोपाल आने के बाद गज़ल गोइ पर तवजह दी और मुशायरों में शिरकत करना शुरू कर दिया।

मुशायरो में शिरकत के लिए नागपूर, खंडवा, भुसावल और मुखतलिक शहरों में गए, लेकिन बाद में उन्होंने मुशायरो में ग़ज़ल पढ़ना छोड़ दिया और मुशायरों में निज़ामत करने लगे।

चुनाचे एक बार भोपाल में हज़रत नियाज़ फतेहपुरी ने पहला तारीखी आल इंडिया तरही मुशायरा मुनअक़िद किया जिसमें हिस्दुस्तान के बहुत से मशहूर शुआरा शरीक हुए थे इस मुशायरे को जहाँकद़र चुग़ताई ने ब्वदकनबज किया था और 1972 के फसाद के बाद एक आल इंडिया मुशायरा बी.एच.ई.एल. के ऑडिटोरियम में मुनअक़िद किया गया था। जिसमें जोश और फिराक एक साथ शरीक हुए थे इस तारीखी मुशायरे को भी जहाँक़दर चुग़ताई ने ही ब्वदकनबज किया था।

यह सिलसिला एक दो साल जारी रहा लेकिन बाल आखिर उनके खानगानगी हालात ने इनको इससें भी बाज़ रखा।

ऐसा लगता है कि जहाँकद़र चुग़ताई ने जो काम किया वह इतना किया और इस तरह किया कि वह खुद ही इस काम से उक्ताने से लगे – बहर हाल जो काम इख़्तियार किया वह छोड़ा नहीं मुशायरे मे शिरकत तो छोड़ दी लेकिन ग़ज़ल कहना नही छोड़ा।

''सहेरा''

जहाँक़दर चुग़ताई ने अपने दोरे शायरी मे कुछ रसमी नज़मो मे भी तख़्लीक़ की है। इन रसमी नज़मो मे भी अहबाब की फरमाईश पर बाज़ सहरे भी लिखे है उनके कल़म से लिखे हुए सहेरे तो हमे दसतियाब नही हो सके लेकिन उनके रिकार्ड से यह मालूम होगा कि उन्होंने रसमी तौर पर कुछ सहरे भी लिखे थे।

''डोली''

हिन्दुस्तान मे ख़ूवाह वह कोई समाज हो लड़की का घर से ब्याह कर सुसराल जाना कितना ही खुशी का मौका क्यों ना हो, घर से दूर होते वक्त एक दर्द भरा मंजर पेश करता है। हिन्दी शायरी मे भी लड़की की शादी मे बिदाई के मौके पर गीत लिखे जाते रहे है। उर्दू शायरों ने भी डोलियॉ लिखी हैं। इनमें अमीर ख़ूशरू भी है, मुज़तर खैर आबादी भी है और दूसरे

असातिज़ां के अलावा फिल्मों मे भी यह डोली गीत बराबर लिखे जा रहे है। चुनाचे जहाँक़दर चुग़ताई ने भी ''डोली'' गीत लिखे लेकिन इस गीत की खुसूसियत यह है कि यह गीत खुद लड़की बिदा होते वक्त अपने जज़बात को पेश करती है नज़र आती है इस तरह यह पहला गीत हे जिसमे लड़की घर छोड़ते वक़्त अपने दिल की बात कहती है।

पिया घर चली हूँ मैं बन के दुल्हनयाँ
लिये साथ मैं चाँद तारो की दुनियाँ
लगा मेरे माथे पे चाँदी का टीका
लगे जिसके आगे ये चँदा भी फीका
कहे मुझसे सिन्दूर मैं हूँ पिया की
ना पूछ के क्या हाल है मेरे जी का
पिया घर चली हूँ, मैं बन के दुल्हनयाँ
लिये साथ में चाँद तारों की दुनियाँ
खड़ी है मेरे पास मेरी सहेली
बहुत जिसने बुझी हे मन की पहेली
मुझे यह खुशी, हो गई मैं पिया की
इसे दुख कि वह रह गई है अकेली
पिया घर चली हूँ मैं बनके दुल्हनयाँ
लिये साथ मे चाँद तारों की दुनियाँ
सभी याद आती हैं बचपन की बातें
वह मासूम से दिन वह मासूम रातें
झगड़ना वह आपस में और भूल जाना
सजाना वह गुडियों की अपनी बारातें
पिया घर चली हूँ मैं बनके दुल्हनयाँ
लिये साथ मैं चाँद तारों की दुनियाँ
मैं आँगन की तुलसी में घर का उजाला
मुझें कितने लोगों ने गोदों मे पाला
अजब रीत उन सब ने मिलकर है डाली
सजा के मुहब्बत को घर से निकाला
पिया घर चली हूँ, मैं बनके दुल्हनयाँ
लिये साथ में चाँद तारों की दुनियाँ
मेरे मन में दुख और सुख का मिलन है
बहुत खुबसूरत यह जग का चलन है
यह बात आज आई है मेरी समझ में
ब्याह है जो बेटी, वह होती है दुल्हन
पिया घर चली हूँ, मैं बनके दुल्हनयाँ
लिये साथ मैं चाँद तारों की दुनियाँ

महमुदूल हुसैनी साहब अपनी किताब ''शख़सियात'' मे जहाँक़दर चुग़ताई की शायरी के बारे मे लिखते है कि–

''चुग़ताई मे शायरी के जरासीम भी काफी है इसकी ग़ज़लो मे वह कभी तवानाई और सहतमंदी होती है जो एक मेयारी ग़ज़ल की खुसूसियात होती हैं एक तो अपनी ला उबाली तबियत दूसरे भोपाल के ज़हर आलद शायरी माहौल की वजह से उसने खुद को दीदाह व दानिस्तान इस कुचे से अलेहरा रखा हे नज़मे भी खासी कहता है कराफ्यू और नहर स्वीज़ पर कही गई नज़मे अपने उस्लूद और मवाह दोनों लिहाज़ से चौका देने वाली है। चुग़ताई अगर मुखतलिक शोबों में सलाहियतें सर्फ करने के बजाए सिर्फ तन्ज़व मिज़ाह की तरफ तवज़ह दे तो वह मुलक का साहेबे तर्ज़ तंज़ निगार हो सकता है। यह बात मैं इसलिए नहीं कह रहा हूँ कि वह मेरा दोस्त है बल्कि यह तक़ाज़ा–ए–कलीम का नहीं कलाम का है।

मुझे इस बात का एतराज है कि यह खाका इतना मुकम्मल नहीं हो सका जितना की चुग़ताई की रंगारंग शख्सियत मुताकाज़ी थी इके लिए मैं चुग़ताई और उसके मादाहों से माआजरत ख्वाह हूँ।''

जहाँक़दर चुग़ताई ने हजारों तंज़िया व मज़ाहिया मज़ामीन लिखने और पढ़ने वालों को हँसने और मुस्कुराने पर मज़बूर किया लेकिन ग़ज़ल के अशआर में वह बहुत मुख़तलिफ नज़र आते है उन्होंने शायरी की हर सिन्फ में तबा आज़माई की है लेकिन ग़ज़ल के अशआर में जहाँक़दर चुग़ताई का छुपा हुआ दर्द और जिन्दगी के फर्क का पता चल जाता है, जिसकी उनके माज़ाहिया मज़ामीन में हवा तक नहीं लगती यहां चन्द मुनतखिब अशआर उनकी ग़ज़लया के दर्ज किए जाते है।

जिन्दगी जैसे कि तोहमत थी हमारे सर पर
जैसे दुनिया में यह इल्ज़ाम उठाने आए

कैसी गुज़री जिन्दगानी क्या कहें
पकड़ा कैसे मुठ्ठी में पानी क्या कहें

शबे फिराक़ है आंसू बहाते डरता हूँ
ना भड़के आग कहीं और भी बुझाने से

दिल जो बहेल तो किस तरह बहेल
खत ही सारे जला दिए उनके

होश दामन का रहा और ना गिरे बाएं की खबर
ले के जाते हैं कहां देखिए हालात मुझे

सारी दुनिया को नज़र आ नही सकती हरगिज़
तुम में आती है नज़र ऐसी भी एक बात मुझे

उमंगों के जवां दिन और हसीन रातें तुम्हें दुंगा
मैं उन भीगी हुई आंखों की बरसातें तुम्हें दुंगा

क़मर ना पुछ, उन बे बसों की मजदूरी
वतन परसत करें जब खियाल तरके वतन

कोई गुज़रा है लुटा कर यह सितारे राह में
जिसको अब तक हम गुबारे कहकशां समझा किए

अल्लाह के बन्दों पर आया ना तरस इनको
बस देख लिया हमने इन शेख व ब्रहाम्ण को

कोई भुला हुआ आता है मुसाफिर जैसे
इस तरह दिन में मेरे याद तेरी आई

चमन अपना ना गुल है ना बागबां अपना
सलामत किस तरह से रह सकेगा आशया अपना
फिज़ा में गुंजती फिरती है बुलबुलों की फूग़ाँ
फरेब दो ना मुझे यह मेरी बहार नहीं
दिल ने आखरी हद तक संभाला था मुझे
हाय लेकिन आँसूओं ने आके रूसवा कर दिया
ना देखे होंगे किसी ने अब तक हवा में उड़ते शराबखाने
बनी है साक़ी गठिया काली बगैर माँग मिला रही है
ना पहले कोई शिकवा था ना उनको कोई शिकायत है
मुझे तुम से मोहब्बत थी मुझे तुम से मोहब्बत है
जलाए जाते है या जल रहे है परवाने
सुतम ज़रीफ़ ज़माना यह बात क्या जाने
हमने इनको सिर्फ चाहा था मगर
जाने क्या इस बात को समझा गया
दिन में एक ठेस उठी आँसू आए
भूल के जो मेरे होठो पर तेरा नाम आए
है इन्तेज़ार का आलम हैं दागे़ दिल रोशन
चले भी आओ अभी तो चिराग़ जलते हैं
उदास चेहरा परेशाँ नज़र जबीं पे सुकून
किस अहतेमाम से होते हैं मुझसे वह बदज़न
ये इन्तेजार की घड़ियाँ यह जब्त का आलम
घुटी घुटी सी यह आहें दबीं दबीं धड़कन
गमें हयात मुझे फूरसते निशात ना दे
जो हो सके तो बद़हादे ज़रा मेरी उलझन

जहाँक़दर चुग़ताई की अब एक ऐसी ग़ज़ल पेश की जा रही है जिसे हम ग़ज़ल-ए-मुसलसल का नाम दे सकते हैं- क्योंकि इस ग़ज़ल के महबूब का जुल्फ के ताआहल्क से तसलसूल के साथ जहफ बिसरते के मनाज़िर व ताआस्सूरात पेश किए गए हैं। शायद इसलिए ही क़मर साहब ने इस ग़जल को नज़म की हैसियत देकर एक उनवान में मुकीद कर दिया है।

''**जुल्फ बिखरी**''

गम का बादल फिर जो दिल
क्या वही दिवाना मौसम, आ गया
फिर हवा में उड़ रही हैं खुशबुएँ
उनसे मिलने का जमाना आ गया
हमने उनको सिर्फ चाहा था मगर
जाने क्या इस बात को समझा गया
होश है इतना कि देखा था उन्हें

फिर तो हमको होश में देखा ना गया
ज़ुल्फ़ बिखरी और चेहरी पे पड़ी
चौदवी की चाँद का गहना गया

ग़ज़लयात के अलावा जहाँक़दर चुग़ताई ने क़तआत, रूबाईयात, सेहरे और डोली और दोहे भी कहे और भजन भी लिखे हैं।

ऊँच और नीच का चक्कर डाल खो दी अपनी शान।
सारे इन्सान एक बराबर बस एक बड़ू भगवान।

यह डोर क्या है एक सारंगी साँस की जिसमें तारे
जब भी टूटे तार से नाता सारंगी बेकार

आँख पड़े और दिल को खेंचे वह है असली रूप
फूल खिलांए इस धरती पर प्यार की ठंडी धूप

''**भजन**''

नहीं प्यास बुझती दो अखियन की
रही प्यास सदा तोरे दर्शन की
काशी देखी मथुरा देखा
दर दर जाके माथा टेका
धूल बने उन गुल वन की
नहीं प्यास बुझी दो आँखयन की।

उतर घाट में देख ना पाये
मन मंदिर में राम समाये
बात यही है बस उलझन की
नहीं प्यास बुझी दो अखियन की
भगत बने भगवान बने है,
हमने यह सब नाम रचे हैं
रीत बनी विधि पूजन की
नहीं प्यास बुझी दो अखियन की

भजन लिखने में हिन्दी और उर्दू के शायरो ने कुछ नामज़द भजन भी लिखे हैं। उर्दू के शायरों में चकबस्त जैसे मुताअदद्दिद शुआरा के यहाँ ऐसे नामज़द भजन मिलते हैं मसलन राम कृष्ण और इसी किस्म के दूसरे हिन्दी अवतारों पर मुस्लिम, शायर का भजन लिखना कुछ ज्यादा आम नहीं है फिर भी जहाँक़दर चुग़ताई ने कृष्ण जी का भजन लिखकर अपनी कौमी यग़ानियत का ज़ज़्बे को ज़ाहिर कर दिया है।

संदर्भ ग्रंथ –

खय्याम की महफिल	– जहाँक़दर चुग़ताई
शखसियात	– सय्यद मेहमूदूल्हुसैनी
नदीम	– रोजनामा
शगूफा	– हैदराबाद
नकशेकल़म	– जहाँक़दर चुग़ताई

International Research Journal | अंतर्राष्ट्रीय मासिक शोध पत्रिका | ISSN-0975-4431

''उर्दू, अरबी, फारसी ज़बान का बाहम रिश्ता ''

डॉ. कु. मुबश्शिरह अरह अंसारी
उच्च श्रेणी शिक्षक (स्कूल शिक्षा विभाग) म.प्र. शासन

जैसा कि हम जानते है कि उर्दू का बाज़ औक़ात हिन्दी के साथ मवाज़ना किया ज़ाता है उर्दू और हिन्दी में बुनियादी फ़र्क ये है कि उर्दू नस्तालिकीन रस्मूलखत में लिखी जाती है और अरबी और फ़ारसी अल्फाज़ इस्तेमाल किये जाते है जबकि हिन्दी देवनागरी रस्मुलखत में लिखी जाती है और संस्कृत के अल्फाज़ ज़्यादा इस्तेमाल किये जाते है। कुछ माहेरे लिसानियत उर्द और हिन्दी को एक ही ज़बान की दो मैयारी सूरतें बताती है ताहम दीगर माहेरिन इन दोनो को माशिललिसानी तफरिकात की बुनियाद पर अलग-अलग समझते है बल्कि हक़िकत ये है कि हिन्दी उर्दू से निकली है इस तरह अगर उर्दू और हिन्दी ज़बान को एक समझा जाये तो ये दुनिया की चौथी बड़ी ज़बान है।

उर्दू ज़बान बावजूद दुनिया की नई ज़बानों में से होने के अपने पास मैयारी और वसी ज़ख़ीरैअदब रखती है खासकर जुनुबी ऐशियायी ज़बानो मे उर्दू अपनी शायरी के हवाले से जानी जाती है। उर्दू ज़बान को मुखतलिफ नामों से मौसुम किया जाता रहा है। शरफुद्दीन इस्लाही लिखते है ''उर्दू नाम कुछ ज्यादा पुराना नहीं कोई 200 साल से हमारी ज़बान इस नाम से मौसुम है'' इफ्तदायी लफ्ज उर्दू बसूरत तरकीब अपने लग़वी मायने में इस्तेमाल होता था- ज़बान उर्दू मौअल्ला कहलाती थी यानि शाही लश्कर की ज़बान रफ्ता-रफ्ता ज़बान का लफ्ज ख़ारिज हो गया और उर्दू-ए-मौअल्ला बचा रहा कुछ अर्से बाद अजराहे इख्तेसार मौअल्ला बी साकित हो गया और सिर्फ उर्दू बाकि रह गया।

उर्दू के चंद कदीम नाम है हिन्दी हिन्दवी इन्दुस्तानी देहलवी सबसे पहले हिन्दूस्तान की निस्बत से इसे हिन्दबी कहा गया है। हाफिज मौहम्मद शिरानी से लकर डाक्टर सुनीति कुमार चटर्जी तक लिसानी मोहक्केकिन इस बात पर मुत्तफिक है। कदीम लोगात और अदबी तस्नीपात में भी इसका नाम हिन्दी या हिन्दवी है।

इसलिये 812 में काजी खान बदर से लेकर 1742 में सिराजुद्दीन खान आरजू तक सभी कदीम लोगात नवीसियों ने हिन्दुस्तान की ज़बान को हिन्दी या हिन्दवी लिखा है बाज सुफियायेकराम की तेहरीरे या आक्काल में भी इसे हिन्दी या हिन्दवी कहा गया है। शमसुररहमान फारूखी लिखते हे जिस जवान को आज हम उर्दू कहते है पुराने जमाने में इस ज़बान को हिन्दवी, हिन्दी, देहलवी, गुजरी, दक्कनी और फिर रैखता कहा गया है। मीर असर ने अपनी मसनवी खवाबोख्याल की इक्तदा में अपनी ज़बान को हिन्दवी करार दिया है।

सगीर अहमद खां लिखते है ''फारसी और हिन्दी के इख्तेलात व इरतेबात से जो ज़बान आल्मेवजूद में आई और जो आईंदा चलकर उद्रू कहलाई अपनी इक्तेदायी अहद में हिन्दी ही कहलाती थी। मुसलमान हिन्दुस्तान आये तो यहां की हर बोली को हिन्दी या हिन्दवी कहा हिन्द की निसबत से हिन्दी और हिन्दू की निसबत से हिन्दवी। अमीर खुसरों ने अपने दीवान के दीबाचे में देहलवी को कलामें हिन्दी लिखा है। मीरा जी, शमशुल उशाक ने और बुराहनुद्दीन जानम भी इसे हिन्दी कहते रहे सबरस के मुसन्निफ ने इसे हिन्दी भी कहा खुतुतेगालिब ने भी हिन्दी कलाम कहा गया।

उर्दू ज़बान की जाये पैदाईश और नशुदनुमा के बारे में उर्दू के आलिमों मोहकिको और लिसानियातदानों ने अब तक काफी गौर फिक्र और छानबीन से काम लिया है जिससे इस मौजू पर उर्दू में लिसानियाती अदब का एक वकीक सर्माया इक्कठा हो गया है उर्दू के जिन आलिमों ने इस मौजू पर तहेकीकी नुक्ताये नजर से काम किया है इनमें हाफिज मोहम्मद खां शिरानी, सैयद मोहिउद्दीन कादरी जौर, मसूद हुसैन खान, अब्दुल कादरी जोर, शौकत शब्जबारी, और ज्ञानचंद जैन के नाम खुसुसियत के साथ काबिले जिक्र है। इनसे बेशतर मीर अम्मन सर सयैद अहमद खां इमाम बक्श सेहबाई, मोहम्मद हुसैन आजाद, शमशुल्ला कादरी और सैयद सुलेमान नदवी जैसे उर्दू के अदीबो आलिम भी उर्दू ज़बान के आगाज व इरतेकाद के बारे में अपने-अपने ख्यालात का इज़हार कर चुके थे। उर्दू की इन तमाम अदिबो आलिमों मोहक्किको और माहेरे लिसानियत के ख्यालात व नजरियात का खुलासा यह है कि उर्दू एक मखलुत ज़बान है जो हिन्दुस्तान में मुसलमानों की आमद के बाद शुमाली हिन्दुस्थान में वजूद में आई।

एक अलहैदा ज़बान के तौर पर हिन्दी के तशकिल के सियासी लाहेया अमल से कब्ल ''हिन्दी'' उर्दू का ही पुराना नाम था फितरी तौर पर फ़ारसी का इक्तेदार होने के शबब मुस्लिम दौरे इक्तेदार के अक्सर मुत्तवीन फारसी रस्मोल्खत को इख्तेयार करने की आजादी हर फर्द को हासिल थी जबकि संस्कृत और नागरी लिपि पर ब्राम्हणों की इजारादारी थी और आम हिन्दू इसमें मदाखलत का तस्सबुर भी नहीं कर सकता था लेकिन अगरचे मुत्तवीन देवनागरी लिपि में भी तो इससे ये कहीं साबित नहीं होता है कि देवनागरी लिपिक में मौजूद मुत्तवन इस सियासी जदीद हिन्दी के माजी का हिस्सा है जिसकी तश्कील के अज़ाईम में 19 वीं सदी के निस्फआखिर में शिद्दत आई। महज देवनागरी लिपि में मौजूद मुत्तवीन को जदीद हिन्दी में शामिल करने का लाहेया अमल हिन्दी तारीख के नज़रिये शाजो के लिये बड़ी मुसिबतों का सबब बना।

इसके असबाब लिसानी से ज्यादा फिरकावारना थे जिनकी जड़े हिन्दू आहेया परश्ती में पेवस्त बाद में इन्हें अवामिल ने ''हिन्दी, हिन्दू, हिन्दुस्तान'' के नारे की शक्ल इक्तेयार कर ली। यहां के महजबी अक्सेरेअतीत तबके ने देवनागरी रस्मुलखत की शक्ल में इस नई ज़बान को तकवियत देने में कोई कसर बाकि नहीं छोड़ी जिसके नतिजे में उर्दू चश्मेंज़न में मेहज एक अकलियाती तबके कि ज़बान बनकर रह गई। इस जमाने से दो कौमी नजरिये की बकायदा बुनियाद पड़नी शुरू हुई और 1947 में बरे सगीर की तक्सीम वजूद में आई। उर्दू हिन्दी ज़बान की तरह हिन्दुस्तानी ज़बान की एक किस्म है (ये ज़बान शेरसेयनी ज़बान वस्ते हिन्दी आर्ययायी ज़बान थी जो मौजूदा कई ज़बानों की बुनियाद समझी जाती है। इनमें पंजाबी ज़बान भी शामिल है।) की जैली किस्म अपभ्रंश से कुरूनैवस्ती (6 वी से 13 वीं सदी) के दरम्यिान वजूद में आई।

अगरचे लफ्ज उर्दू बजातेखुद तुर्क ज़बान के लफ्ज उर्दू (लश्कर, फौज) या उरदा से निकला है तुर्क ज़बान से उर्दू में कम ही अल्फाज आये है अरब तुर्क अल्फाज उर्दू में पहुंचकर फारसी किस्म के बन गये है जैसे 'गोल ते' को अक्सर औकात 'गोल है' में बदल दिया जाता है मसलन अरबी ताये मरबूत 'गोल छोटी ते' को 'छोटी हे' से या 'ते' में बदल दिया जाता है।

अरबी का इस खित्ते में अमल दखल उस उक्त शुरू हुआ जब पहले हजार साल के आखरी दौर में अरबों ने बर्रे शकिर के कुछ इलकों में बतौर फातेह कदम जमाया जबकि कुछ सदियों बाद वस्ती एशिया के अफ्गान तुर्क फारसी मुत्तकलिम बादशाहों ने फारसी ज़बान को इस खित्ते में मुत्ताआरिफ कराया इन बादशाहों में सुल्तान मेहमूद गजनवी काबिले जिक्र है दिल्ली की तुर्क अफ्गान सलतन ने सबसे पहले फारसी को शिमाले हिन्दुस्तान दफ्तरी ज़बान करार दिया। फिर इनके पैरवी करते हुये मुगलों ने भी इसे सौलहवी से 18 वीं सदी तक इसी हालत में बरकरार रखा। यू सदियों तक फारसी ज़बाने जुनुबी एशिया में अपने कदम मजबूती से जमाये रखे। इस तरह उसने हिन्दुस्तानी की तरक्की में अहम किरदार अदा किया।

उर्दू ज़बान को हिन्दूस्तान के मुसलमानों के साथ खास किया जाता है और इस हवालें से कई नजरियात भी कायम किये गये है मुमताज मोहकिक हाफिज मोहम्मद शिरानी के नजदीक ये ज़बान मेहमूद गजनवी के हमलये हिन्दुस्तान के अदवार में पंजाब में पैदा हुई जब फारसी बोलने वाले सिपाही पंजाब में बस गये। नेज़ उनके नजदीक ये फारसी मुत्तकलमीन 200 साल तक देहली फतह करने से कब्ल वहां आबाद रहे यूं पंजाबी और फारसी ज़बानों के इख्तेलात में उर्दू को जन्म दिया फिर एकाद सदी बाद जब इस नई ज़बान का खमीर देहली पहुंचा तब वहां उसने मुक्कमल ज़बान की सूरत इख्तेयार की। इस हवाले से उन्होंने पंजाबी और उर्दू ज़बान में कई मुमासिलते भी पेश की है। शिरानी के इस नजरिये को ''पंजाब में उर्दू'' नामि मकाले में लिखा गया जिसने उर्दूज़बानदानों में काफी शौहरत पाई और इसकों देखकर बहुत से मुहक्कीम ने मुसलमानों की आमद से उर्दू के आगाज को जोड़ना शुरू किया।

इस तरह ''दक्किन में उर्दू'' ''गुजरात में उर्दू'' ''सिंध में उर्दू'' ''बंगाल में उर्दू'' हत्ता के बलूचिस्तान में उर्दू के भी नज़रियात सामने आये (हकीकतन शिरानी से कब्ल भी बाज़ मुहककीन जैसे सुनीति कुमार चटर्जी, मोहीउद्दीन कादरी जोर और पंजाबी ताल्लुक के बारे में अपने ख्यालात रखते थे उसे साबित करने में वो दूसरों से बाजी ले गये।)

हाफिज सिरानी के नज़रिये की मुखालिफत करने वालों में मसूद हुसैन खां और सब्जवारी जैसे मुहक्किन शामिल हे जिन्होंने उनके नज़रिये को गलत साबित किया। एक नजरिया ये भी मशहुर है कि उर्दू मुगल बादशाह अकबद के लश्कर में वजूद में आई लेकिन बहुत से माहिरिने लिसानियात इसकी नफी करते है।

बरतानगी राज में फारसी की बजाये हिन्दुस्तानी को फारसी रस्मूलखत में लिखा जाता था और हिन्दी मुस्लिम दोनो इस पर अमल करते थे लफ्ज उर्दू को शायर गुलाम हमदानी मुसहफीने 1780 के आसपास सबसे पहले इस्तेमाल किया। 13 वीं सदी से 18 वीं सदी तक उर्दू को आम तौर पर हिन्दी ही के नाम से पुकारा जाता रहा इस तरह इस ज़बान के कई दूसरे नाम भी थे जैसे हिन्दवी, रैख्ता या देहलवी, उर्दू इस तरह इलाकाई ज़बान बनी रही फिर 1837 में फारसी की बजाये इसे अंग्रेजी के साथ दफ्तरी ज़बान का दर्जा दिया गया। उर्दू ज़बान को बरतानवी दौर में अंग्रेजों ने तरक्की दी ताकि फारसी की अहमेयत को खत्म किया जा सके इस वजह से शिमाल मशरकी हिन्दुस्तान के हिन्दुओं में तहरिक उठी के बजाये फारसी रस्मूलखत के इस ज़बान को मक्कामी देवनागरी रस्मूलखत में लिखा जाना चाहिये। नतीजतन हिन्दूस्तानी की नई किस्म हिन्दी की इजाद हुई और उसने 1881 में बिहार में नाफिज हिन्दूस्तान की जगह ले ली। इस तरह इस मसलें ने फिरका वाराना बुनियादों पर हिन्दुस्तानी को दो ज़बानों उर्दू (बराये मुस्लिम) और हिन्दी (बराये हिन्दु) में तकसिम कर दिया और इसी फर्क ने बाद में हिन्दुस्तान को दो हिस्सो भारत और पाकिस्तान में तकसीम करने में अहम किरदार अदा किया।

उर्दू और हिन्दी ज़बान को ''पाक'' करने की मुहीम अब भी जारी है और इस तरह उर्दू में संस्कृत की बजाय फारसी अरबी अल्फाज ज्यादा दाखिल किये जाते है जबकि हिन्दी में संस्कृत के अल्फाज को फौकियत दी जाती है। इस तरीके ने तालिमी और अदबी जखिरेअल्फाज को बहुत मुतासिर किया है। इसके बावजूद दोनो कौमों में अब भी संस्कृत और फारसी की जड़े बाकि है। अंग्रेजी ने इन दोनो ज़बानों पर गहरे असरात डाले है।

डा. जमील जालिबी की नजर में उर्दू बर्रेआजम सारी ज़बानों के आदेआजम मुश्तरिक की हैसियत रखती है इसका तुजरबा उस उक्त खास तौर पर हुआ जब ''दीवाने हसन शौकी'' मुरत्तफ करते वक्त हसन शौकी की एक मसनवी मेज़बान नामा के इफ्तेदारी 100 शैर पंजाबी, सिंधी, पुश्तो, मराठी बोलने वालो को दे दिये और उनसे अपनी अपनी ज़बानों के अल्फाज की फेहरिस्त बनाने के लिये कहा। फारसी, अरबी, तुर्की और हिन्दी के अल्फाज की फेहरिस्त भी बनाई गई। जब

ये फेहरिस्ते सामने आई तो मालूम हुआ कि अब एक लफ्ज भी ऐसा बाकि नहीं रहा था जिसे हम खालिस उर्दू का लफ्ज भी कह सके। लिहाजा अब कहा जा सकता है कि उर्दू मुश्तरका ज़बानों से मिलकर बनी है। उर्दू ज़बान की एक बहुत बड़ी कांट्रीब्यूशन यह रही है उसने बर्रे सगीर जैसे कसीर लिसानी खित्तो को इसमें जोड़ने की कोशिश की।

गोया उर्दू पर दीगर ज़बानों के असरात तो बहुत है मगर ऐसा नहीं की उर्दू की बुनियाद किसी एक ज़बान पर खड़ी है।

संदर्भ ग्रंथ –

उर्दू लिसानियात	– डा. शौकत सब्जबारी
तहकीक कफ़न	– डा. ज्ञानचंद जैन
एक भाषा दो लिखावट दो अदब	– डा. ज्ञानचंद जैन
हिन्दूस्तानी लिसानियात	– सैयद मोहीउद्दीन कादरी जोर

International Research Journal | अंतर्राष्ट्रीय मासिक शोध पत्रिका | ISSN-0975-4431

शासकीय प्राथमिक शालाओं में नामांकन में गिरावट के कारणों का समालोचनात्मक अध्ययन

पवन कुमार शर्मा
कनिष्ट व्याख्याता डाईट भोपाल

डॉ. रंजीता जोशी''
वरिष्ठ व्याख्याता डाईट भोपाल

शोधसार

नि:शुल्क और अनिवार्य बालषिक्षा के अधिकार अधिनियम 2009 के बेहतर क्रियान्वयन हेतु 6 से 14 वर्ष आयु समूह के षत् प्रतिषत बच्चों का नामांकन एवं नियमित व पूर्णकालिक उपस्थिति के साथ गुणवत्ता युक्त शिक्षा संनिश्चित करने हेतु मध्यप्रदेष सरकार द्वारा विभिन्न योजनाओं जैंसे-निषुल्क पाठ्यपुस्तक वितरण योजना, गणवेष वितरण योजना, साइकिल वितरण योजना, मध्यान्ह भोजन वितरण योजना एवं अनेक प्रकार की छात्रवृति आदि को भी संचालित किया जा रहा है, जिससे सभी बच्चे षाला में नामांकित होकर अपनी प्रारंभिक षिक्षा पूर्ण कर सकें, परन्तु शासकीय शालाओं में बच्चों के नामांकन में निरंतर गिरावट देखी जा रही है। शासकीय प्राथमिक शालाओं में नामांकन में आ रही गिरावट की स्थिति जानने हेतु शोधकर्ताओं द्वारा यह शोध भोपाल जिले की 25 शासकीय प्राथमिक शालाओं में किया गया है। इस शोध अध्ययन का उद्देश्य षासकीय प्राथमिक षालाओं में नामांकन में गिरावट के कारणों का अध्ययन करना रखा गया । अध्ययन में पाया गया कि शासकीय प्राथमिक शालाओं में 1.9 प्रतिषत की कमी हुई है तथा बालक एवं बालिकाओं के नामांकन में निरंतर गिरावट आ रही है। अधिकतर शासकीय प्राथमिक विद्यालयों में भौतिक सुविधाएँ तथा षिक्षकों की संख्या पर्याप्त है। शासकीय शालाओं में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति की अपेक्षा सामान्य एवं पिछड़े वर्ग के बालक बालिकाऐं कम नामांकित है तथा ऐसे पालक जिनकी आय 10,000 रू. से अधिक है, उन्होंने ज्यादातर अपने बच्चों को शासकीय शालाओं में नामांकित नहीं करवाया है। अधिकतर पालकों ने नामांकन में गिरावट का कारण शासकीय शालाओं में षिक्षा का स्तर अच्छा नहीं होना बताया है। शालाओं में सतत् एवं व्यापक मूल्यांकन नहीं होना, षिक्षकों का गैर शैक्षणिक कार्यों में संलग्न होना तथा षिक्षकों का समय पर शाला में उपस्थित होकर अध्यापन नहीं कराना भी नामांकन में गिरावट के कारण प्राप्त हुए।

प्रस्तावना: षिक्षा ही एक ऐसा साधन है जो मानव को उसके व्यक्तिगत, सामाजिक, राष्ट्रीय एवं अंर्तराष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य में संर्वागीण विकास के लिए सहायक हैं। षिक्षा के महत्व को स्वीकार करते हुए प्राथमिक षिक्षा को अनिवार्य तथा निषुल्क बनाने के लिए राष्ट्रव्यापी प्रयास किए गये। सन् 1950 में भारतीय संविधान की धारा 45 के अंतर्गत 6 से 14 वर्ष की आयु वर्ग के समस्त बच्चो को प्रारंभिक 10 वर्ष में अनिवार्य एंव निषुल्क षिक्षा प्रदान करने का लक्ष्य रखा गया है। लक्ष्य प्राप्त न होने पर सन् 1964 में भारत षासन ने डॉ. डी.एस कोठारी की अध्यक्षता में एक आयोग का गठन किया गया। जिसकी रिपोर्ट के आधार पर सन् 1968 में राष्ट्रीय षिक्षा नीति घोषित की गई। आयोग द्वारा दी गई अनुषंसाओं के पालन उपरांत भी भारतीय षिक्षा प्रणाली औपनिवेषक काल की विरासत से पूरी तरह बाहर निकल पाई।

' कनिष्ठ व्याख्याता, डाइट भोपाल

'' वरिष्ठ व्याख्याता, डाइट भोपाल

भारत में षिक्षा के विकास में आ रही चुनौतियों जैसे भारतीय समाज में सामाजिक आर्थिक विषमतायें लिंग भेद आदि को दृष्टिगत करते हुए भारत सरकार ने ''षिक्षा की चुनौती एक नीतिगत परिप्रेक्ष्य '' नामक दस्तावेज प्रसारित किया। उसके क्रियान्वयन उपरांत 1986 में राष्ट्रीय षिक्षा नीति की घोषणा की गई।

भारत षासन द्वारा किये गये विभिन्न प्रयासों के पष्चात भी निर्धारित लक्ष्य प्राप्त न होने से भारतीय संविधान में वर्ष 2002 में 86 वॉ संविधान संषोधन कर, नया अनुच्छेद 21 । जोडा गया और बच्चों की प्रारंभिक षिक्षा को मौलिक अधिकार के रूप में संविधान में षामिल किया गया। षत् प्रतिषत बच्चों का नामांकन एवं नियमित व पूर्णकालिक उपस्थिति सुनिष्चित करने हेतु मध्यप्रदेष सरकार द्वारा विभिन्न योजनाओं जैसे-नि:षुल्क पाठ्यपुस्तक वितरण योजना, गणवेष वितरण योजना, साइकिलवितरण योजना, मध्यान्ह भोजन वितरण योजना, एवं अनेक प्रकार की छात्रवृति योजनाओं का क्रियान्वयन किया गया जिसमे बच्चे षाला में नामांकित होकर अपनी प्रारंभिक षिक्षा पूर्ण कर सकें। प्राथमिक शालाओं में नामांकन की स्थिति जानने हेतु यह लघु अवधि शोध किया गया है।

बच्चें के लिए अनिवार्य व निषुल्क षिक्षा के अधिकार को सुनिष्चित करने के लए मध्यप्रदेष षासन द्वारा सर्वषिक्षा अभियान के अंतर्गत विभिन्न योजनाओं को क्रियान्वयन किया गया। इसके उपरांत भी, षासकीय प्राथमिक षालाओं में विद्यार्थियों के नामांकन में गिरावट हो रही है, अत: नामांकन में गिरावट के कारणों का अध्ययन करने के लिए षोध की आवष्यकता महसूस हुई। इस शोध अध्ययन का उद्देश्य षासकीय प्राथमिक षालाओं में नामांकन में गिरावट के कारणों का अध्ययन करना रखा गया । इसमें न्यादर्श के रूप में भोपाल जिले की 25 शालाओं (फन्दा शहर नया त्र 8, फन्दा शहर पुराना त्र 4, फन्दा ग्रामीण त्र 7, बैरसिया त्र 5) को न्यादर्ष के रूप में चिन्हित किया गया है। साथ ही लगभग 33 पालको से साक्षात्कार के आधार पर जानकारी एकत्र की गई। प्रस्तुत शोध में सर्वेक्षण अनुसंधान विधि का उपयोग किया गया है। इसमें उपकरण के रूप में जानकारी संकलन प्रपत्र का निर्माण किया गया । इसके अतिरिक्त प्रधानाध्यापक/शिक्षक एवं पालको के लिये साक्षात्कार प्रपत्र का निमार्ण किया गया । चयनित शालाओ मे नामांकन की स्थिति जानने के लिए व्ही. ई. आर. के आधार पर बच्चो की जनसंख्या एकत्र की गई तथा प्रत्येक चयनित शाला से कक्षा 1 सें 5 तक दर्ज बच्चो की संख्या सत्र 2011-2012. 2012-2013. 2013-2014 के अनुसार एकत्र की गई साथ ही प्रधानाध्यापको से साक्षात्कार के आधार पर जानकारी एकत्र की गई। फील्ड नोट के आधार पर भौतिक एंव शैक्षिक परिदृष्यो का अवलोकन किया गया। इस प्रकार प्राप्त जानकारी सकलित कर उसका विश्लेषण किया गया ।

अध्ययन में पाया गया कि -

सत्र 2012-13 से 2014-15 तक शासकीय प्राथमिक शालाओं की संख्या में 1.9 प्रतिषत की कमी रही है, जबकि अषासकीय प्राथमिक शालाओं की संख्या में 19.70 प्रतिषत की वृद्वि हो रही है। शासकीय शालाओं की अपेक्षा अषासकीय शालाओं में नामांकन में प्रत्येक सत्र में वृद्वि हो रही है इससे यह स्पष्ट होता है कि पालकों का रूझान अपने बच्चों का नामांकन अषासकीय शालाओं में करवाने में ज्यादा है।

सत्र 2012-13 से सत्र 2014-15 तक तक शासकीय प्राथमिक शालाओं में नामांकन में 4.3 प्रतिषत की गिरावट परिलक्षित हुई। अषासकीय प्राथमिक शालाओं में बच्चों के नामांकन में 30.5 प्रतिषत की वृद्धि परिलक्षित हुई। सत्र 2012-13 से लेकर 2014-15 तक कक्षा 1, 2 और 04 तक प्रत्येक सत्र में षासकीय प्राथमिक षालाओं में बच्चों के नामांकन में

गिरावट पाई गई। सत्र 2012–13 से सत्र 2013–14 में कक्षा 5 में चयनित षासकीय प्राथमिक षालाओं के बच्चों के नामांकन में वृद्वि पाई गई, तथा पुनः सत्र 2014–15 में बच्चों के नामांकन में गिरावट पाई गई ।

सत्र 2012–13 से सत्र 2013–14 में कक्षा 3 में चयनित षासकीय प्राथमिक षालाओं के बच्चों के नामांकन में कमी दिखाई दे रही है, जो पुनः सत्र 2014–15 में बच्चेां के नामांकन में सत्र 2013–14 की अपेक्षा वृद्वि दिखाई दे रही है। शासकीय प्राथमिक शालाओं में कक्षा 1 से 5 तक विगत तीन सत्रों से निरंतर नामांकन में कमी हो रही है, जबकि सत्र 2013–14 में कक्षा 5 में वृद्वि का कारण अषासकीय प्राथमिक शालाओं की मान्यता न होने से शासकीय शालाओं में बच्चे का नामांकन कराना है।

सत्र 2012–13 से सत्र 2014–15 तक षासकीय प्राथमिक विद्यालयों में सामान्य वर्ग के विद्यार्थियों के नामांकन में निरंतर गिरावट हो रही है । सत्र 2012–13 से सत्र 2014–15 तक षासकीय प्राथमिक विद्यालयों में अनुसूचित जाति के विद्यार्थियों के नामांकन में निरंतर गिरावट हो रही है । जबकि षासकीय प्राथमिक विद्यालयों में अनुसूचित जनजाति के विद्यार्थियों के नामांकन में वृद्वि हो रही है और सत्र 2014–15 में पुनः बिरावट दिखाई दे रही है। षासकीय प्राथमिक विद्यालयों में पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों के नामांकन में वृद्वि हो रही है और सत्र 2014–15 में पुनः गिरावट दिखाई दे रही है।

सत्र 2012–13, 2013–14 एवं 2014–15 में चयनित शासकीय प्राथमिक शालाओं में बालकों का नामांकन बालिकाओं से ज्यादा है। शासकीय प्राथमिक शालाओं में बालकों एवं बालिकाओं के नामांकन में निरंतर गिरावट हो रही है । शासकीय विद्यार्थियों में बालिकाओं का नामांकन बालको से अधिक है। अषासकीय शालाओं में बालकों का नामांकन बालिकाओं से अधिक है। सत्र 2012–13 से सत्र 2014–15 तक अषासकीय प्राथमिक विद्यालयों में बालक बालिकाओ के नामांकन में निरंतर वृद्धि परिलक्षित हुई ।

सत्र 2012–13 से सत्र 2014–15 तक शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र की शासकीय प्राथमिक शालाओं में विद्यार्थियों के नामांकन में निरंतर गिरावट परिलक्षित हो रही है। जबकि शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र की अषासकीय प्राथमिक शालाओं में विद्यार्थियों के नामांकन में निरंतर वृद्धि परिलक्षित हो रही है।

शासकीय प्राथमिक शालाओं कै भौतिक परिदृष्य में शालाओं में वर्तमान में नामांकन के अनुरूप उपलब्ध भौतिक सुविधाएॅ में शौचालय, बाउण्ड्रीवाल एवं सफाईकर्मी को कमी के अतिरिक्त अन्य कोई कारण स्पष्ट रूप से परिलक्षित नहीं हुआ जिसमें शालाओं में नामांकन में गिरावट हो रही है। प्रदत्तो के संकलन के दौरान शासकीय एवं अषासकीय प्राथमिक शालाओं में उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं के अवलोकन उपरांत यह अनुभव किया कि उपलब्ध सुविधाओं के प्रबंधन, सुरक्षा एवं रखरखाव के प्रति शासकीय शाला में पदस्थ षिक्षको का दृष्टिकोण नकारात्मक है जबकि अषासकीय शालाओं के षिक्षकों का दृष्टिकोण सकारात्मक है।

अषासकीय शालाओं के भौतिक परिदृष्य में शालाओं में नामांकन के अनुरूप शाला भवन, शाला परिसर की स्वच्छता पेयजल, शौचालय, बाउण्ड्रीवाल , खेल मैदान आदि सुविधाओं की उपलब्धता अधिकांष शालाओं में है। बल्कि 22 प्रतिषत अषासकीय शालाओं में नामांकन के अनुरूप प्रत्येक बच्चे के बैठने हेतु पर्याप्त स्थान नहीं है। 18 प्रतिषत शालाओं के कक्षों में पर्याप्त हवा एवं प्रकाष नहीं है। न ही शासन द्वारा संचालित योजनाओ का लाभ दिया जा रहा है इसके पश्चात भी अषासकीय शालाओं के नामांकन में विगत तीन वर्षो में वृद्धि हो रही है।

चयनित शासकीय प्राथमिक शालाओं 83 प्रतिषत त्ज्म् छवतउे के अनुसार पर्याप्त षिक्षक है। 90 प्रतिषत शासकीय

